मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.3 | 19.8 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 17.4 |
| डालटनगंज | 32.1 | 16.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● मंगलवार, 21 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 213 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- दक्षिणी गाजा में इस्राइल के हमले से 42 लोगों की मौत
- गाजा के शिफा अस्पताल से निकाले गए बच्चे मिस्र पहुंचे
- भारतवंशी के राजेश अग्रवाल लीसेस्टर ईस्ट से लड़ेंगे चुनाव
- दक्षिणपंथी हावियर मिलई बनेंगे अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति

**नेशनल**
- भाजपा के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंची आम आदमी पार्टी
- मणिपुर में गोलीबारी में दो मरे, कांगपोकपी बंद की घोषणा
- गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ एनआईए ने दर्ज किया केस
- अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में माधुरी दीक्षित होंगी सम्मानित

**स्टेट**
- बाबूलाल मरांडी फोबिया से ग्रसित है झामुमो : प्रतुल
- बराकर नदी के छठ घाट में डूबकर युवक की मौत
- महुदा में पिकअप वैन की चपेट में आकर दो की मौत
- विश्व बाल दिवस पर नीले प्रकाश से रोशन हुआ राजभवन

**स्पोर्ट्स**
- भारतीय खिलाड़ियों ने आईटीएफ में क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए
- रिकॉर्ड सातवीं बार जोकोविच ने जीता एटीपी का खिताब
- सर्बिया ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई
- विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में छह भारतीय भी शामिल

## किसने क्या कहा

- लोगों को यह मत महसूस कराओ कि उनका खून सस्ता है — **उमर अब्दुल्ला**
- तेलंगाना में 'परिवारवाद' को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए — **नितिन गडकरी**
- जहां कांग्रेस होगी, वहां भ्रष्टाचार एवं अत्याचार होगा — **जेपी नड्डा**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57600 |
| चांदी (किलो) | 74000 |

## ब्रीफ खबरें

### दिसंबर में ही जारी हो सकता है मॉडल सेट पेपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट का मॉडल प्रश्न पत्र को लेकर अपडेट दिया है. जानकारी के अनुसार, झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) ने मॉडल पेपर तैयार कर लिया है और जैक को सौंप दिया है. संभवतः मॉडल सेट पेपर दिसंबर में जारी हो जाएगा. मैट्रिक व इंटर परीक्षा 2024 को देखते हुए जैक में तेजी से काम हो रहा है. इससे पहले फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा की जा चुकी है. फॉर्म 16 नवंबर से 2 दिसंबर तक भरा जाएगा. वहीं जैक ने परीक्षा तिथियों की भी घोषणा कर दी है, जो 6 से 26 फरवरी तक चलेगी.

### कोल्हान विवि के प्रोवीसी बने डॉ राजेंद्र भारती

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के आठवें कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती बनाए गए हैं. रविवार को तत्कालीन कुलसचिव डॉ जयंत शेखर का कार्यकाल खत्म हो गया. इसके बाद रविवार को ही आयुक्त सह कुलपति मनोज कुमार के आदेश पर विवश्वविद्यालय में नये कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने योगदान दे दिया. विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने डॉ भारती का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. योगदान देने के पश्चात डॉ भारती ने कहा कि विश्वविद्यालय की कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा. राजभवन ने जिस उम्मीद से हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा. आने वाले दिनों में बेहतर से बेहतर कार्य करने तथा सरकार के गाइडलाइनल का पालन करने का प्रयास करूंगा.

## स्टाफ की कमी से कराह रहे सचिवालय और अन्य सरकारी कार्यालय

# बचे हैं सिर्फ 37% बाबू




रवि भारती। रांची

झारखंड का सरकारी मैनेजमेंट सिस्टम बेपटरी होता नजर आ रहा है. वजह है कि राज्य में सरकारी अफसरों सहित कर्मियों की संख्या में भारी कमी आ गई है. इस साल अब तक सचिवालय सहित राज्यभर के अन्य सरकारी कार्यालयों में कार्यरत 3500 अफसर-कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं. कर्मचारियों की कमी से 7500 से अधिक फाइलें डंप हो गई हैं. फाइल मूवमेंट भी तेजी से नहीं हो पा रहा है. हैरान करने वाली बात यह है कि सचिवालय सहित राज्यभर के सरकारी कार्यालयों में सिर्फ 37 फीसदी ही कर्मचारी बचे हैं. इसकी वजह नई नियुक्तियों का नहीं होना बताया जा रहा है. राज्य में सूरतेहाल ये है कि नई नियुक्तियों के नहीं होने से सरकारी कार्यालयों में 61 फीसदी पर रिक्त पड़े हैं. इस हिसाब से 2.87 लाख पद रिक्त हैं. जबकि सरकारी विभागों में 4.66 लाख पद स्वीकृत हैं. इसमें सिर्फ 1.79 लाख अफसर-कर्मचारी ही कार्यरत हैं. खास बात यह है कि कार्यरत कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य भत्तों पर सालाना 17400 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं.

### हाल बेहाल

साल भर में **3500** अफसर-कर्मचारी हो गए रिटायर

डंप हो गई हैं **7500** फाइलें

**2.87** लाख पद खाली

### सचिवालय में सेक्शन अफसर के 600 पद खाली

सचिवालय सेवा का भी कैडर मैनेजमेंट चरमराया हुआ है. सेक्शन ऑफिसर के 657 स्वीकृत पद हैं. इसमें से 600 पद खाली पड़े हैं. प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस, सीएम सचिवालय, महाधिवक्ता कार्यालय, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग, खाद्य सुरक्षा आयोग, पांचों कमिश्नरी सहित अन्य को मिला कर कुल 657 सेक्शन हैं.

### सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों का ब्योरा

| विभाग | पद | कार्यरत | खाली पद | विभाग | पद | कार्यरत | खाली पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक शिक्षा | 82841 | 9021 | 73820 | गृह | 139734 | 76162 | 63572 |
| प्राथमिक शिक्षा | 181706 | 41682 | 140024 | उद्योग | 2034 | 390 | 1644 |
| जल संसाधन | 10832 | 4032 | 6800 | पीआरडी | 255 | 115 | 140 |
| योजना विकास | 933 | 275 | 658 | श्रम नियोजन | 4711 | 1002 | 3709 |
| पेयजल | 3351 | 2061 | 1290 | कार्मिक | 532 | 295 | 237 |
| कृषि | 5316 | 1355 | 3961 | तकनीकी शिक्षा | 1292 | 477 | 815 |
| पशुपालन | 3274 | 1621 | 1653 | स्टांप व निबंधन | 211 | 180 | 31 |
| सहकारिता | 3801 | 674 | 3127 | आपदा प्रबंधन | 161 | 78 | 83 |
| मत्स्य | 441 | 153 | 288 | भू-राजस्व | 11078 | 6738 | 4340 |
| डेयरी | 283 | 93 | 190 | पथ निर्माण | 3601 | 1654 | 1947 |
| स्कूली शिक्षा | 128 | 36 | 92 | ग्रामीण विकास | 6419 | 2940 | 3209 |
| राजभाषा | 556 | 214 | 342 | सूचना प्रावैधिकी | 44 | 13 | 31 |
| जेपीएससी | 64 | 45 | 19 | पर्यटन | 153 | 28 | 125 |
| भवन निर्माण | 1749 | 497 | 1252 | परिवहन | 237 | 137 | 100 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 431 | 269 | 162 | नगर विकास | 75 | 51 | 24 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 134 | 106 | 28 | आवास | 08 | 07 | 01 |
| मंत्रिमंडल निगरानी | 595 | 389 | 206 | लघु सिंचाई | 2176 | 900 | 1276 |
| नागर विमानन | 19 | 10 | 09 | कल्याण | 4914 | 1849 | 3965 |
| राज्यपाल सचिवालय | 149 | 119 | 30 | कला संस्कृति | 712 | 171 | 541 |
| उत्पाद | 1225 | 351 | 874 | ग्रामीण कार्य | 3647 | 1777 | 1870 |
| वित्त विभाग | 1102 | 279 | 823 | पंचायती राज | 5934 | 1958 | 3076 |
| सांख्यिक वित्त | 31 | 05 | 26 | समाज कल्याण | 3847 | 1836 | 2011 |
| राष्ट्रीय बचत | 119 | 20 | 99 | विधि | 7276 | 5890 | 1386 |
| वाणिज्यकर | 1165 | 462 | 703 | हाइकोर्ट | 1823 | 892 | 931 |
| खाद्य आपूर्ति | 1238 | 331 | 907 | खान भूतत्व | 827 | 300 | 527 |
| वन पर्यावरण | 7545 | 3595 | 3950 | संसदीय कार्य | 23 | 22 | 01 |
| स्वास्थ्य | 22658 | 8346 | 14312 | विधानसभा | 1021 | 936 | 85 |
| उच्च शिक्षा | 67 | 38 | 29 | | | | |

### राज्य सेवा के 305 पद खाली

राज्य प्रशासिनक सेवा के अफसरों की भी भारी कमी है. 60 अंचलों में सीओ नहीं हैं. वहां बीडीओ को सीओ का प्रभार सौंप काम चलाया जा रहा है. राज्य सेवा में अवर सचिव के 138, डिप्टी सेक्रेटरी के 153, संयुक्त सचिव के 04, अपर सचिव के 01 और विशेष सचिव के 09 पद रिक्त हैं.

### सहा. प्रशाखा पदाधिकारी की कमी

सचिवालय सेवा के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 1313 पद स्वीकृत हैं. इसमें 708 सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ही कार्यरत हैं. इसी तरह सचिवालय सेवा में अवर सचिव के स्वीकृत 328 पदों में से 58 पद रिक्त हैं. उपसचिव के 54 स्वीकृत पदों में से 10 पद और संयुक्त सचिव के 23 स्वीकृत पदों में से 10 पद रिक्त हैं.

### आईएएस कैडर के भी 40 पद खाली पड़े हैं

आइएएस कैडर में भी अफसरों की काफी कमी है. झारखंड में आइएएस के कुल स्वीकृत पदों की संख्या 224 है, जिसमें 184 अफसर ही कार्यरत हैं. इस हिसाब से आइएएस के 40 पद रिक्त हैं. एक अफसर के पास एक से अधिक प्रभार हैं.

## मोनोपोली युग

**सुरजीत सिंह**

किसी भी देश का मध्यम वर्ग अगर छोटा हो जाए, तो क्या होगा? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है. इतिहास में एक जवाब है. यूनानी दार्शनिक अरस्तू ने हजारों साल पहले (384 ईसा पूर्व) कहा था: किसी भी देश का नियंत्रण बड़े मध्य वर्ग के हाथ में होना चाहिए. निम्न या उच्च वर्ग के हाथ में नहीं होना चाहिए. अगर मध्य वर्ग कमजोर होता है, तो सरकारें लोकलुभावन हो जाएंगी. टैक्स का पैसा निम्न वर्ग के बीच बांटा जाने लगेगा. क्योंकि ज्यादा वोट निम्न वर्ग (गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोग या थोड़े ऊपर) का होगा. और सरकारें निम्न वर्ग के वोट से ही बनेंगी. पैसे और पूंजी पर कुछ लोगों का एकाधिकार हो जाएगा और सरकारों का उत्पीड़क होने का खतरा बढ़ जाएगा. इसलिए मध्य वर्ग का आकार कम होना, किसी भी देश के लिए ठीक नहीं है. इस सिद्धांत पर अगर आज अपने देश की स्थिति को समझने की कोशिश करें, तो इसके लिए कुछ तथ्यों को जानना जरूरी है. हाल ही में इंडस वैली और ब्लूम की एक रिपोर्ट आयी है. जिसमें भारत की अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने से लेकर तमाम तरह के आंकड़े हैं.

**कुछ आंकड़े भारत में सिमटते मध्य वर्ग को लेकर हैं :** देश की आबादी करीब 142 करोड़ है. इसके तीन प्रतिशत लोग सुपर स्पेंडर (खूब खर्च करने वाला) हैं. यही तीन प्रतिशत आबादी फोन भी खरीदती है, कपड़ा भी खरीदती है, जूता भी खरीदती है और गाड़ी व घर भी. सारी महंगी चीजें. इससे नीचे पांच प्रतिशत लोग हैं, जिनके खर्च करने की क्षमता औसत है. इसके नीचे के लोगों की पहुंच से तमाम चीजें बाहर होती जा रही हैं. यही कारण है कि हाल के दिनों में ऐसी रिपोर्ट आयी है, जिसमें कहा गया है कि महंगी गाड़ियां (15 लाख से ऊपर की) खूब बिक रही हैं. महंगे घर (50 लाख से ऊपर के) ज्यादा बिक रहे हैं. गौर करने वाली बात है कि मारुति सुजुकी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने पिछले दिनों कहा था कि भारत में छोटी कारों का बाजार खत्म हो रहा है.

### सेल ग्रोथ 2019-22 (ब्रांड व बढ़ोतरी का प्रतिशत)

| | | |
|---|---|---|
| कपड़ा | वी मार्ट (14%) | जारा (18%) |
| सौंदर्य प्रशाधन | एचयूएल (10 %) | फॉरेस्ट एसेंसियल (12%) |
| फुटवियर | रिलैक्सो (05%) | ब्रिकेंस्टोन इंडिया (187%) |
| कार | मारुति सुजुकी (01%) | बीएमडब्यू (05%) |
| दो पहिया वाहन | हीरो मोटाकॉर्प (05%) | रॉयल एनफील्ड (16%) |

इन बातों को समझने के लिए एक और आंकड़ा है, जिस पर गौर किया जाना जरूरी है. इससे चीजें और स्पष्ट हो जाती हैं. ये आंकड़े भी यही पुष्टि करते हैं कि अमीरी एक छोटे से समूह के पास ही है.

**मध्यम वर्ग खत्म होने को है और निम्न वर्ग बढ़ा है :**

- *जोमैटो, स्वीगी आदि पर ऑर्डर करने वाले पांच प्रतिशत लोग ही 33 प्रतिशत ऑर्डर करते हैं.*
- *हवाई यात्रा करने वाले एक प्रतिशत लोग ही 45 प्रतिशत यात्रा करते हैं.*
- *देश की कुल आय का 22 प्रतिशत एक प्रतिशत लोगों के पास है.*
- *यूपीआई से ट्रांजैक्शन करने वाले कुल लोगों में 6.5 प्रतिशत लोग ही 44 प्रतिशत ट्रांजैक्शन करते हैं.*

**क्या है खतरा :** इस बात से कोई इनकार नहीं है कि पिछले 20 सालों में देश की जीडीपी में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. करीब छह गुणा की. लेकिन जिस तरह गरीब बढ़ रहे हैं और मध्य वर्ग सिमट रहा है, वह नए खतरे का आगाज कर रहा है.अंदेशा है कि हम एकाधिकार के युग में प्रवेश कर रहे हैं. जीडीपी में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका अधिकांश हिस्सा देश के करीब दो-तीन लाख परिवारों की संपत्ति व आय के रूप में है. गौर से देखें तो इनमें कुछ आपके आस-पास भी दिख जाएंगे. थोड़ी गहराई से देखने से पता चलता है कि ये वही लोग हैं, जिनका किसी ना किसी क्षेत्र में एकाधिकार है. चाहे शिक्षा के क्षेत्र में, बाजार-दुकान के क्षेत्र में, उद्योग के क्षेत्र में, कांट्रेक्ट के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में या किसी अन्य क्षेत्र में. अगर कुछ भी नया हो रहा है, तो सबसे पहले इनके पास ही चीजें पहुंच रही हैं. लाभान्वित भी यही लोग हो रहे हैं. साफ दिख रहा है कि एकाधिकार बढ़ रहा है. हर तरह के बिजनेस में मोनोपोली. दूसरी तरफ मास मार्केट (ज्यादा लोगों के लिए) गायब हो रहा है और महंगे सामानों (पैसे वाले लोगों के लिए) की मांग बढ़ रही है. एक नया बाजार बढ़ रहा है. यह बाजार सुपर स्पेंडर (ज्यादा खर्च करने वाले लोगों) का है. मास मार्केट के लिए सामान बनाने वाली कंपनियों की आय कम हो रही है और सुपर स्पेंडर के लिए सामान बनाने वाली कंपनी की आय बढ़ रही है. मध्यम वर्ग खत्म हो रहा है और गरीबों की संख्या बढ़ रही है, इसे आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस घोषणा से भी समझ सकते हैं, जिसमें उन्होंने देश के 80 करोड़ लोगों को अगले पांच साल तक मुफ्त अनाज देने की घोषणा की. कुल मिलाकर अभी जो स्थिति है, उसमें साफ दिख रहा है कि एकाधिकार बढ़ रहा है, लोकलुभावन सरकारें बन रही हैं और मध्यम वर्ग खत्म हो रहा है. इस स्थिति में हम सरकार के उत्पीड़क होने के खतरे से बाहर नहीं हो सकते.

देश के लोगों के पास उपलब्ध संपन्नता के संसाधनों की बात करें तब भी यही बात सामने आती है कि कुछ खास लोगों के पास ही अधिकांश सुविधाएं हैं.

| | |
|---|---|
| कार | 8% |
| एसी-कूलर | 24 % |
| फ्रीज | 38 % |
| टीवी | 67 % |
| मोबाइल | 93 % |
| बैंक में खाता | 96 % |

# मानगो के दो घरों का ताला तोड़ 10 लाख के जेवरात की चोरी

संवाददाता। जमशेदपुर

### खास बातें
- शादी के लिए जेवरात खरीद कर रखे हुए थे, 60 हजार नकद भी भी ले गए चोर

शहर में रविवार की रात दो घरों में और सोमवार को मानगो के दो घरों का ताला तोड़ कर चोरी कर ली गई. पहली घटना उलीडीह के महावीर कॉलोनी के उदय सिंह के घर में घटी. उदय परिवार संग छठ पूजा करने सपरिवार डिमना लेक गए थे. लेक से अर्घ्य देकर लौटे तो घर का दरवाजा खुला था. चोर ताला तोड़ कर अंदर घुसे और आलमीरा के साथ-साथ बॉक्स पलंग को तोड़ नगद और सारे जेवरात ले फरार हो गए. उदय ने बताया कि दो दिन बाद घर पर छोटे भाई की सगाई है. 10 लाख के जेवरात एवं 60 हजार नकद की चोरी हुई है. पड़ोसी के घर पर भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन घटना को अंजाम नहीं दे पाए. इसके एक माह पूर्व भी चोरी की घटना हुई थी, जिसका पुलिस ने अब तक खुलासा नहीं किया है.

## अब जंगल नहीं, फैक्ट्री में कोयला जमा कर हेराफेरी

# तस्करों ने कोयला तस्करी का ट्रेंड बदला



संवाददाता। निरसा

### वसूली में दलाल सक्रिय, फेंके गए पैसे उठाते हैं

साईकिल व बाईक से कोयला सप्लाई करनेवालों से वसूली में दलाल लोग भी सक्रिय रहते हैं. वे सड़क किनारे या जगह-जगह खड़े रहते हैं. वहां से गुजरने वाले साईकिल व बाईक सवार छोटे कोयला सप्लायरों द्वारा द्वारा फेंके गए पैसे जमा करते हैं. शाम में पैसे का मिलान होता है और उसे कई हिस्सों में बांटा जाता है. इसमें से एक मोटी रकम पुलिस प्रशासन के लिए भी तय होती है, जो उसे साप्ताहिक या मंथली पहुंचा दिया जाता है.

निरसा विधानसभा क्षेत्र में कोयला तस्कर कोयले के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे हैं. इससे कोल इंडिया को प्रतिदिन लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है. बतातें चलें कि वर्तमान समय में कोयला तस्करों ने तस्करी का ट्रेंड बदल दिया है. कोयला तस्कर पहले जंगलों में कोयला जमा कर दूसरी जगहों (बिहार-यूपी की मंडियों में) सप्लाई किया करते थे. परंतु अब कोयला आधारित फैक्ट्री का इस्तेमाल कर रहे हैं. पहले कोयला तस्करी कर खपाने का खेल लाखों में हुआ करता था, परंतु अब यह अवैध कारोबार करोड़ों का हो चुका है. ऐसा भी नहीं है कि पुलिस को निरसा, कालू बथान व मैथन से अवैध कोयला कारोबार का पता नहीं है. - शेष पेज 10 पर

## मिशन : 2024

## बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक एलायंस (राजग) और महागठबंधन का एजेंडा तय

# अगड़ा बनाम पिछड़ा के नाम रहेगा लोकसभा चुनाव

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

बिहार में 2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा लगभग तय है. एनडीए हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और पीएम मोदी के चेहरे पर चुनाव मैदान में उतरेगा. वहीं, महागठबंधन नीतीश कुमार के नेतृत्व में आरक्षण के शस्त्र के साथ चुनाव फतह की तैयारी में है. इस तरह तय है कि बिहार में लोकसभा चुनाव अगड़ा बनाम पिछड़ा ही होगा.

असल में महागठबंधन ने एनडीए को टक्कर देने के लिए अपनी सियासी रणनीति पहले ही तैयार कर ली थी. बिहार में जातीय गणना उसी रणनीति का अहम् हिस्सा है. जातीय गणना और उसके आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाना, महागठबंधन का ऐसा अस्त्र है, जिसका भाजपा के पास फिलहाल तो कोई जवाब ही नहीं है. न चाहते हुए भी आरक्षण के नए दायरे का समर्थन करना भाजपा की विवशता थी. इसलिए आरक्षण संशोधन बिल बिहार विधानमंडल में सर्वसम्मति से पारित हो गया. इधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर अपने पुराने साथियों को साथ लाने की कवायद में जुट गए हैं. चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने हाल में ही उपेंद्र कुशवाहा से फोन पर बातचीत की है. बातचीत का विषय क्या था, यह तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन सियासी गलियारे में अटकलों का बाजार गर्म है. अटकलें लगायी जा रही है कि उपेंद्र कुशवाहा की जदयू में फिर वापसी हो सकती है.

जानकारों का कहना है कि एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर उपेंद्र कुशवाहा असहज महसूस कर रहे हैं. दरअसल उपेंद्र के एनडीए में शामिल होने के कुछ ही दिन बाद सम्राट चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया. इससे उपेंद्र कुशवाहा को बड़ा झटका लगा. उपेंद्र कुशवाहा भाजपा में भले ही नहीं हैं, लेकिन उन्हें कुशवाहा वोटों पर पकड़ होने के कारण ही तरजीह मिलती रही है. लेकिन, सम्राट चौधरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद उन्हें अपना प्रतिद्वंद्वी महसूस कर रहे हैं. उन्हें लगने लगा है कि शायद अब उन्हें अब पहले की तरह तरजीह नहीं मिलेगी और सीट शेयरिंग में भी उन्हें झटका लग सकता है. उन्हें उनके मानमापिक सीटें नहीं मिल सकेंगी. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसलिए उपेंद्र कुशवाहा में एनडीए फोल्डर से बाहर निकलने की कसमसाहट है. हालांकि फिलहाल वे वेट एंड वाच की स्थिति में हैं और आंक रहे हैं कि किस फोल्डर में रहने पर उन्हें लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटें मिल सकती हैं.

### उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा को लेकर अटकलों का बाजार गर्म



#### नीतीश इस सियासी प्रकरण पर नजर बनाये हुए हैं

नीतीश कुमार नजर बनाये हुए हैं और इसका लाभ उठाना चाहते हैं. नीतीश की मंशा यह भी है कि पिछड़े - अति पिछड़े वोटों का बिखराव न हो. नीतीश को लगता है कि उपेंद्र कुशवाहा जब उनके साथ होंगे, तो कुशवाहा वोटों का ध्रुवीकरण उनके पक्ष में होगा. लेकिन इसमें मतभेद झलकता है. मसलन कुशवाहा लोस की 4 सीटें काराकाट, सुपौल, जहानाबाद और मुंगेर खुद चाहते हैं. विश्लेषकों का मानना है कि कुशवाहा की स्थिति अब पहले वाली नहीं रही. एनडीए में रहते काराकाट भले ही अपने लिए प्राप्त कर लें, लेकिन अन्य तीन सीटें उनको मिलेंगी ही, यह असंभव है. उधर जदयू में जाने पर मुंगेर उनके कोटे में जा ही नहीं सकता, क्योंकि वहां से पार्टी के अध्यक्ष ललन सिंह सांसद हैं. हालांकि कुशवाहा को लेकर तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं है, लेकिन एनडीए छोड़ जदयू में जाने को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है.

## जामताड़ा के पलाश के जंगल में हो गया बड़ा हादसा

# हाथियों के झुंड ने दादा-पोती को कुचला, मौत

संवाददाता। जामताड़ा



### ग्रामीण आक्रोशित
- दोनों शव हाथियों के झुंड के बीच में काफी देर फंसा रहा
- 25-30 हाथियों के झुंड ने जंगल में डेरा जमा रखा है

नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनखंजो जोरिया के समीप पलाश के जंगल में सोमवार को दोपहर बाद 3:30 बजे जगंली हाथियों के झुंड के कुचलने से दादा-पोती की मौत हो गई. मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के फुलझरिया पंचायतन्तर्गत कुरियाद निवासी 55 वर्षीय जैनुल अंसारी और उनकी छह साल की पोती नाजिश खातून के रूप में हुई है.

ये दोनों दादा-पोती अपने गांव से हाथी देखने आए थे. इस बीच, पोती ने अपने दादा से जिद कर नजदीक से हाथी देखने की गुजारिश की. इसके बाद दादा अपने कंधे पर बैठा कर पोती को हाथी के नजदीक से देखने पहुंच गए. इसी क्रम में हाथियों के झुंड के बीच में दोनों दादा-पोती फंस गए. गुस्साए हाथियों ने कुचल कर दोनों को मार डाला. हाथियों के झुंड को सुरक्षित जिले से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू टीम नहीं पहुंची थी. काफी कम संख्या में वन विभाग के कर्मी मौजूद थे, जो भीड़ को नियंत्रित नहीं कर पाए और यह हादसा हुआ. सोमवार की देर शाम को जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर दादा-पोती की मौत पर चिंता जाहिर की. इस संबंध में वन प्रमंडल जामताड़ा के रेंजर रामचन्द्र पासवान ने कहा कि लगभग 25 से 30 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड जंगल में डेरा डाल रखा है. फिलहाल जामताड़ा जिले की सीमा पर छाताबाद गांव में हाथियों के झुंड ने शरण ले रखी है.

इस झुंड ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनखंजो गांव पहुंचने के दौरान खेतों में लगे धान के फसल को भी अपने पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया है. घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी है. ग्रामीणों में इसको लेकर काफी गुस्सा है.

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने खुदिया नदी के घाट पर लगाई आध्यात्मिक प्रदर्शनी

# विश्वविद्यालय की बहनों ने छठ की महत्ता पर प्रकाश डाला

संवाददाता ।निरसा



निरसा के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से छठ महापर्व के अवसर पर, खुदिया नदी के घाट पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाई गई. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने छठ पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस धरती पर प्रकृति के पांचो तत्वों और सूर्य देव का अति श्रेष्ठ अवदान है.

सूर्य देव समय के साथ हर प्रकार की सुख सुविधा, फल, फूल, सब्जी, जल, हवा एवं प्रकाश इत्यादि बिना किसी स्वार्थ के नियमित रूप से प्रदान कर मानव को जीवन देते हैं, अतः उनका आभार प्रकट करने के लिए यह पर्व मनाया जाता है, हम सभी सूर्यास्त एवं सूर्योदय के समय अर्घ देते हैं और अपने हृदय की गहराई से उनका सम्मान करते हैं और साथ ही शुद्ध, सात्विक और संपूर्ण विधि पूर्वक प्रसाद बनाते हैं, पवित्रता का पालन करते हैं, जो हमें देवत्व की और ले जाता है. ऐसे पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लेते हैं कि न केवल इन दो-तीन दिनों के लिए परंतु सदा प्रकृति के प्रति ऐसे ही आभारी रहेंगे और अपने जीवन की अनुशासन और पवित्रता को कायम रखते हुए धरती को स्वर्ग बनाएंगे.

### खास बातें

- बिना किसी स्वार्थ मानव को जीवन देते हैं सूर्य देव
- सूर्य देव का आभार प्रकट करने के लिए मानाया जाता है छठ

### शांति, सुख व प्यार के सागर हैं सूर्य

शांति के सागर, सुख के सागर, प्यार के सागर और सर्वशक्तिमान हैं सूर्य, उनसे अपने बुद्धि का योग जोड़कर अर्थात राजयोग मेडिटेशन द्वारा हम शांति, सुख-समृद्धि, शक्ति, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त सकते हैं, यहीं छठ महापर्व का आध्यात्मिक रहस्य है. इस प्रदर्शनी में अनेक आत्माओं को परमात्म संदेश दिया गया. प्रदर्शनी में मुख्य रूप से बीके जया दीदी, बीके ज्योति बहन, बीके शांति बहन, अनन्या बहन, डॉ अवंतिका, शिवचंद्र भाई, जवाहर भाई, विश्वजीत भाई, और सुजीत भाई शामिल थे.

## आपकी बात



> अगर मन एकाग्र और इच्छा शक्ति मजबूत हो, तो दिव्यांगता आपकी कामयाबी के राह में कभी बाधा नहीं बन सकती हैं.

नाम : सुनील कुमार
पद : सामाजिक कार्यकर्ता
जन्मस्थल : समस्तीपुर, बिहार
कार्य क्षेत्र : रामगढ़, झारखंड

दिव्यांग सुनील कुमार आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है. अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति की बदौलत सुनील ने 50 प्रतिशत दिव्यांगता को भी बौना साबित कर दिया और कर्तव्यनिष्ठा की राह पर हमेशा बढ़ते रहे. वह बचपन से दिव्यांग नहीं थे. पांच वर्ष की आयु में अचानक पोलियो का उनके शरीर पर आघात पड़ा. परिजनों ने ग्रामीण क्षेत्र व जागरूकता की कमी के कारण झाड़ फूंक व नीम-हकीम का सहारा लिया. लेकिन, कोई सुधार नहीं होता देख सुनील की माता प्रीतम देवी व पिता राजेंद्र मिस्त्री ने छठ मैया से मन्नत मांगी ओर दूसरे ही दिन से ही धीरे-धीरे शारिरिक क्रिया बेहतर होने के संकेत मिलने लगे. यही कारण है कि तब से लेकर आज तक पूरे परिवार के लोग छठ महापर्व धूमधाम से मनाते हैं. अपनी प्रबल इच्छा शक्ति एवं जीवन में कुछ नया कुछ करने की चाहत के कारण सुनील ने पहले लाइट डेकोरेशन कार्य की शुरुवात की. तत्पश्चात, टेंपो चालक से टेंपो मालिक बने. इतना ही नहीं, सुनील ने दिव्यांग क्रिकेट में ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हुए राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेला और कई टूर्नामेंटों में कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को कई खिताब दिलाए. वाणिज्य विषय स्नातक तक की डिग्री हासिल करने वाले सुनील कुमार का मानना है कि अगर इच्छा शक्ति मजबूत हो, तो दिव्यांगता आपके मार्ग में कभी भी बाधा नहीं बन सकती है. सुनील को सामाजिक कार्यों में बेहतर योगदान के लिए कई अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है. सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की बदौलत उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी नॉमिनेट किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### मुखिया ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत खैरबनी पंचायत के मुखिया सुरेंद्र नाथ हेंब्रम ने रविवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया. 28 नवंबर को पंचायत सचिवालय में आयोजित होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी ग्रामीणों को दी. भीतर आमदा में मुखिया सुरेंद्रनाथ हेंब्रम और ग्राम प्रधान गुरु देव हेंब्रम के साथ आपकी योजना आपकी सरकार द्वारा योजना को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की. जिसमें सरकार के जन कल्याणकारी योजनाएं लाभ लेने के ग्रामीणों को जागरूक किया गया. आबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलों जानो आशीर्वाद अभियान, आदि के संबंध में जानकारी दी गई.

### रूपुषकुंडी विद्यालय की शिक्षिका का निधन

**चाकुलिया ।** चाकुलिया प्रखंड के रूपुषकुंडी मध्य विद्यालय की सहायक अध्यापिका (पारा शिक्षिका) दुहिता नायक 45 का विगत रात्रि निधन हो गया. इससे शौक की लहर है. शाम 7 बजे वे अपने घर में एकाएक गिर गयी थीं. इलाज के लिए उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया. रास्ते में दम तोड़ दिया. बताया जाता है कि वे लंबे समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित थीं. उनका इलाज चल रहा था एवम स्वस्थ्य लाभ कर रही थीं. परिवार में पति, तीन बेटी समेत भरा परिवार छोड़ कर चली गई हैं. सूचना पाकर सोमवार की सुबह विधायक समीर कुमार मोहंती समेत अनेक शिक्षक और गण्यमान लोग उनके आवास पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दिया.

केयू की कमियों को दूर कर सरकार की गाइडलाइन का पालन करने का संकल्प

# कुलसचिव डॉ राजेंद्र ने दिया योगदान

संवाददाता । चाईबासा



कोल्हान विश्वविद्यालय के आठवें कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती बनाए गए हैं. रविवार को तत्कालीन कुलसचिव डॉ जयंत शेखर का कार्यकाल खत्म हो गया. इसके बाद रविवार को ही आयुक्त सह कुलपति मनोज कुमार के आदेश पर विवश्वविद्यालय में नये कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने योगदान दिया. विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने डॉ भारती का गुलदस्ता देकर स्वागत किया.

योगदान देने के पश्चात डॉ भारती ने कहा कि विश्वविद्यालय की कमियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा. राजभवन ने जिस उम्मीद से हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा. आने वाले दिनों में बेहतर से बेहतर कार्य करने तथा सरकार के गाइडलाइनल का पालन करने का प्रयास करूंगा. मालूम हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय फिलहाल अवकाश चल रहा है. लेकिन उच्च पदाधिकार के आदेश पर एक दिन कार्यालय को खोल कर कुलसचिव ने योगदान दिया.

आगामी 23 नवंबर से विश्वविद्यालय खुलेगा. इधर, नये कुलसचिव की योगदान के पश्चात शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में काफी हर्ष है. दरअसल डॉ राजेंद्र भारती टीचर एसोशिएशन कोल्हान यूनिर्वसिर्टी (टाकू) अध्यक्ष व महामंत्री पद पर लंबे समय से रह चुके है. जिसके कारण सारी समस्याओं से अवगत भी है.

### राजभवन के आदेश को ईमानदारी से निभाऊंगा

> राजभवन की ओर से जो आदेश मिला है उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा. कोल्हान विश्वविद्यालय को आगे लेकर जाना हर पदाधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी की जिम्मेदारी है. टीम भावना से कार्य किया जायेगा. कुलाधिपति व कुलपति के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला. इसके लिये आभार व्यक्त करता हूं.
>
> डॉ राजेंद्र भारती, नये कुलसचिव, कोल्हान विश्वविद्यालय

### खास बातें

- रविवार को डॉ जयंत शेखर का कार्यकाल खत्म हुआ
- पदाधिकारियों ने डॉ भारती का गुलदस्ता देकर स्वागत किया

### कोल्हान विश्वविद्यालय में अबतक बने कुलसचिव

| नाम | कार्यकाल |
|---|---|
| डॉ एसएस रजी | 11 सितंबर 2009 से 28 जनवरी 2011 |
| प्रो अजय कुमार उपाध्याय | 28 जनवरी 2011 से 30 अक्टूबर 2011 |
| डॉ केसी डे | 1 जनवरी 2011 से 24 अगस्त 2013 |
| डॉ डीएन महतो | 24 अगस्त 2013 से 15 सितंबर 2014 |
| डॉ एससी दास | 17 सितंबर 2014 से 28 जून 2017 |
| डॉ एसएन सिंह | 29 जून 2017 से 16 सितंबर 2020 |
| डॉ जयंत शेखर | 19 सितंबर 2020 से 18 सितंबर 2023 |
| डॉ राजेंद्र भारती | 9 सितंबर 2023 से अबतक |

### टाकू का अध्यक्ष पद से इस्तीफा डीन पद पर बने रहेंगे

वर्तमान कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती ने टाकू (टीचर एसोसिएशन कोल्हान यूनिर्वसिटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. डॉ भारती लंबे समय से एसोसिएशन से जुड़े हैं. 2012 से लेकर 2021 तक महामंत्री रहे चुके हैं, जबकि 2021 से अब तक अध्यक्ष हैं. कुलसचिव की अधिसूचना जारी होने के पश्चात उन्होंने टाकू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया. टाकू के चुनाव में निर्वाचित होने के पश्चात ही उन्हें यह पद मिला था. इधर, सोशल साइंस डीन के पद पर डॉ भारती बने रहेंगे. मालूम हो राजभवन ने जब तक कोल्हान विश्वविद्यालय में नियमित कुलसचिव की नियुक्ति नहीं होती है तब तक कुलसचिव के पद पर बने रहने का आदेश दिया है.

# वेतनमान को लेकर 91 दिनों से धरने पर बैठे हैं पारा शिक्षक

संवाददाता ।रांची

झारखंड के टेट पास पारा शिक्षक वेतनमान को लेकर पिछले 91 दिनों से धरना पर बैठे हैं. इन टेट पास पारा शिक्षकों की संख्या पूरे झारखंड में 14042 है. 24 जिलों के टेट पास पारा शिक्षकों ने आपस में तय किया है कि हर दिन 24 में से किसी एक जिला के पारा शिक्षक धरना देने रांची के राजभवन आएंगे. पारा शिक्षकों ने 21 अक्टूबर को राजद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया, वहीं 11 नवंबर को जेएमएम कार्यालय के बाहर धरना दिया था. समय समय पर पारा शिक्षक अपनी नाराजगी दर्शाते रहे हैं, लेकिन उनको आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है. उन्होंने दूर्गा पूजा, दिवाली और छठ जैसे पर्व पर भी अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा. पारा शिक्षकों का कहना है कि जब तक इनकी मांग को नहीं माना जाएगा तब तक वह धरना से नहीं उठेंगे. पारा शिक्षकों ने ये भी बताया कि वे सता पक्ष के कई विधायकों समेत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिल चुके हैं, उन्होंने कहा है कि मामला संज्ञान में है.

### खास बातें

- राज्य में टेट पास पारा शिक्षकों की संख्या 14042 है
- सीएम हेमंत सोरेन से भी मिल चुके हैं टेट पास पारा शिक्षक

### जुलाई में सीएम आवास घेरने निकले थे

बीते जुलाई महीने में टेट पास पारा शिक्षक अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले थे. सबसे पहले वह मोराहबादी मैदान में एकजुट हुए थे फिर लगभग 1000 की संख्या में जुलुस के रुप में आगे बढ़े. हालांकि मोराहबादी टीओपी के सामने रांची पुलिस ने उन्हें बेरिकेडिंग कर रोक दिया था. जिसके बाद पारा शिक्षकों ने वहां नारे बाजी की. जिसके बाद कुछ लोगों को मुख्यमंत्री सचिवालय बुलाया गया जहां मुख्यमंत्री के सचिव से उनकी बात हुई जिसके बाद उन्होंने अपना घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया था.

क्लासिफाइड













# ईश्वरीय विवि में गोपाष्टमी पर अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता।रांची

हरमू रोड चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में गोपाष्टमी पर अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया. मौके पर केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि गीता के भगवान शिव अवतरित होते हैं तो वह एक "रूद्र गीता ज्ञान यज्ञ" अथवा मनुष्य.गौशाला खोलते हैं, जिसमें समर्पित मनुष्यात्मा रूपी गऊओं का लालन-पालन व ज्ञानामृत पिलाकर अथवा ज्ञान रूपी घास-पात खिलाकर करते हैं और "कामधेनू" के समान परोपकारी बनाते हैं. उन्होंने कहा कि "गोपाल'''' नाम ब्रह्मा तन में अलौकिक जन्म लेने वाले पुनर्जन्मरहित परमात्मा शिव का है. भगवान शिव से ईश्वरीय ज्ञान के अति गुह्य और गोपिओं के रहस्यों को सुनने वाले उन सौभाग्य शाली नर-नारियों को ही 'गोप और गोपियां कहा गया है. इनके परमपिता अथवा गोपी वल्लभ भगवान शिव ही हैं. श्रीकृष्ण तो देहधारी देवता थे, उन्हें परमात्मा नहीं विश्व महाराज कुनार कहते हैं, इसी प्रकार गोकुल नाम परमात्मा शिव की प्रजापिता ब्रह्मामुखबंशावली गोप-गोपियों के सच्चे ब्रह्माण कुल मनुष्यात्मा रूपी गऊओं के कुल या सम्प्रदाय का ही है. उसी प्रकार "मुरली" अथवा बंसी नाम भगवान शिव के ब्रह्मामुख कमल से सुनाये जाने वाले ब्रह्माण्ड और सृष्टि के आदि मध्य-अन्त के सत्यज्ञान अथवा गीता ज्ञान का ही है.

अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस: बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने मन मोहा

संदीप कुमार प्रसाद ।नोवामुंडी



नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के हिरजीहाटिंग दुर्गा मंडप के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हिरजीहाटिंग ग्राम संगठन गुवा के द्वारा आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं में 10 साल से लेकर 15 साल तक के बच्चों के लिए चित्रकला बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान अनुराग नायक, द्वितीय नीलू महतो तथा तृतीय स्थान में रश्मिता मिश्रा ने हासिल किया. वहीं 5 साल से 10 साल तक के बच्चों के लिए चित्रकला में प्रथम प्राची पिंगुवा, द्वितीय दृष्टि भेंगरा तथा तृतीय आशा तांती रही. 3 साल से लेकर 5 साल तक के बच्चों के लिए बिस्कुट रेस में प्रथम स्थान राज रजवार और द्वितीय स्थान हर्ष गोप ने हासिल किया. 3 साल से 5 साल तक के बच्चों के लिए चॉकलेट रेस में प्रथम आदि बुकरू, द्वितीय रोहित मिश्रा तथा तृतीय में हर्ष गोप रहे. वहीं लड़कियों के लिए 10 साल से 15 साल तक के बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम निकिता महतो, द्वितीय भूमि गोप तथा तृतीय एंजेल भेंगरा रहीं. 7 से 10 साल तक के बच्चों के लिए चॉकलेट रेस में प्रथम आदित्य किंदो, द्वितीय स्नेहलता नायक तथा तृतीय पिंकी तिर्की रहीं. सुई धागा रेस में प्रथम स्नेहलता नायक, द्वितीय नीतू महतो तथा तृतीय पिंकी तिर्की रहीं. 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए चॉकलेट रेस में प्रथम आकाशी गोप, द्वितीय जानू तथा तृतीय अनुप्रिया गोप रही. वही तीन से पांच साल तक के बालक के लिए चॉकलेट रेस में प्रथम आदित्य किंडे, द्वितीय स्नेहलता नायक तथा तृतीय पिंकी तिर्की रहीं. 7 साल से 10 साल तक के बच्चों के लिए बोरा रेस में प्रथम अनुराग नायक, द्वितीय आयुष मोदी तथा तृतीय ईशान नायक रहा. 100 मीटर रेस में प्रथम सुधीर मिंज, द्वितीय कृष्ण लोहरा तथा तृतीय कुंदन मौर्या रहा. महिलाओं के लिए हांडी फोड़ में प्रथम स्थान मार्शा चातर रही.

### खास बातें

- विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा
- विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

बीबीएमकेयू दीपावली और छठ के बाद लंबी छुट्टियों का दौर समाप्त

# 12 दिनों बाद आज से खुलेंगे विवि व कॉलेज

संवाददाता ।धनबाद



दीपावली से लेकर छठ पर्व के 12 दिनों की लंबी छुट्टी के बाद मंगलवार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) एवं उसके अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेज खुल जाएंगे. इसी के साथ ही लंबी छुट्टियों का दौर समाप्त हो जाएगा. अब विश्वविद्यालय 27 नवंबर को गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस के लिए एक-एक दिन की छुट्टी रहेगी. बीबीएमकेयू एडमिशन सेल के द्वारा विभिन्न अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक (यूजी) नामांकन के फेज-5 और स्नातकोत्तर (पीजी) नामांकन के फेज-2 के लिए 9 से 19 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गए थे. मंगलवार को कॉलेज खुलने के साथ ही फिर से यूजी और पीजी में नामांकन की दौड़ शुरू होगी.

### खास बातें

- फाइनेंस ऑफिसर की नियुक्ति के प्रयास होंगे तेज
- यूजी और पीजी में नामांकन की दौड़ होगी शुरू

### वेतन भुगतान होने की संभावना

वेतन के बिना दीपावली से लेकर छठ बिताने के बाद अब बीबीएमकेयू व कॉलेजों के शिक्षक व सभी कर्मियों को वेतन मिलने की संभावना है. बीबीएमकेयू के रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय खुलते ही फाइनेंस ऑफिसर (एफओ) की नियुक्ति को लेकर राजभवन को पुन: पत्र लिखा जाएगा. एफओ की नियुक्ति के बाद सभी का वेतन जारी कर दिया जाएगा.

# बीबीए के मृत छात्र को 20 लाख मुआवजा देने की मांग

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर के कुलूपटांगा छठ घाट के निकट खरकई नदी में डूबने से आदित्यपुर-2, रोड नंबर- 11 निवासी 22 वर्षीय बीबीए के छात्र कुंदन शुक्ला के निधन से पूरा कॉलोनी मर्माहत है. आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आदित्यपुर ने एक होनहार बेटा खो दिया है.

इस घटना से पूरे आदित्यपुर में शोक की लहर है. उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा आदित्यपुर स्वर्गीय कुंदन शुक्ला के परिवार के साथ खड़ा है. राज्य सरकार से स्वर्गीय कुंदन शुक्ला के पिता पुजारी रवींद्र शुक्ला की दयनीय आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली 4 लाख की राशि के अतिरिक्त 20 लाख रुपये मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है.



जिला प्रशासन के लोगों से मांग करते पुरेंद्र.

### मुख्यमंत्री ने पत्नी संग राजधानी के हटनिया तालाब में दिया अर्घ्य, राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# छठ जैसे महापर्व में फासले मिट जाते हैं : हेमंत सोरेन

**विशेष संवाददाता।रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि छठ जैसे महापर्व में फासले मिट जाते हैं. यह बात उन्होंने सोमवार को हटनिया तालाब में अर्घ्य अर्पण करने के बाद संवाददाताओं से कही. इस दौरान उन्होंने छठी मइया से राज्य की उन्नति और राज्यवासियों की सुख -समृद्धि, खुशहाली, शांति और निरोग जीवन की प्रार्थना की.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पत्नी कल्पना सोरेन और अन्य परिजनों के साथ हटनिया तालाब में भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचे थे. मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और दोनों पुत्रों के साथ हटनिया तालाब घाट पर एक आम श्रद्धालु के रूप में हजारों श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे. उन्होंने यहां न्यू पुलिस लाइन निवासी और दैनिक मजदूरी करने वाले मनोज शाह की धर्मपत्नी और व्रतधारी अलका देवी तथा रेस्टोरेंट में वेटर का काम करने वाले मनोज कुमार की धर्मपत्नी अनिता देवी (व्रतधारी) के परिजनों के साथ अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रतधारी का आशीर्वाद लिया.

**खास बातें**

- अर्घ्य अर्पित कर व्रतधारियों का आशीर्वाद लिया
- आम और खास सभी पवित्रता के बंधन में बध जाते हैं



**भक्ति भाव में हर कोई समाहित हो जाता है**

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भास्कर को समर्पित लोक आस्था और उपासना के महापर्व छठ की महिमा ऐसी है कि श्रद्धा और भक्ति- भाव में हर कोई समाहित हो जाता है। आम हो या खास, सभी पवित्रता के बंधन में बंध जाते हैं. उन्होंने कहा कि असीम आस्था, पवित्रता, आत्मानुशासन, स्वच्छता और प्रकृति पूजा का प्रतीक है यह महापर्व. मुख्यमंत्री ने कहा कि महापर्व छठ की अलौकिक परंपरा निभाने की संस्कृति सदियों से चली आ रही है. इस महापर्व में सभी तरह के फासले मिट जाते हैं. छठी मइया के लिए हर कोई समर्पित भाव से अपनी सेवा देता है. व्रतधारी 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर भगवान भास्कर की उपासना करते हैं. यह महापर्व असीम आस्था, पवित्रता, आत्मानुशासन, स्वच्छता और प्रकृति पूजा का प्रतीक है.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

1. किसी भी प्रत्याशी को अगर संसद का चुनाव लड़ना है तो उसकी न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए? उत्तर- 25 साल.
2. किस संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में प्रस्तावना के दो शब्द समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष को जोड़ा गया है? उत्तर- 42वें.
3. भारतीय संविधान के किस भाग में नीति निर्देशक तत्वों का वर्णन किया गया है? उत्तर- चतुर्थ भाग.
4. जज (जस्टिस) शब्द किस भाषा से लिया गया है? उत्तर- लैटिन.
5. किस समिति के द्वारा पंचायत समिति का गठन किया जाता है? उत्तर- खंड स्तर पर.
6. उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसने दार्शनिक राजा का सिद्धांत प्रतिपादित किया था? उत्तर- प्लेटो ने.
7. वर्तमान महासचिव संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कौन हैं? उत्तर- एंटोनियो गुटेरेस.
8. समाजवाद का संबंध किस देश के श्रेणी से हैं. उत्तर- ब्रिटेन.
9. उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसने राज्य की उत्पत्ति का दैवीय सिद्धांत प्रतिपादित किया था? उत्तर- जेम्स प्रथम ने.
10. कौन मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति करता है? उत्तर- राष्ट्रपति।

## ब्रीफ खबरें

### बॉलीवुड सिंगर जावेद अली करेंगे परफॉर्म

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. 22 और 23 नवंबर को कई कार्यक्रम आयोजित होंगे. 22 नवंबर को जहां उत्कृष्ट विधायक सम्मान समारोह होगा, वहीं 23 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर जावेद अली प्रस्तुति देंगे. इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सभी मंत्री और पक्ष-विपक्ष के विधायक मौजूद रहेंगे.वहीं विधानसभा के अधिकारी व कर्मियों के साथ-साथ शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया. वहीं 10वीं 12वीं बोर्ड के टॉपर और चंद्रयान मिशन से जुड़े झारखंड के तीन वैज्ञानिकों को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा.

### कतरास में होगा गोपाष्टमी का आयोजन : विधायक

**कतरास।** यहां नौ दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. यह जानकारी सोमवार को गंगा गौशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गौशाला के संरक्षक व विधायक ढुल्लू महतो दी. नौ दिवसीय महोत्सव के पहले दिन सोमवार को भव्य गौ पूजन किया गया. 21 नवम्बर को दोपहर 12.30 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो सूर्य मंदिर नदी किनारे कतरास से पावन धरती श्री गंगा गौशाला कतरास तक पहुंचेगी. साथ ही अपराह्न तीन बजे से कथा वाचक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा जो प्रतिदिन 27 नवम्बर तक चलेगा. 28 नवम्बर को पूर्णाहुति एवं भण्डारा का आयोजन होगा.

### बरही विधायक ने भी छठ पर दिया अर्घ्य

**बरही।** छठ पूजा के अवसर पर बरही के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को जल व दूध से अर्घ्य दिया. पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का लंबा उपवास तोड़ा. वहीं, विजया छठ घाट पर विधायक उमाशंकर अकेला एवं बरहीडीह प्राचीन छठ घाट पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सूर्यदेव को अर्घ्य देकर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की. इसके अलावा विभिन्न छठ घाटों पर जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूजा समिति के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो. क्यूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया मो. शमशेर आलम, भाजपा नेता राजकुमार केशरी उपस्थित थे.

### सारंडा में रोजगार के लिए ग्रामीण करेंगे आंदोलन

**किरीबुरु।** सेल की गुआ, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं चिड़िया खदान से प्रभावित सारंडा के गांवों के बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर सारंडा के ग्रामीणों पुनः आंदोलन करेंगे. सेल की गुआ की राजाबुरु खदान में कार्यरत करीब 35 युवकों को कुछ माह पूर्व काम से हटाने से नाराज ग्रामीण व बेरोजगार युवकों ने गुआ प्रबंधन के खिलाफ पूर्व जिला परिषद सदस्य बामिया माझी के नेतृत्व में बैठक की. युवकों ने छोटानागरा पंचायत की मुखिया मुन्नी देवगम से भी मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं. बामिया माझी ने कहा कि सारंडा में नक्सल समस्या बढ़ने लगी है, वहीं सेल की गुआ समेत तमाम खदान प्रबंधन प्रभावित गांव के बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे रही है.

### सुरंग हादसे की पूरी जानकारी लेकर ही बयानबाजी करें तो बेहतर

# बाबूलाल को काम-धाम नहीं एकांतवास की जरूरत : सुप्रियो

**विशेष संवाददाता ।रांची**

उत्तरकाशी निर्माणाधीन सुरंग हादसे में बाबूलाल मरांडी के बयान पर झामुमो ने तिखी प्रतिक्रिया जाहिर किया है. कहा गया कि बाबूलाल मरांडी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है. लगता है कि उन्हें कोई धाम-धाम नहीं बचा है, इसलिए उन्हें अब एकांतवास में जाने की जरूरत है. वे कहें तो सरकार इसकी व्यवस्था करा देगी. ये बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कही,

भट्टाचार्य ने कहा कि चाल धंसने के बाद 41 मजूदरों में झारखंड के सबसे अधिक 15 मजदूर वहां दबे हैं.जैसे ही इसकी जानकारी सरकार को मिली, दूसरे ही दिन वहां वरिष्ठ आईएएस भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक टीम रवाना हो गयी, जो वहां दिन-रात डटकर मुकाबला कर रही है. पल-पल की जानकारी राज्य सरकार और सीएम ले रहे हैं. इसके बाद भी बाबूलाल हेमंत सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगा रहे हैं.

सुप्रियो ने कहा- अजीब बात है, उन्हें हर चीज में राजनीति नजर आती है. अगर उन्हें और उनकी पार्टी की केंद्र सरकार को जरा सी भी मजदूरों और गरीबों की चिंता होती तो यह सवाल केंद्र सरकार से करना चाहिए, जहां पर केंद्र सरकार अपने उद्यमी मित्रों के लिए कई प्रोजेक्ट पर बिना कोई सुरक्षा उपाय के काम शुरू करवा दे रही है.

हाल के वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुईं हैं. सेना के जवान तक लापता हो गए. सिक्किम में तो डैम ही बह गया. यह सीधे तौर पर केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट था.केंद्र में किसकी सरकार है, उत्तराखंड में किसकी सरकार है. अगर बाबूलाल संवदेशनील होते तो वे केंद्र और वहां की सरकार से बात करते, खुद घटनास्थल पर जाते.



**खास बातें**

- बिना सुरक्षा उपाय के ही काम शुरू करा रही केंद्र सरकार
- सिक्किम में तो डैम ही बह गया, जो केंद्र का प्रोजेक्ट था
- आईएएस अधिकारी के नेतृत्व में मुस्तैद है झारखंड की टीम

**पीएम मोदी जी क्यों नहीं गए घटनास्थल पर?**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हाल के दिनों में केंद्र सरकार के कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट जो केवल मोदी सरकार के परम उद्यमी मित्रों के लिए शुरू किया गया. जिसमें बड़े-बड़े हादसे हुए. कई मजदूर काल के गाल में समा गए, सैनिक तक लापता हो गए. अगर उत्तरकांशी प्रोजेक्ट की बात करें तो इतने बड़े प्रोजेक्ट में किसी घटना के बाद मजदूर कैसे निकलेंगे, इसके लिए एक एक्जिट प्वाइंट तक नहीं बनाया गया. मोदी जी को वर्ल्ड कप मैच देखने की फुर्सत है, मगर घटना स्थल पर जाने की नहीं. मणिपुर में इतना बड़ा कांड हो जाने के बाद मोदी जी वहां जाना उचित नहीं समझे. बाबूलाल जी को तेलगांना जाने का समय है, पर उत्तराकाशी नहीं और यहां बैठकर मामले को पैनिक कर रहे हैं.

**सीएम का निर्देश, मजदूरों का बेहतर अस्पताल में इलाज कराया जाए**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का सख्त निर्देश है कि जैसे ही हमारे झारखंड के फंसे मजदूर रेस्क्यू के बाद बाहर आते हैं, उन्हें फौरन वहां के बेहतर अस्पताल में इलाज कराया जाए. इसके लिए पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है. राज्य सरकार इस मामले को लेकर काफी संवेदनशील है. बाबूलाल मरांडी को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है. कुछ करना है तो केंद्र सरकार और वहां की राज्य सरकार से बात करें. खुद वहां जाएं.

**भाजपा में ही सबसे अधिक घुसपैठिए**

झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार बने तो पाकुड़ में एनआरसी लागू करेंगे. भट्टाचार्य ने कहा कि पहले तो एनआरसी प्रदेश भाजपा में लागू करने की जरूरत है. जहां हर अहम पद पर घुसपैठी काबिज हो चुके हैं. प्रदेश अध्यक्ष घुसपैठी, नेता प्रतिपक्ष घुसपैठी, पार्टी सचेतक घुसपैठी हैं.

# बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है झामुमो : प्रतुल

**संवाददाता।रांची**

भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप सूंघ जाता है. दरअसल यह बांग्लादेशी मुसलमान और रोहिंग्या मुसलमान का समर्थन करने वाली पार्टी है. तभी यह नहीं चाहती कि अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का पूरा हिस्सा झारखंड के मुसलमान को मिले. बल्कि झामुमो तो ऐसा चाहता है कि स्थानीय मुसलमान के हिस्से की भी मुस्लिम घुसपैठिये लूट कर ले जाएं. प्रतुल ने कहा कि संथाल परगना में लगातार मुस्लिम घुसपैठिए आदिवासी बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसा कर स्थानीय निकाय और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं. फिर भी झामुमो उनकी वकालत कर अपना आदिवासी विरोधी चेहरा दिखा रहा है.



**झामुमो नेताओं के चेहरे के रंग उड़े :** प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की लोकप्रियता से झामुमो के नेताओं के चेहरे के रंग उड़ गए हैं. पूरा झामुमो बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है. पहले विपक्ष के नेता के पद पर आसीन नहीं होने दिया और अब मर्यादाहीन बयानबाजी कर अपनी खींज निकाल रहे हैं. प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में बाबूलाल मरांडी की स्वच्छ और विकास पुरुष की छवि से जनता प्रभावित रहती है.

ऐसी छवि झामुमो के किसी नेता की दूर-दूर तक नहीं है. बल्कि उन्होंने तो 4 साल तक लूट का रिकॉर्ड कायम किया है. प्रतुल ने कहा ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को सोते जागते ,खाते पीते सिर्फ बाबूलाल का डर सताता है. क्योंकि बाबूलाल मरांडी ने अनेक बार पब्लिक फोरम से कहा है कि उनकी सरकार जब भी आएगी तो इन 4 वर्षों में भ्रष्टाचार करने वाले नेताओं को जेल भेजा जाएगा. प्रतुल ने कहा कि 2024 में लाल कोठी में बड़े पैमाने पर सत्ताधारी दलों के नेताओं के लिए रहने की व्यवस्था करने की आवश्यकता होगी.

### राष्ट्रपति आज दिखाएंगी तीन ट्रेनों को हरी झंडी

**जमशेदपुर ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को ओडिशा के बारीपदा पहुंचीं. यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी साथ ही मंगलवार को बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन का दौरा करेंगी और तीन नई रेलगाड़ियों (बादामपहाड़-टाटानगर मेमू, बादामपहाड़-राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस और बादामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाएंगी. राष्ट्रपति अमृत भारत योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के बादामपहाड़ स्टेशन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास भी करेंगी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे. इस दिन महामहिम ट्रेन में बादामपहाड़ से रायरंगपुर तक यात्रा भी करेंगी. बता दें कि यह स्टेशन राष्ट्रपति के गृह जिला मयूरभंज में पड़ता है. इधर, राष्ट्रपति के पहुंचने पर बारीपदा एयरपोर्ट पर राज्यपाल रघुवर दास ने उनका स्वागत किया.

# पत्नी कल्पना का बोकारो में इलाज कराकर रांची लौटे हेमंत



बोकारो हवाई अड्डे पर सीएम हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी कल्पना सोरेन.

**संवाददाता।बोकारो**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार की दोपहर हेलीकॉप्टर से बोकारो पहुंचे. बोकारो हवाई अड्डे पर जिले के डीसी, एसपी समेत अन्य आला अधिकारियों ने सीएम सीएम व उनकी पत्नी का स्वागत गुलदस्ता भेंटकर किया. हालांकि, इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों को जाने की इजाजत नहीं दी गई. सीएम के बोकारो दौरे की वजह साफ नहीं है. लेकिन, सूत्रों के मुताबिक वह अपने परिवार के डॉक्टर अभय कुमार सिन्हा से पत्नी के दांतों का इलाज कराने आए हुए थे. एयरपोर्ट से वह सीधे बोकारो की को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित डॉ. सिन्हा के क्लिनिक में पहुंचे और पत्नी का इलाज कराया. इसके बाद शाम में सड़क मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान कर गए.

### रांची में कोल जतरा का हुआ आयोजन, अध्यक्ष ने कहा-

# आदिवासी की पहचान भाषा और संस्कृति

**संवाददाता ।रांची**

रांची में सोमवार को चडरी मौजा में चडरी सरना समिति के बैनर तले ऐतिहासिक कोल जतरा का आयोजन किया गया. गांव घर की खुशहाली बने रहे इसके लिए गुड़ पाहन द्वारा रंगुवा मुर्गी की बलि दी गई. खोड़हा मंडली, पांपरिक नृत्य नाच गान करते हुए चडरी से पुरानी पुलिस लाइन से होते हुए नगर निगम जतरा स्थल पहुंचे.

सभी धार्मिक अगुवा लोगों को सरना वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश मुंडा ने कहा कि आदिवासी की पहचान संस्कृति हासा भाषा,रिति -रिवाज से होती है.इसलिए परंपरागत व्यवस्था को बरकरार रखने की जरूरत है. शाम में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन किया गया.



**15 साल पहले बड़े स्तर पर लगता था जतरा :** स्थानीय लोगों ने बताया कि चडरी तालाब के सामने बड़े स्तर पर जतरा का आयोजन होता था. जतरा ट्रैकर स्टेंड के पास लगता था. लेकिन जमीन कारोबारियों ने जतरास्थल की जमीन बेच दी.जिसके कारण आज सड़क पर जतरा लग रहा है.यहां पर 15 साल पहले छउ नृत्य भी लाया जाता था. इसे देखने के लिए सैकड़ों गांव के लोग बस से आते थे.ढोल नगाड़े के साथ सैकड़ों खोड़हा पहुंचते थे.लेकिन आज कोल जतरा की जमीन खत्म हो गई.

### वार्षिक सम्मेलन में मुंडाओं का महाजुटान, एकजुट होने का लिया संकल्प

# मुंडा संस्कृति समृद्ध, संरक्षित करें : सत्यनारायण

**संवाददाता ।रांची**

रांची के अरगोड़ा फुटबॉल मैदान में एकदिवसीय वार्षिक सम्मेलन में हजारों मुंडाओं का महाजुटान हुआ . गुवारी दुरंग ( मुंडारी गीत) के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई. मुख्य अतिथि के रुप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. सत्यनारायण मुंडा शामिल हुए. उन्होंने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुंडा संस्कृति पुरानी एवं समृद्ध संस्कृति है.इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि मुंडाओं को एकजुट होने की जरूरत है. इसके लिए सभी को आगे आना होगा.तभी हम अपने समाज की संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं.



**सम्मेलन में ये शामिल हुए**

सम्मेलन में नवीन मुंडु ,पूर्व पार्षद सविता कुजूर, ईश्वर दत्त कांडुलना, डॉक्टर मार्शल लुगुन, कमला टूटी, बेंजामिन बिलकन डांग,प्रभु सहाय सांगा ,डॉ. तनुजा मुंडा, डॉक्टर सिजरेन सुरीन,सुखराम पाहन, दिव्या ज्योति कंडीर और सुभाष कोनगाड़ी शामिल थे.

**होड़ोपैथी को लिपिबद्ध करने की जरूरत**

हमें सर्वाइवल ऑफ ह्यूमन सोसाइटी पर गहन विचार विमर्श करने की आवश्यकता है .सोशल फॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने की आवश्यकता है. मुंडा समाज की संस्कृति और ऐतिहासिक चीजों की रक्षा के लिए युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है. होड़ोपैथी को लिपिबद्ध करने की आवश्यकता है .क्योंकि इसके द्वारा ही हमरे प्राचीन जीवन दर्शन को संरक्षित किया गया है. बोकारो स्टील के निदेशक रानी टोप्पो ने कहा कि मुंडा भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की जरूरत है .तभी इनकी भाषा एवं साहित्य के विकास में बढ़ावा मिल सकता है.

### चांडिल | जंक्शन को अमृत भारत योजना में शामिल करने के लिए आभार जताएंगे

# रेल मंत्री अश्विनी का भाजपा करेगी अभिनंदन

**संवाददाता । चांडिल**

भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार को चांडिल पहुंचेंगे. इस दौरान आद्रा रेल मंडल के अधिकारियों के अलावा स्थानीय सांसद संजय सेठ व भाजपा नेता व कार्यकर्ता रेल मंत्री का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन करेंगे. इसकी जानकारी देते हुए आद्रा रेल मंडल के डीआरयूसीसी मेंबर दिवाकर सिंह ने बताया कि ओडिशा के रायरंगपुर से वापस रांची लौटने के क्रम में दिन के 12 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव चांडिल में कुछ देर के लिए रूकेंगे. इस दौरान चांडिल जंक्शन स्टेशन पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता रेल मंत्री का भव्य अभिनंदन करेंगे और चांडिल स्टेशन पर नजर रखने के लिए आभार जताएंगे.




**भाड़ा वृद्धि वापस लेने की मांग:** भाजपा नेता व कार्यकर्ता सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में चांडिल जंक्शन स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने पर आभार जताएंगे. वहीं स्टेशन में आधुनिक सुविधाएं देने, टाटा- गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू करने, वंदे भारत ट्रेन का ठहराव चांडिल में करने, कोरोना काल के दौरान बंद सभी ट्रेनों को फिर से शुरू करने पर रेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन करेंगे. वहीं दूसरी ओर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र की जनता कोरोना काल के दौरान पैसेंजर ट्रनों में एक्सप्रेस का टैग लगाकर किए गए भाड़ा वृद्धि को वापस लेने की मांग कर रहे हैं. भाड़ा वृद्धि किए जाने से क्षेत्र के गरीब मजदूर, किसान और सबसे अधिक विद्यार्थी वर्ग को परेशानी हो रही है. ट्रेन से कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को इससे आर्थिक नुकसान हो रहा है.

**खास बातें**

- वंदे भारत ट्रेन का चांडिल में ठहराव के लिए आभार जताएंगे
- कोरोना काल में की गई भाड़ा वृद्धि वापस लेने की मांग की

### भारतीय एकता कमेटी ने पूजन सामग्री वितरित की

**रांची।** भारती एकता कमेटी की ओर से महापर्व छठ के अवसर पर सहायता प्रदान की गई. कमेटी ने व्रतियों की सुविधा के लिये कमेटी स्थित कार्यालय में रविवार एवं सोमवार को दूध, फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया. मौके पर कमेटी के सदस्यों ने शिविर लगने से पूर्व क्षेत्र के छठ पूजा करने वालों को पूजन सामग्री कैंप में बांटे जाने की सूचना दी थी. इस तरह छठव्रतियों ने समय पर कैंप में पहुंच कर पूजन सामग्री प्राप्त की. जानकारी दी गई कि आनेवाले वर्षों में भी कमेटी की ओर से छठ व्रतियों को और भी सहायता दी जाएगी. मौके पर कमेटी अध्यक्ष मुलाम मुस्तफा, मो नेसार, रामेश्वर राम, एलियस कच्छप सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# राज्यपाल रघुवर व केंद्रीय मंत्री अर्जुन से मिले डॉ. दिनेश षाड़गी



**संवाददाता । बहरागोड़ा**

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का सड़क मार्ग से ओडिशा जाने के क्रम में बहरागोड़ा स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर दिनेश षाड़ंगी ने मुलाकात की. उन्होंने राज्यपाल को गुलदस्ता और तारापद चेरिटेबल ट्रस्ट का कैलेंडर व सोहराय की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया. साथ ही भारत सरकार के मंत्री अर्जुन मुंडा को ओडिशा में कुलियाना अवस्थित एकलव्य विद्यालय का उद्घाटन समारोह में भाग लेने जाने के क्रम में गुलदस्ता व कैलेंडर एवं फोटो देकर स्वागत किया. इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, सुमन कल्याण मंडल, मिंटू पाल, हुकूम महतो, विजय दत्त ,जगन्नाथ नायेक दिनेश घोष आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### शराब दुकान में दुकानदार व ग्राहक के बीच मारपीट

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र के मैन रोड स्थित अनुज्ञप्ति प्राप्त विदेशी शराब दुकान में सोमवार की देर शाम शराब विक्रेता और ग्राहक में मारपीट हो गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि कथित तौर पर ग्राहक जब शराब की दुकान में शराब लेने पहुंचा तो दुकानदार के द्वारा प्रिंट रेट से अधिक दाम मांगा गया. जिसे ग्राहक ने देने से इनकार कर दिया. ग्राहक के इनकार करते ही दुकानदार उग्र हो गया और ग्राहक पर भड़क गया. बात तू-तू, मैं-मैं से बढ़कर मारपीट तक पहुंच गई.

### नम आंखों से लोगों ने दी लाल को विदाई

**आदित्यपुर ।** रविवार को कुलुपटांगा घाट के निकट खरकई नदी में डूबे कुंदन शुक्ला का शव सोमवार को जैसे ही उसके घर पहुंचा परिजन दहाड़ मारकर बिलखने लगे. सबसे बुरा हाल कुंदन की मां और बहनों का था. वहीं कॉलोनी वासियों की भी आंखें नम थी. इधर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, गम्हरिया अंचलाधिकारी गिरेन्द्र टूटी ने मौके पर पहुंच शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया.

### कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी की जयंती मनायी

**चाईबासा ।** देश के प्रथम पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती रविवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में मनाई गई. कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला. सभी कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा इंदिरा जी, आप-सा कोई नहीं देश की राजनीति में पहली बार पुरुष वर्चस्व को चुनौती, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स की समाप्ति, चीन के मुखर विरोध के बावजूद सिक्किम का भारतीय गणराज्य में विलय कराया.

### बच्चों के बीच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नोवामुंडी ।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के हिरजीहाटिंग दुर्गा मंडप के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हिरजीहाटिंग ग्राम संगठन गुवा के द्वारा आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं में 10 साल से लेकर 15 साल तक के बच्चों के लिए चित्रकला बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराग नायक, द्वितीय नीलू महतो तथा तृतीय स्थान में रश्मिता मिश्रा रही. वही 5 साल से 10 साल तक के बच्चों के लिए चित्रकला में प्रथम प्राची पिंगुवा, द्वितीय दृष्टि भंगरा तथा तृतीय आशा तांती रही. 3 साल से लेकर 5 साल तक के बच्चों के लिए बिस्कुट रेस में प्रथम राज रजवार, द्वितीय हर्ष गोप रहा. चॉकलेट रेस में प्रथम आदि बुकरू, द्वितीय रोहित मिश्रा तथा तृतीय में हर्ष गोप रहा.

### खरवार भोगता सामाज की बैठक हुई संपन्न

**बालूमाथ ।** खरवार भोगता समाज विकास संघ बारियातू प्रखंड कमेटी की बैठक सरना भवन बरियातू में की गई. जिसकी अध्यक्षता बहादुर गंझू ने की. बैठक का संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझू ने किया. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामदेव गंझू की 8वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम 15 दिसंबर 2023 को नगर चंदवा में आयोजित किया जाएगा. उस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही कहा गया कि आगे खरवार भोगता विकास संघ बरियातू प्रखंड के प्रत्येक गांव टोला एवं पंचायत के सभी खरवार भोगता समाज विकास संघ के सभी महिला पुरुष भारी संख्या में नगर चंदवा में शामिल होंगे. बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, सलाहकार झलकू गंझू, जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू, सचिव सत्यनारायण मौजूद थे.

### अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व का समापन

**साहिबगंज ।** सोमवार को चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था नेक निष्ठा के महापर्व छठ पर्व का उगते सूर्य को छठ व्रतियों ने गंगा तट में पानी में घुस कर उगते हुए सूरज का अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया. वहीं जिले के गंगा तट पर छठव्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही. इस अवसर पर छठव्रतियों ने मुक्तेश्वर धाम घाट पर उगते सूरज को अर्घ्य दिया और भगवान सूर्य को जल अर्पित भी किया.

---

### हाटगम्हरिया में अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# बच्चे ही हमारे भविष्य हैं : दीपक बिरुवा

**संवाददाता । चाईबासा**

हाटगम्हरिया में एस्पायर संस्था की ओर से प्रखंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया. इसमें एस्पायर संस्था की ओर से संचालित विभिन्न केंद्रों के बच्चे एवं अभिभावक शामिल हुए. इस मौके पर एस्पायर संस्था के बच्चों ने नाटक पेश कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक बिरुवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष बलवंत गोप, जिप सदस्य प्रमिला पिंगुवा, प्रखंड प्रमुख नितम गागराई, मुखिया



जयप्रकाश लागुरी, मुखिया अनीता कोड़ा, मुखिया रानी मेलगांडी उपस्थित हुए. सभी अतिथियों ने बच्चों के अधिकार की जानकारी देते हुए उनके शिक्षा पर बल दिया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि बच्चे ही हमारा भविष्य है. लेकिन अगर बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रह जाएंगे तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण नहीं किया जा सकेगा. यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए कि हर बच्चे को हर अधिकार प्राप्त हो. यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता, बच्चों के प्रति जागरूकता और बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है. यह भी अभिभावकों की जिम्मेदारी है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम बाल अधिकारों को जाने और अधिक से अधिक अभिभावकों को इस विषय में जागरुक करें. तभी बाल अधिकार दिवस मनाना सार्थक होगा. अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर हम प्रण करें कि हम बाल अधिकारों का सम्मान करें. मौके पर एस्पायर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे.

### सीएम के आगमन को लेकर तैयारी हुई तेज

**साहिबगंज ।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 24 नवंबर को जिले के बरहेट प्रखंड स्थित शहीद सिद्धो कान्हु की जन्मस्थली आएंगे. जहां सीएम हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा क्षेत्र के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के गोपलाडीह पंचायत में तीसरे चरण के आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. उधर सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी जोरशोर से चल रही है. उधर सीएम के आगमन को लेकर स्थान, मंच, हेलीपैड निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी का जायजा लेने के लिए उपायुक्त रामनिवास यादव, अपर समाहर्ता विनय कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सविता सिंह व बरहेट बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया.

### आओ जानें — सामान्य ज्ञान

- झारखंड की पारंपरिक खेल क्या है - सेकोर
- पेंडो सांचेज फिर से किस देश के प्रधानमंत्री बनाए गए - स्पेन
- कांग्रेस का बंटवारा कब हुआ था - 1907
- भारत में चोल्हामु झील कहां है - सिक्किम
- संयुक्त राष्ट्र के बजट को कौन पेश करता है - महासचिव
- देश में कहां नयी गेको प्रजाति की खोज की गयी - मिजोरम
- झारखंड का प्रमुख पर्व कौन है - सरहुल
- किसने महाद सत्याग्रह का नेतृत्व था - डॉ. भीमराव अंबेडकर
- क्लोरोफ्लोरोकार्बन को किस और नाम से भी जाना जाता है - फ्रीऑन
- किसे पहला लाइफटाइम डिस्टिंग्विश्ड पीस अवार्ड मिला - सलमान रुश्दी

---

### पायनियर कंपनी का मालिक धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

# प्लांट के निर्माण का काम अधूरा छोड़कर भागी कंपनी

**संवाददाता । मैथन**

चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए जिस पायनियर कंपनी से चिनप ने बीस वर्षो का समझौता किया था, उसका मालिक अभिषेक सिंह को अपने पार्टनर से 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इससे चिरकुंडा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का सपना फिलहाल सपना ही रहेगा. बता दें कि पायनियर कंपनी को डोर टू डोर कचरा उठाव करने की जिम्मेवारी मिली थी. इसके अलावा 7 करोड़ रुपये की लागत से ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट का निर्माण करना था. कंपनी ने प्लांट का केवल ढांचा तैयार कर नगर परिषद से करीब 3 करोड़ रुपये की भुगतान भी ले चुकी है और करीब एक साल पहले ही काम छोड़ चिरकुंडा से भाग चुकी है.

बता दें कि पायनियर कंपनी को वेस्ट मैनेजमेंट के तहत 7 करोड़ रुपये की लागत से कचरा रिसाइकल प्लांट (ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट) का निर्माण करना था. इस कचरे से कंपोस्ट खाद बनाने की योजना तैयार की गई थी. इसके लिए, वार्ड 21 स्थित सुन्दर नगर बराकर नदी के किनारे समुचित जमीन भी उपलब्ध कराई गई. परंतु कंपनी प्लांट निर्माण का काम अधूरा छोड़ भाग गई. अब नप के कर्मी ही कचरा उठाव कर रहे हैं. चिनप के सूत्रों ने बताया कि नगर परिषद की बोर्ड बैठक में कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव आया था. बैठक में प्रस्ताव पारित कर कंपनी को लेकर नगर विकास विभाग, रांची को मार्गदर्शन के लिए पत्र भेजा गया है. विभाग के निर्देश का इंतजार है. निर्देश आते ही कम्पनी के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.





**मालिक गिरफ्तार**

- कंपनी से चिनप का 20 वर्षो का हुआ था समझौता
- पायनियर को उठाव करने की जिम्मेवारी मिली थी

**कंपनी मालिक पर धोखाधड़ी का है आरोपी**

पायनियर कंपनी के पार्टनर रोहन कौशिक ने जनवरी 2022 में मालिक अभिषेक सिंह, रिश्तेदार ब्रिजेश सिंह, विवेक सिंह, पत्नी सुमन सिंह एवं पुत्री मालविका को नामजद आरोपी बनाते हुए सनलाइट कॉलोनी पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली में धोखाधड़ी कर 2.5 करोड़ रुपये हड़पने का एफआईआर दर्ज कराया था. तब से अभिषेक सिंह एवं अन्य सभी आरोपी फरार चल रहे थे. रोहन कौशिक ने अपने एफआईआर में कहा है कि अभिषेक सिंह, ब्रिजेश सिंह, विवेक सिंह ने साथ मिलकर मुझे चिनप में अपशिष्ट संग्रहण एवं प्रबंधन का टेंडर दिलाने का प्रस्ताव दिया था. प्रस्ताव पर मैं तैयार हो गया. अभिषेक ने अपनी कंपनी का साख पत्र (क्रेडेंशियल) का उपयोग करने के लिए मुझसे 40 लाख रुपये नगद एडवांस के रूप में लिया. मई 2018 में कंपनी को चिनप से टेंडर मिल गया. इसके बाद कचरा निस्तारण के लिए प्राधिकरण के मुताबिक सुविधाएं विकसित करने और प्लांट लगाने के लिए अभिषेक ने मुझसे 1.68 करोड़ रुपये अपने एकाउंट में लिया. लेकिन वादे के मुताबिक अभिषेक ने चिरकुंडा में कोई प्लांट नहीं लगाया. मई 2020 में अभिषेक ने ब्रिजेश, विवेक एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर कंपनी का एक नकली बोर्ड प्रस्ताव बनाकर चिनप के समक्ष प्रस्तुत किया और तीनों ने चिनप से 32 लाख रुपये की भुगतान कंपनी के एकाउंट के जगह निजी एकाउंट लिया.

# हाथ धुलवाकर दिया स्वच्छता को बढ़ावा

**संवाददाता । लोहरदगा**

सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरी की जल सहिया रूही यासमीन के द्वारा विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य पर अपने कार्य क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का हाथ धुलाई कर विश्व शौचालय दिवस मनाया गया. इस दौरान जल सहिया रूही यासमीन ने विभिन्न स्कूलों में प्रतिनियुक्त शिक्षकों और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शौचालय निर्माण हमारे गांव घर को स्वच्छ बनाने और शौचालय का नियमित उपयोग कर बीमारियों को दूर भगाकर स्वच्छता को सुसज्जित किया जा सकता है.

साथ ही गांव वालों को शौचालय का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण बीमारियों से ग्रस्त होने से बचाव का बेहतर विकल्प है. इसे हर हाल में सभी धर्म समुदाय को अपने जीवन में उतारकर स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु संकल्प लेने की जरूरत है. जिससे बीमारी हमारे आसपास भी पहुंचने से ही ठहर जाए. उन्होंने इसे लेकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गांव समाज की बेहतरी हेतु हमें शौचालय निर्माण कार्य हर हाल में करानी चाहिए और शौचालय का नियमित उपयोग करना चाहिए, ताकि हमारा समाज स्वच्छ और स्वस्थ रहे.



जल सहिया रूही यासमीन ने आगे कहा कि शौचालय का नियमित उपयोग हमारे जीवन को बेहतर बनाता है. इसकी उपयोगिता के तहत हमें खुद में जुनून और जागरुकता लाने की आवश्यकता है. तब जाकर विश्व शौचालय दिवस का मूल उद्देश्य पूरा होगा. उन्होंने इसे लेकर लोगों को सुरक्षित और बेहतर समाज निर्माण हेतु शौचालय का नियमित उपयोग कर खुद को बीमारियों से पीछा छुड़ाने हेतु प्रेरित किया.

### सीएम के आगमन को लेकर कोलेबिरा स्टेडियम का किया गया निरीक्षण

**कोलेबिरा ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर कोलेबिरा स्टेडियम का किया गया निरीक्षण. वहीं जानकारी के अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत 29 नवंबर को कोलेबिरा स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया. सीएम का कार्यक्रम कोलेबिरा स्टेडियम निर्धारित किया गया. इसका निरीक्षण उपायुक्त अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार, एसडीपीओ डेविड ए डोडराय,डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा ,अंचल अधिकारी कोलेबिरा, थाना प्रभारी कोलेबिरा स्थल का निरीक्षण किया गया.

# कर्तव्यहीनता के आरोप में महुआटांड़ थाना प्रभारी निलंबित

**संवाददाता । बेरमो**

बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने महुआटांड़ थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार और सहायक पुलिस निरीक्षक अर्जुन महतो को निलंबित कर दिया है. इस संबंध में एसपी ने बताया कि 19 नवंबर की रात्रि को बेरमो अनुमंडल के कई थाना का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान महुआटांड़ थाना का भी औचक निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी प्रभारी श्रीकांत कुमार और सहायक अवर निरीक्षक अर्जुन महतो बिना सूचना के थाना से गायब थे. पूछताछ में पता चला कि वे बिना किसी सूचना के हजारीबाग प्रस्थान किये हैं. उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था को संधारित करने के लिए निर्देश दिया गया था, परन्तु पुअनि श्रीकान्त कुमार एवं सअनि अर्जुन महतो के द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति सही ढंग से निर्वाहन नहीं किया गया एवं बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाये गये.

उन्होंने बताया कि उक्त दोनों पदाधिकारियों द्वारा कार्य को अपने कर्तव्य के प्रति मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता, घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं एक आयोग्य पुलिस पदाधिकारी होने का परिलक्षित करता है.

---

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना प्राथमिकता: आलमगीर



**संवाददता । बरहरवा**

ग्रामीण विकास मंत्री सह स्थानीय विधायक आलमगीर आलम के द्वारा अनुशंसित योजना बरहरवा प्रखंड अंतर्गत हरिहरा पंचायत के श्रीकांतपाड़ा ग्राम में जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार द्वारा गुमानी नदी के तट पर बोल्डर क्रिएटिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया.

ग्रामीण विकास मंत्री ने विधिवत तरीके से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शिलान्यास किया. इस दौरान मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि गुमानी नदी के तट पर बसे ग्रामीणों का सड़क कटाव से सुरक्षा के लिए कई एक ग्राम में बोल्डर क्रिएटिंग का निर्माण कार्य उनके अनुशंसा पर जारी है. जहां कुछ दिन पूर्व में गुमानी नदी के उफान से हुए क्षति तटबंधों पर भी बोल्डर क्रिएटिंग के लिए अनुशंसा किया गया है. जिसका बहुत जल्द टेंडर होगा, उसके उपरांत निर्माण कार्य शुरू होगा. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडु, मुखिया अहमद हुसैन मौजूद थे.

### छात्रों में बेहतर समझ का विकास होगा : राहुल

**लोहरदगा ।** 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केन्द्र, लोहरदगा के सौजन्य से सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु 15वें आदिवासी युवा आदान- प्रदान कार्यक्रम 2023-24 की शुरुआत सोमवार को लोहरदगा से की गई. जिसमें जनजातीय समाज के 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को चैन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया. जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखंड) की संस्कृति व रहन सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा. एक सप्ताह के सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में इन्हें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करने का अवसर मिलेगा.

# हमारा संकल्प कार्यक्रम को लेकर बैठक

**संवाददाता । लोहरदगा**

केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुकता फैलाने और छूटे हुए योग्य लाभुकों को जोड़ने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अनुसूचित जनजाति आबादी वाले 70 जिलों में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसी कड़ी में लोहरदगा जिला के लिए प्रतिनियुक्त केंद्रीय प्रभारी राजीव शंकर ने जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम के कार्ययोजना को लेकर परिसदन, लोहरदगा में बैठक की.

इस मौके पर केंद्रीय प्रभारी ने बताया कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों में मोबाइल आईईसी वैन भेजा जायेगा. मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से आम लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ की जानकारी दी जायेगी तथा आम लोगों को जागरूक करने के लिए अन्य गतिविधि का भी आयोजन किया जायेगा. उक्त कार्यक्रम के तहत संपादित सभी गतिविधियों को आईटी पोर्टल पर अपलोड भी किया जाना है. मोबाइल आईईसी वैन के माध्यम से जिन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है, उनमें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण), पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, सर्वे ऑफ विलेजेज एंड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (स्वामित्व), जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर आदि योजनाएं प्रमुख हैं. कार्यक्रम में उक्त योजनाओं से संबंधित आवेदन भी सृजित किया जाना, आच्छादित लाभुकों सहित छूटे लाभुकों को भी जोड़ा जाएगा.



### हेल्थमैप में जल्द मरीजों का होगा अल्ट्रासोनोग्राफी

**धनबाद ।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीपीपी मोड पर संचालित हेल्थमैप में जल्द ही अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की सुविधा मिलेगी. रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से पिछले दो वर्षों से जांच बंद थी. जांच शुरू होने से किफायती दर पर का अल्ट्रासोनोग्राफी हो सकेगा. अभी तक मरीज प्राइवेट सेंटरों पर जांच कराने को विवश हैं. इसके लिए भारी-भरकम शुल्क भी चुकाना पड़ता है. हेल्थमैप के क्लस्टर हेड डॉ सौमिक रॉय चौधरी ने बताया की सेंटर में अगले माह से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा शुरू कर दी जाएगी. रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर ली गई है. जांच शुरू होने से पहले शुल्क आदि का निर्धारण कर लिया जाएगा. सेंटर में बीपीएल मरीजों को निःशुल्क जांच की सुविधा मिलेगी. बताते चलें की पहले हेल्थमैप में 350 रुपए के न्यूनतम शुल्क पर जांच हो जाती थी. प्राइवेट सेंटरों पर इसी जांच के लिए 600 रुपए या इससे अधिक शुल्क चुकाना पड़ता है.

---

**तैयारी** 10 अगस्त को दिल्ली में रेलकर्मियों ने पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर ताकत का प्रदर्शन किया था


# 21-22 को कर्मचारी हड़ताल के लिए करेंगे गुप्त मतदान

**संवाददाता । धनबाद**

पुरानी पेंशन योजना बहाल की मांग को लेकर रेलकर्मी सहित सभी सरकारी ओद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए 21-22 नवंबर 2023 को गुप्त मतदान कराया जाएगा. इसके बाद ही अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि तय की जाएगी. उक्त जानकारी ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के महामंत्री एवं पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के संयोजक शिव गोपाल मिश्र ने सोमवार को दी.

उन्होंने कहा कि 10 अगस्त 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों की संख्या में रेलकर्मी सहित अन्य केन्द्रीय और राज्य के कर्मचारी, शिक्षक संघ, रक्षा मंत्रालय के सिविल कर्मचारी आदि ने उपस्थित होकर पुराने पेंशन की बहाली के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष अपनी ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया. बावजूद इसके सरकार की नींद नहीं टूटी. जिसके बाद 8 एवं 9 नवंबर को फेडरेशन के मुंबई सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल के निर्णय के लिए कर्मचारियों का मत जानने के लिए भारतीय रेल के साथ-साथ सभी सरकारी ओद्योगिक संस्थानों में फेडरेशन के नेतृत्व में 21 और 22 नवंबर को गुप्त मतदान के जरिये कर्मचारियों का हड़ताल के समर्थन में विचार जाना जाएगा.

अगर 60% से अधिक कर्मचारी हड़ताल के पक्ष में अपना मत देते हैं तो जनवरी या फरवरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए सरकार को नोटिस दे दी जाएगी. गोपाल मिश्र ने यह भी आह्वान किया है कि आगामी संसदीय चुनाव के आलोक में रेलकर्मी उसी राष्ट्रीय दल को अपना मत देंगे, जो पुराने पेंशन को बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने का वादा पूरा करेगा. वहीं रेल हड़ताल के लिए स्ट्राइक बैलट को लेकर केंद्रीय स्तर पर ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पांडेय, अपर महामंत्री मो ज्याउद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा और शाखा स्तर पर नेताजी सुभाष, बीके दुबे, सोमेन दत्ता, एनके खवास, विश्वजीत मुखर्जी आदि सक्रियता के साथ तैयारियों में लगे हुए हैं. ईसीआरकेयू का धनबाद रेल मंडल में 14 ब्रांच है.



**लेंगे फैसला**

- पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर होगी हड़ताल
- फेडरेशन के मुंबई सम्मेलन में लिया गया यह निर्णय
- इसमें शिक्षक संघ और अन्य संगठन शामिल होंगे

# मेमो ट्रेन चलाने का निर्णय सराहनीय : मालती गिलुवा

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश सदस्य मालती गिलुवा ने कहा कि रेल मंत्रालय द्वारा मेमो ट्रेन चलाने का निर्णय सराहनीय निर्णय कहा जाएगा. यह जनमानस के हितार्थ रेल मंत्रालय द्वारा किया गया निर्णय कही जाएगी. रेल मंत्रालय ने जनहित को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा फैसला किया है. जो राउरकेला से टाटा और टाटा से राउरकेला मेमो ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है.

इसके लिए रेल मंत्रालय की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है. बता दें कि मेमो ट्रेन चलाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश सदस्य मालती गिलुवा द्वारा रेल मंत्रालय को कई बार पत्र प्रेषित किए गए थे. रेल राज्य मंत्री राव साहब पाटील दानवे के चक्रधरपुर एवं चाईबासा आगमन पर भी गिलुवा ने टाटा से राउरकेला एवं राउरकेला से टाटा मेमू ट्रेन चलाने की मांग की गई थी. उन्हीं के मांग का प्रतिफल है कि रेल मंत्रालय ने उनके पत्र पर संज्ञान लेते हुए यह निर्णय लिया. जिसका लगभग सभी प्लेटफार्म में ठहराव दिया गया है, जो एक काफी सराहनीय कदम कही जाएगी. जिसकी मांग जनता वर्षों से कर रही थी. गिलवा ने यह भी कहा कि कोरोना काल के समय जिस भी गाड़ियों का ठहराव समाप्त कर दिया गया था. उसका भी ठहराव जल्द से जल्द रेल मंत्रालय करने पर विचार कर रही है. केंद्र की भाजपा सरकार लगातार जनहित की कार्य करते आ रही है. जो एक काफी सराहनीय कार्य कही जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### नाले के गंदे पानी से ग्रामीण हैं परेशान

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बनकाटा पंचायत अंतर्गत शालवनी से बेंन्दा मंदिर तक जानेवाली सड़क पर नाला का गंदा पानी बह रहा है. इससे आने-जाने वाले राहगीरों व श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है नाली नहीं होने के कारण गंदे पानी सड़क पर बह रहे हैं . जहां पर चापाकल की पानी सड़क पर बहता है, ठीक उसके पास मंदिर भी है. ऐसे में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इस सड़क से जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारियों का भी आना जाना लगा रहता है .

### बोकारो जिला मुख्यालय के सामने धरना आज

**बोकारो ।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 21 नवंबर को बोकारो जिला मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है. इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता कामेश्वर मिश्रा, संयोजक संतोष कुमार नायक, सचिव वकील प्रसाद महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एवं पूर्व जिप सदस्य विमल कुमार जायसवाल ने दी. बताया कि बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी समेत अनुमंडल के सभी सात प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन के अलावा पदयात्रा कर ज्ञापन दी जा चुकी है.

### एसपी ने पेश की सर्वधर्म समभाव की भावना

**साहिबगंज ।** सोमवार को जिले के पुलिस कप्तान नौशाद आलम ने सर्वधर्म समभाव की भावना से चार दिवसीय छठ मैया के महापर्व के मौके पर दूसरी अरग देने के लिए आस्था के साथ स्वयं छठ पर्व का डाला सिर में उठाकर गंगा तट पर पहुंचे. वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपने जिले के एसपी को देखते ही आपस में चर्चाएं करते हुए उनकी सराहना की. मौके पर गंगा तट पर पूर्व से उपस्थित मेजर अजीत कुमार चौबे एवं नगर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने पूरी आस्था के साथ सिर पर छठ महापर्व का डाला उठाकर सर्व धर्म समभाव की भावना से आम नागरिकों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं अर्पित की.

### मुखिया ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत खैरबनी पंचायत के मुखिया सुरेंद्र नाथ हेंब्रम ने रविवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया. 28 नवंबर को पंचायत सचिवालय में आयोजित होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी ग्रामीणों को दी. भीतरआमदा में मुखिया सुरेंद्रनाथ हेंब्रम और ग्राम प्रधान गुरु देव हेंब्रम के साथ आपकी योजना आपकी सरकार द्वारा योजना को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की. जिसमें सरकार के जन कल्याणकारी योजनाएं लाभ लेने के ग्रामीणों को जागरूक किया गया.

### बेहतर व्यवस्था के लिए सेल का जताया आभार

**बोकारो ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य एवं प्रशासन) राजन कुमार से मिल कर प्रबंधन के द्वारा छठ घाट पर बेहतर व्यवस्था बनाने के प्रयास के लिए आभार जताया. साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. कुमार अमित ने बताया कि इस बार छठ महापर्व के प्रति प्रबंधन की संवेदनशीलता सराहनीय रही. हर वर्ष की अपेक्षा प्रबंधन ने इस बार छठ घाटों पर बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया. इसको लेकर नागरिकों में सेल प्रबंधन के प्रति संतोष का भाव है.

### लायंस क्लब के बैनर तले कई कार्यक्रम संपन्न

**गोविंदपुर ।** लायंस क्लब गोविंदपुर के बैनर तले कई कार्यक्रम किए गए. सर्वप्रथम हर महीने की भांति तीसरे रविवार को लायन डॉक्टर एसके दे के सौजन्य से मिहीजाम होम्यो क्लीनिक गोविंदपुर में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया. जिसमें लगभग 60 मरीजों की निशुल्क जांच की गई और निशुल्क दवाइयां भी दी गई. दूसरा कार्यक्रम खुदिया नदी घाट छठ महापर्व के अवसर पर लायंस क्लब गोविंदपुर के द्वारा प्राथमिक उपचार शिविर भी लगाया गया. यह शाम 3:00 बजे से 7:00 बजे रात्रि तक चला.

---

बेरमो के गोमिया के टीकाहारा पंचायत के केरी गांव में दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी

# दो पक्षों में विवाद के बाद तनाव, पुलिस ने कमान संभाली

**संवाददाता ।बेरमो**



बेरमो अनुमंडल के गोमिया प्रखंड अंतर्गत टीकाहारा पंचायत के केरी गांव में दो पक्ष के विवाद को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई वैसे ही वे मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया गया. घटना के संबंध में बताया गया कि 20 नवंबर को टीकाहारा के केरी गांव में एक समुदाय के द्वारा पारंपरिक पूजा अर्चना में सूअर की बलि दी गई थी.

पूजा संपन्न होने के वहां मांस के कुछ टुकड़े रह गए थे. उसे रात को कुत्ता इधर-उधर कर दिया, जिसके कारण उक्त गांव के दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा आपत्ति की गई. आपत्ति के बाद दोनों पक्ष में तनाव उत्पन्न हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो के एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, बीडीओ महादेव महतो, थाना प्रभारी सुबोध कुमार दास सहित बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के लोग गांव पहुंचे और दोनों पक्षों को बैठक कर मामला शांत कराया. इस संबंध में एसडीओ शैलेश कुमार ने बताया कि शांति समिति की बैठक की गई है.

दोनों पक्षों के प्रबुद्ध लोग एवं पंचायत के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए. बैठक के बाद शांति का माहौल है. उन्होंने बताया कि बैठक में जमीन विवाद का मामला भी सामने आया है. उसे अंचल के माध्यम से सुलझाया जाएगा. वैसे दोनों ही पक्ष की ओर से स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया है. एसडीओ ने कहा कि मामला को शांत करा दिया गया है. स्थिति नियंत्रण में है. बैठक में कोदवाटांड़ पंचायत के मुखिया बबलू हेम्ब्रम, ललपनिया के पूर्व मुखिया बबुली सोरेन, समाजसेवी अनिल हांसदा, टीकाहारा के पूर्व पंसस कौलेश्वर सोरेन, श्यामदेव सोरेन, टीकाहारा गांव के जलील अंसारी, नयुम अंसारी, मिराज अंसारी, महमूद अंसारी, मुख्तार अंसारी, युनुस अंसारी, फारुख सहित दोनों पक्षों के कई लोग शामिल थे.

**बैठक संपन्न**

- पुलिस मौके पर पहुंचकर दो पक्षों को शांत कराया
- पूजा संपन्न होने के बाद मांस के टुकड़े पाए गए थे

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- झारखंड में टाटा फुटबॉल अकादमी कहां स्थित है – जमशेदपुर
- किस देश के स्टार्टअप शी गार्ड ने जलवायु नवाचार प्रतियोगिता जीती है – पाकिस्तान
- भारत में तवावोहर झील कहां पर है – मध्यप्रदेश
- भारत में मूंगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य – गुजरात
- चेचक किसके कारण होता है – वायरस
- किस साल अर्जुन पुरस्कार की शुरुआत हुई थी – 1961
- सार्क देशों का मुख्यालय कहां है – काठमांडू
- चाय में मौजूद उत्तेजक का नाम – कैफिन
- देश के किस हवाई अड्डे ने सनफ्लावर पहल शुरू की है – दिल्ली एयरपोर्ट
- गुलाम वंश के संस्थापक कौन था – इल्तुतमिश

---

जिला प्रशासन की ओर से सभी बड़े तालाब के पास गोताखोर थे मौ जूद

# नदी घाटों की साफ-सफाई ने बदली लोगों की मन:स्थिति

**संवाददाता ।धनबाद**

छठ का त्योहार सामूहिक रूप से नदी व तालाब के किनारे मनाने की परंपरा रही है. लेकिन नदी तालाब की स्वच्छता को लेकर बिदके व्रती मोहल्लों या घरों की छत पर अस्थाई रूप से बने टब, सायरा आदि में अर्घ्य देने लगे थे. वर्ष 2020 में कोविड कई दस्तक के बाद लगभग तीन वर्षों तक नदी व तालाब में अर्घ्य देने वाले व्रतियों की संख्या काफी कम हो गयी थी. लेकिन वर्ष 2023 में धनबाद जिले के लगभग सभी छठ घाटों पर हज़ारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी.

इनमें राजेन्द्र तालाब (बेकारबांध), जेसी मल्लिक खोखन तालाब, डीएस कॉलोनी पम्पू तालाब, विकास नगर छठ तालाब, मनईटांड़ छठ तालाब में क्षमता से अधिक भीड़ उमड़ी. बता दें कि इस वर्ष जिले के लगभग सभी तालाबों की साफ-सफाई से लेकर रास्तों व गलियों की साफ सफाई को लेकर नगर निगम ने युद्ध स्तर पर तैयारी की थी. जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए थे. सभी बड़े तालाब के पास गोताखोर और स्वास्थ्य विभाग की टीम की तैनाती की गई थी. इन सभी व्यवस्थाओं ने व्रतियों व उनके परिजनों को तालाब की ओर आकर्षित किया. परिणामस्वरूप घर की छत पर अर्घ्य देने वाले हज़ारों व्रती तालाब पहुंचे और पूजा में शामिल हुए.



शहर के तालाब किनारे छठ पूजा करने में लगे लोग

**जुटे श्रद्धालु**

- मनईटांड़ छठ तालाब में क्षमता से अधिक भीड़ थी
- सफाई को लेकर निगम ने पुरजोर तैयारी की थी

**कोरोना काल के पूर्व की तरह उमड़े श्रद्धालु : प्रदीप**

तेलीपाड़ा निवासी प्रदीप झा ने बताया कि कोरोना के प्रकोप की वजह से अधिकतर श्रद्धालु व व्रती बीते तीन वर्षों से घर की छत पर अर्घ्य दे रहे थे. लेकिन इस बार साफ-सफाई ने उन्हें आकर्षित किया. साथ ही कोरोना का डर खत्म होने के कारण इस वर्ष तेलीपाड़ा स्थित मांझी तालाब में बने घाट पर हज़ारों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया. वहीं दामोदरपुर निवासी सोनू शर्मा ने बताया कि कोरोना के समय जिला प्रशासन का आदेश नहीं मिलने की वजह से घाट पर अर्घ्य देने की परंपरा टूटी थी. लेकिन इसके बाद श्रद्धालु फिर से आस्था के साथ घाट पर उमड़ने लगे हैं. छठ पूजा कमेटी के द्वारा साफ-सफाई व सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया था. इस वर्ष दामोदरपुर बांस-झुड़ी स्थित तालाब में व्रतियों की संख्या पिछले वर्ष से लगभग दोगुनी थी.

---

# हर जगह तैनात रहे अधिकारी

**संवाददाता।धनबाद**



छठ को लेकर नगर निगम दोनों दिन चुस्त रहा. नगर आयुक्त खुद सभी घाटों की निगरानी करते रहे. प्रत्येक घाट पर की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की टीम प्रतिनियुक्त किये गए थे. इसके साथ ही गोताखोरों एवं मछुआरों/तैराकों की टीम भी प्रत्येक घाट पर तैनात थी. नगर आयुक्त रवि राज शर्मा एवं सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू बेकारबांध स्थित राजेन्द्र सरोवर में मौजूद थे.

बता दें कि रविवार शाम को छठ के पहले अर्घ्य से पहले निगम क्षेत्र के 150 तालाबों की सफाई पूरी हो चुकी थी. जिससे व्रतियों को ज्यादा कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा. अर्घ्य से पहले तालाबों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया था. छठ को लेकर एक तरफ जिला प्रशासन ने जगह जगह बेरिकेटिंग कर पुलिस बलों की तैनाती कर रखा था. इसके साथ ही तालाबों में भी बेरिकेटिंग की गई थी जिससे गहरे पानी तक कोई न जा सके. वहीं दूसरी तरफ अनहोनी की आशंका पर नगर निगम ने सभी बड़े घाटों पर गोताखोरों, मछुआरों/तैराकों की तैनाती कर रखा था.

### बढ़ेगी ठंड, 25 को अब छाएंगे आंशिक बादल

**धनबाद ।** बीते 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई. तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस पर चला आया. मौसम विभाग रांची की 20 नवंबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री जबकि उसके बाद दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है. 23 नवंबर को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर चला आएगा. जिससे ठंड बढ़ेगी. वहीं 24 नवंबर तक सुबह में कोहरा व धुंध रहने के बाद दिन में आसमान साफ रहने व धूप खिलने की संभावना जताई गई है. जिससे मौसम शुष्क रहेगा. वहीं 25 औ 26 नवंबर को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है.

# छठ को लेकर ड्यूटी पर तैनात रहे 131 दंडाधिकारी



**संवाददाता।धनबाद**

छिटपुट घटनाओं को छोड़ जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण रहा. 131 छठ घाट पर दंडाधिकारी तैनात रहे. वहीं प्रमुख छठ घाटों पर गोताखोरों की भी मौजूदगी दिखी. जिला मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम में डीसी सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी सक्रिय दिखे. कंट्रोल रूम के अनुसार घाटों पर पूजा के दौरान जिले से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है. वहीं पूजा के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाईचारगी दिखी. मारवाड़ी, सिख और मुस्लिम समाज के लोग सेवादार के रूप में छठ घाट पर आने वाले लोगों के बीच फल, नारियल, गंगाजल, दूध के अलावा चाय, शर्बत का वितरण करते नजर आए.

---

# सीजीपीसी परियोजना : कल होगी पहले तल्ले की ढलाई



**संवाददाता।जमशेदपुर**

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति महत्वाकांक्षी परियोजना को अब आकार मिलता दिख रहा है. इस परियोजना के लिए निर्मित भवन के पहले तल्ले की छत की ढलाई 22 नवंबर को की जाएगी. सोमवार को साकची स्थित कार्यालय में इस बाबत प्रधान भगवान सिंह ने जमशेदपुर की साध-संगत से विनम्र आह्वान किया कि संगत स्वयं उपस्थित होकर कार-सेवा में भाग लेते हुए विकास कार्यों के साझेदार बनें. सामाजिक दायित्व निर्वहन को सर्वोपरि बताते हुए भगवान सिंह का कहना है कि उन्हें तथा समस्त सीजीपीसी टीम को अत्यधिक प्रसन्नता होगी यदि कोल्हान की गुरु स्वरुप संगत स्वयं कार-सेवा कर अपना आशीर्वाद देते हुए इस पुनीत कार्य को सफल बनाए. सरदार भगवान सिंह ने सभी गुरुद्वारा कमेटियां, स्त्री सत्संग सभा, नौजवान सभा और अकाली दल समेत अन्य सिख जत्थेबंदियों से अपील की है कि है बुधवार को वे सभी संस्थाएं इस लोकोपकारी कार्य में कार-सेवा कर अपना बहुमूल्य सहयोग करें.

### हरि चौधरी के नाम से चौक का हुआ नामकरण

**बेरमो ।** गोमिया प्रखंड के गोमिया पंचायत अंतर्गत सिंगली टोला के मुख्य सड़क को दिवंगत हरि चौधरी ग्वालटोली चौक के नाम पर नामकरण किया गया. इसके शिलापट का अनावरण स्वर्गीय सुगिया देवी फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेश यादव, मुखिया बलराम रजक, पंसस जनकदेव यादव, समाजसेवी रघुनाथ चौधरी, राजकुमार यादव, वार्ड सदस्य सुगन यादव, कुलदीप भुइंया ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और स्वर्गीय सुगीया देवी फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे. मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेश यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के कर्मवीर पुरुष कहे जाने वाले स्वर्गीय हरि चौधरी ने अपना निजी स्वार्थ त्याग कर समाज में एक बहुत बड़ा योगदान दिया है. हरि यादव ने गोमिया हाई स्कूल की भूमि ग्राउंड सहित, गोमिया अस्पताल की भूमि, गोमिया थाना की भूमि, गुइ अहरा तालाब की भूमि दान में दिया था.

---

माइंस थाना के पास एक फर्नीचर की दुकान में आग लग गई थी

# बर्मामाइंस : दुकानों में लगी आग

**संवाददाता।जमशेदपुर**

माइंस थाना अंतर्गत एचपी पेट्रोल पंप के समीप सिदो-कान्हू बस्ती स्थित एक फर्नीचर दुकान और एक गैरेज में रविवार सुबह अचानक आग लग गई. घटना अहले सुबह दो से तीन बजे के करीब की बताई जा रही है. अगलगी की इस घटना में दोनों दुकान में मौजूद सारा सामान जलकर खाक हो गया. दुकानदार सुजीत कुमार के अनुसार उन्हें सात से आठ लाख का नुकसान हुआ है. दुकान से आग की लपटें उठता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी. इसके बाद तुरंत ही टाटा स्टील और झारखंड अग्निशमन सेवा की दो दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई. लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. दुकानों में आग लगने की सूचना पर पीसीआर की टीम और टाइगर मोबाइल के जवान भी मौके पर पहुंचे थे. दमकल आने से पहले लोगों ने खुद ही आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे. लोग टीन एस्बेस्टस से बने दुकान को तोड़ कर पानी डालने की कोशिश करते दिखे.



आग बुझाते दमकलकर्मी.

**जलकर खाक**

- टाइगर मोबाइल के जवान मौके पर पहुंच गये थे
- दमकल आने से पहले लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया

### सीजे ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने सोमवार को बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चों से मुलाकात की, और करीब एक घंटे बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बाल कैदियों की बातों और समस्याओं को सुना. मुख्य न्यायाधीश का स्वागत संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने तिलक लगा कर और गुलदस्ता भेंट कर किया. इस दौरान चीफ जस्टिस ने बच्चों के क्लास रूम को भी देखा. वहां बच्चों ने उन्हें अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग दिखाई. एक बच्चे ने मुख्य न्यायधीश की पेंटिग बनाई थी, जिसे मुख्य न्यायधीश को भेट किया, और फिर बच्चों ने स्थानीय भाषा में स्वलिखित देशभक्ति गीत सुनाया. मुख्य न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह में सभी वार्ड, रसोई घर और लाइब्रेरी का भी निरक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी और स्टेशन हाउस मास्टर से जानकारी ली. साथ ही बच्चों को मिलने वाले दैनिक आहार की पूरी जानकारी ली.

---

**धरना** नील सरोवर की जमीन पर अवैध निर्माण करने के विरोध में चल रहा था जेबीकेएसएस धरना

# जेबीकेएसएस का धरना समाप्त, खुद उखाड़ दिया फव्वारा

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

कदमा उलियान स्थित नील सरोवर की जमीन पर अवैध निर्माण करने के विरोध में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) का चल रहा धरना-प्रदर्शन रविवार शाम को समाप्त हो गया. हालांकि प्रशासन की तरफ से कई बार वार्ता कर मामले को सुलझाने का प्रयास शनिवार से ही जारी था. परंतु आंदोलन कर रहे जेबीकेएसएस के सदस्य प्रशासन द्वारा दिए जा रहे आश्वासन से संतुष्ट नहीं थे.

इस कारण संगठन के सदस्य अपनी मांगों को लेकर सरोवर परिसर में ही धरना पर बैठे थे. इधर, संगठन के सदस्यों ने सरोवर के बीचो-बीच लगाए गए फव्वारे को प्रशासन द्वारा नहीं हटाए जाने पर रविवार को खुद ही हटा दिया. इसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की. मालूम हो कि इस फव्वारे को मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा लगवाया गया था. इस संबंध में सक्रिय सदस्य अनूप महतो ने बताया कि एसडीओ ने उन्हें आश्वासन दिया था कि फव्वारे को टाटा स्टील यूआईएसएल के मजदूरों द्वारा निकाल दिया जाएगा, परंतु उनके द्वारा नहीं निकाला गया. इसके बाद जेबीकेएसएस के सदस्यों ने खुद ही फव्वारे को वहां से हटा दिया. उन्होंने बताया कि अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर वे लोग इसी सप्ताह उपायुक्त से मिलेंगे.



प्रदर्शन करते जेबीकेएसएस के सदस्य.

**हुई वार्ता**

- प्रशासन ने कई बार वार्ता कर सुलझाने का प्रयास किया
- फव्वारे को मंत्री बन्ना गुप्ता ने लगवाया था

# लोधाशोली हाईस्कूल में हाथी ने मचाया उत्पात



**संवाददाता।चाकुलिया**


चाकुलिया प्रखंड में जंगली हाथी चावल खाने के लिए स्कूलों में उत्पात मचा रहे हैं. विद्यालय के रसोई घर का दरवाजा तोड़कर में मिड डे मिल के लिए रखे गए चावल को खा रहे हैं. प्रखंड के लोधाशोली उत्क्रमित उच्च विद्यालय में एक हाथी ने 18 नवंबर की रात जमकर उत्पात मचाया. हाथी ने विद्यालय के मेन गेट को तोड़ा. इसके बाद विद्यालय के अंदर दरवाजा और खिड़की को तोड़ा. वहीं स्टोर रूम रखे लगभग पांच बोरी चावल खाकर और पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया. उक्त चावल बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखा गया था. इसकी सूचना रविवार की सुबह विद्यालय के शिक्षक गोविंद गोप ने फोन पर वन पदाधिकरी को दी. सूचना पाकर वन विभाग की टीम विद्यालय पहुंची और स्थिति का जायजा लिया.

# दो घरों से आभूषण समेत 8 लाख रुपये की संपत्ति चोरी

- सिंदरी एफसीआईएल कॉलोनी की है वारदात

**संवाददाता ।सिंदरी**

सिंदरी की एफसीआईएल कॉलोनी निवासी एसीसी ठेकाकर्मी श्रवण कुमार यादव का परिवार छठ महापर्व पर सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने घाट पर गया था. इस दौरान चोरों ने चाचा और भतीजा दोनों के घरों में आभूषण सहित करीब आठ लाख रुपए की चोरी कर ली. बलियापुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. चोरों की पहचान के लिए पुलिस आसपास में



लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है.

आवास संख्या आरएमके 4-439 निवासी ठेकाकर्मी श्रवण कुमार यादव ने बताया कि वह रविवार की देर रात ड्यूटी पर गए थे. वहीं घर के सभी सदस्य शहरपुरा शिव मंदिर में छठ पूजा पर सुबह का अर्घ्य देने गए हुए थे. लौटने पर देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है. चोर घर में रखे दो आलमारी को तोड़कर लगभग 23 हजार रुपए नकद व 6 लाख के गहने व हंहगे कपड़े ले भागे. उन्होंने बताया कि छठ पूजा पर आए रिश्तेदारों के गहने भी चोर ले गए. वहीं, उनके भतीजे आरएमके 4-436 निवासी राजू यादव के आवास का भी ताला तोड़कर चोरों ने लगभग छह हजार रुपए नकद समेत दो लाख के गहनों की चोरी कर ली. भतीजे का परिवार भी छठ पूजा के लिए शहरपुरा शिव मंदिर गया हुआ था. बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव ने बताया कि दो घरों में चोरी की घटना संज्ञान में है. लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## बाघमारा में 3 घरों को चोरों ने बनाया निशाना, 15 लाख की संपत्ति ले भागे

**बाघमारा ।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हॉस्पिटल कॉलोनी में सोमवार की अहले सुबह चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया. तीनों घरों से चोरों ने करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति चुरा ली. चोरी की इन वारदातों के समय तीनों घरों में कोई भी सदस्य नहीं था. सभी छठ पूजा मनाने के लिए छठ घाट पर गए थे. चोरी की घटना की सूचना पाकर मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई. सूचना पाकर बाघमारा व बरोरा थाना की



पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी. पुलिस का दावा है कि घटना में संलिप्त चोर शीघ्र पकड़े जायेंगे. घटना को लेकर कॉलोनी वासियों में काफी रोष है.

## आओ जानें
### पुलिस द्वारा दी गई मामलों की रिपोर्ट

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 417 | रामगढ़ | 21 |
| खूंटी | 17 | कोडरमा | 24 |
| गुमला | 28 | चतरा | 22 |
| सिमडेगा | 15 | गिरिडीह | 72 |
| लोहरदगा | 20 | धनबाद | 260 |
| चाईबासा | 22 | बोकारो | 230 |
| सराइकेला | 28 | दुमका | 34 |
| जमशेदपुर | 152 | गोड्डा | 37 |
| पलामू | 72 | जामताड़ा | 18 |
| लातेहार | 16 | देवघर | 137 |
| गढ़वा | 50 | साहेबगंज | 26 |
| हजारीबाग | 144 | पाकुड | 25 |

## ब्रीफ खबरें

### बाइक व कार में टक्कर एक की मौत,एक घायल

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के सोनाखून गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर सोमवार की शाम बाइक तथा कार की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी. वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने दोनों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सा डॉ मोगली मुर्मू ने जांचोपरांत चाकुलिया थाना क्षेत्र के कमारीगोड़ा निवासी मंटू गोराई को मृत घोषित कर दिया. घायल मौदासोली गांव निवासी रवि गोप को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया.

### चोरी करने आया चोर बाइक छोड़ हुआ फरार

**जमशेदपुर ।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत न्यू लेआउट निवासी राकेश कैवर्त के घर 18 नवंबर की देर रात चोरी हो गई. हालांकि इस दौरान चोर को लोगों ने देख लिया, जिसके बाद वह फरार हो गया. चोर अपनी बाइक घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया. राकेश ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर थाना ले गई. पुलिस चोर की पहचान में जुटी हुई है. जानकारी के अनुसार राकेश अपने किसी परिजन को लेने स्टेशन गए थे.

### चांडिल : लापता युवक पांच दिन बाद घर लौटा

**चांडिल ।** नीमडीह प्रखंड के बामनी निवासी अभय चंद्र नाग का 16 वर्षीय पुत्र अमरनाथ नाग पांच दिनों के बाद सोमवार की सुबह वापस घर लौट आया है. वह 14 नवंबर से लापता था. उनके परिजनों के अनुसार अमरनाथ नाग ने बताया कि इस दौरान वह हरिद्वार, काशी आदि स्थानों में भगवान के दर्शन-पूजन करने चला गया था. इस संबंध में परिजनों ने नीमडीह थाना में सूचना देकर उनके लापता किशोर को खोजने में मदद करने की गुहार लगाई थी.

### जुगसलाई में दो घरों में चोरी का प्रयास

**जमशेदपुर ।** रविवार की शाम चोरों ने जुगसलाई में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी. पुलिस की लगातार गश्त और चौकसी कोई काम न आई और चोर घटना को अंजाम देकर आसानी से चलते बने. दरअसल, जुगसलाई में चोरों ने दो घटनाओं को अंजाम दिया है. पहली घटना में जहां लाखों के सामानों की चोरी कर ली गई, वहीं दूसरी घटना में घर का ताला नहीं टूटने पर चोर वहां से फरार हो गए. पुलिस लिखित शिकायत के बाद आगे की कार्रवाई कर रही है.

### छठ मनाने लखनऊ गए थे, घर में हो गई चोरी

**जमशेदपुर ।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भालूबासा लाइन नंबर पांच निवासी राजीव कुमार के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया. राजीव कुमार पांच दिन पहले छठ पर्व मनाने अपने घर लखनऊ गए हुए थे. घर के बगल में ही राजीव के भाई विजय कुमार भी रहते हैं. विजय सोमवार को ड्यूटी से लौटे तो भाई के घर का ताला टूटा हुआ देखा. राजीव कुमार के पड़ोसी परशुराम बागी ने बताया कि विजय कुमार घर आए तब चोरी की घटना की जानकारी हुई. पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई.

### महिला की हथियार से गला काटकर हत्या

**खूंटी ।** जिले के मांरगहादा थानांतर्गत दुलमी गांव के सुकन बुरू पहाड़ के दक्षिणी तराई स्थित बाहबुरू जंगल के सूखे नाले से पुलिस ने सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया. शव की पहचान दुलमी गांव निवासी सुंदर मनी मुंडाइन (47) के रूप में हुई है. महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई है. उसके दोनों हाथ और पैर गमछा और साड़ी से बंधे थे. जानकारी के अनुसार महिला 17 नवंबर को दोपहर बाद से लापता थी. स्वजन उसकी खोजबीन में जुटे थे.

### पीरटांड़ में छात्रा ने जहर खाकर जान दी

**पीरटांड़ (गिरिडीह) ।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के कुम्हरलालो की एक छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार रविवार की शाम छठ घाट से पूजा कर अपने परिवार के साथ घर आई थी. लेकिन देर रात को अज्ञात कारण से बच्ची ने जहर खा ली. जानकारी मिलने पर आनन-फानन में परिजन गिरिडीह सदर अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतका सिंम्पी कुमारी, पिता महेंद्र महतो है.

## बोलेरो,देसी पिस्टल, दो कारतूस व पुलिस की वर्दी बरामद

# डकैती की योजना बना रहे छह अपराधी गिरफ्तार हुए

- गिरफ्तार लोगों में घर में काम करने वाला नौकर भी शामिल
- अपराधियों में रांची के नामकुम-तुपुदाना के तीन युवक भी शामिल

**संवाददाता।जमशेदपुर**

जमशेदपुर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में मुख्य साजिशकर्ता बिरसानगर लुपुंगडीह निवासी बबलू लोहार और सीतारामडेरा रेडियो मैदान निवासी प्रभाष मुखर्जी के अलावा साजिशकर्ता एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाई पहाड़ी निवासी रमेश महतो, रांची के नामकुम थाना क्षेत्र का रहनेवाला मनीष सिंह, अमृतलाल सिंह और तुपुदाना निवासी महेश सिंह मुंडा शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में एक बोलेरो कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली, पुलिस की वर्दी और अन्य सामान बरामद किया है. सभी की गिरफ्तारी बिष्टुपुर के जुबली पार्क के पास से की गई है.

**सीएच एरिया में डकैती की थी योजना :** एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी अपराधी सीएच एरिया निवासी एक व्यापारी सह बिल्डर के घर डाका डालने की योजना बनाने के लिए जुटे थे. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सभी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद तलाशी लेने पर मनीष सिंह के पास से देसी पिस्टल, महेश और



अमृत लाल के पास से एक-एक जिंदा गोली बरामद की गई. पूछताछ में यह जानकारी मिली कि सभी पुलिस की वेश में व्यापारी के घर में प्रवेश करते और घर वालों को बंधक बना करोड़ों की संपत्ति लूटकर फरार हो जाते.

**प्रभाष और बबलू व्यापारी के घर कर चुके हैं काम :** एसएसपी ने बताया कि आरोपी प्रभाष और बबलू व्यापारी के घर काम कर चुके हैं. प्रभाष घर में काम करता था, जबकि बबलू व्यापारी की कंपनी में ड्राइवर का काम करता था. ज्यादा नशा करने और सही से काम नहीं करने के कारण प्रभाष को पांच साल पहले ही काम से निकाल दिया था, जबकि बबलू को एक साल पहले काम से निकाला गया था.

एसएसपी ने बताया कि काम से निकाले जाने के बाद दोनों ने डकैती की योजना बनाई और रमेश से मुलाकात कर डाका डालने के लिए लिए एक टीम बनाने को कहा. रमेश ने रांची में रहने वाले अपने तीन अन्य साथियों को बुलाया. सभी छह माह से डकैती की योजना बना रहे थे. सोमवार को ही डाका डालने का दिन तय कर लिया था. इसी योजना को अमली जामा पहनाने को लेकर सभी जुबली पार्क के पास इकट्ठा हुए थे, लेकिन घटना को अंजाम देने के पहले ही सभी को गिरफ्तार कर लिया गया.

### साइबर ठगों ने निकाला नया तरकीब
## इलाज के नाम पर खाते से उड़ा लिए लाखों रुपये

जमशेदपुर । अस्पतालों में इलाज कराने के नाम पर साइबर अपराधियों ने शहर के दो लोगों के खाते से लाखों रुपये की ठगी कर ली. पहला मामला सोनारी निवासी प्रांतिक दास के साथ घटी है. प्रांतिक के खाते से साइबर ठगों ने 3.42 लाख रुपये की अवैध निकाली कर ली. इस संबंध में प्रांतिक ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्रांतिक ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 6 नवंबर को पत्नी की इलाज के लिए कोलकाता के अपोलो अस्पताल का नंबर गुगल पर सर्च किया था. संबंधित नंबर पर फोन करने के बाद उनके मोबाइल पर एक लिंक आया. लिंक को क्लिक करने के बाद सारी जानकारियां डाली. इसके बाद सोनारी स्टेट बैंक के खाते से भी रुपये कटने लगे. ठगों ने खाते से कुल 3.42 लाख रुपये की निकासी की और खाते में मात्र 168 रुपये छोड़े. वहीं, दूसरी घटना आदित्यपुर निवासी एक महिला ने बताया कि उसे अपने पति के इलाज के लिए टीएमएच का अपाइंटमेंट लेना था. उन्होंने गुगल पर टीएमएच पर मोबाइल नंबर सर्च किया. गुगल पर जो नंबर आया उसपर फोन करने पर फोन उठाने वाले ने खुद को अस्पताल का कर्मी बताया. अंत में जानकारियां ली जिसके बाद खाते से एक लाख रुपये से ज्यादा कट गए. मामला आदित्यपुर से जुड़ा होने के कारण महिला को आदित्यपुर भेज दिया गया.

# धनबाद में पहले ऑटो फिर ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत, 7 लोग घायल, भर्ती

### पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला की घटना, घायलों का इलाज जारी

**संवाददाता ।झरिया**

पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला में सोमवार की अहले सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया. एक तेज रफ्तार बाइक ऑटो से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक सवार युवक सचिन कुमार मोदी की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा युवक रोहण मोदी गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं, ऑटो पर सवार चालक सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों का प्राथमिक उपचार चासनाला सीएचसी में कराने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है.



घटना सुबह करीब 5.45 बजे चासनाला केके गेट के समीप घटी. स्थानीय लोगों के अनुसार बाइक सवार छाताबाद निवासी सचिन मोदी रोहन मोदी व रोहण मोदी तेज गति से आ रहे थे. उन्हें देखकर ऑटो चालक ने अपना वाहन रोक दिया. बाइक ऑटो को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई. तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया. घटना में बाइक चला रहे सचिन मोदी की मौत हो गई, जबकि पीदे बैठा रोहण मोदी घायल हो गया. मृतक सचिन कुमार मोदी इंटर का छात्र था. वहीं, ऑटो पर सवार चालक सहित छह लोग घायल हो गए. ऑटो चालक हैदर अंसारी अपने पूरे परिवार के साथ संतालडीह के कांटीडीह बाजार से चासनाला केके गेट के समीप किसी परिचित के घर छठ पूजा देखने आ रहा था. इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत मरीन ड्राइव बागे बस्ती के पास रविवार रात एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे स्थानीय निवासी 26 वर्षीय गोकुल लोहार को अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोकुल सड़क से काफी दूर जा गिरा. इधर, घटना के बाद वाहन तेजी से फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने गोकुल को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान गोकुल की मौत हो गई. गोकुल मजदूरी कर जीवन यापन करता था. जानकारी देते हुए गोकुल के चचेरे भाई शंकर ने बताया कि रात को गोकुल नदी की ओर गया था.

## गोमो : जुए में हारने से दुखी युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

- हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैती गांव का रहनेवाला था गणेश मंडल

**संवाददाता ।गोमो**

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैती गांव निवासी मदन मंडल का पुत्र गणेश मंडल ((24 वर्ष)) का क्षत-विक्षत शव रविवार की सुबह गोमो व तेलो रेलवे स्टेशन के बीच तीन नंबर फाटक के समीप रेल लाइन पर पड़ा मिला. घटना की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. शव की स्थिति देख सभी दंग रह गए. कह रहे थे कि जुआ में पैसा हार गया था तो क्या हुआ, कमाने के लिए पूरी जिंदगी थी. परिजन ग्रामीणों की मदद से रेलवे ट्रैक से शव उठाकर ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया. मुखिया प्रतिनिधि लालचंद महतो ने बताया कि गणेश मंडल जुआ में करीब 12 हजार रुपए हार गया था. इसका सदमा वह बर्दाश्त नहीं कर सका और ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. वह आर्थिक रूप से काफी कमजोर परिवार का था. मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह गणेश मंडल सभी लोगों से प्रेम से मिला. फिर गांव से करीब 2 किमी दूर जाकर शराब पी और गोमो की ओर से आ रही ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी.

### चंदवा : नाबालिग का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**संवाददाता ।चंदवा**

चंदवा पुलिस ने सोमवार की सुबह टोरी-रांची रेलखंड गेरुआ गढा के समीप रेलब्रिज के नीचे से 15 साल की नाबालिग लड़की का शव बरामद किया है. उसके शव पर गहरे चोट के निशाना थे और उसका दाहिना हाथ टूटा हुआ था. लड़की की पहचान पुलिस ने कर ली है.

बताया यह जा रहा है कि वह रविवार की शाम छठ व्रतियों के साथ छठ घाट देवनद गई थी. उसके बाद वह रात में घर नहीं लौटी. परिजन इस सोच में थे कि वह अपने किसी सहेली के साथ होगी. वह सातवीं कक्षा में पढ़ती थी और पार्ट टाइम में दूसरे के घरों में काम करती थी. आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई. शव मिलने के बाद शहर में सनसनी फैल गई. थाना प्रभारी शुभम कुमार ने भरोसा दिया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा. कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी.

## धैया में कार ने बाइक सवार शिक्षक को मारी टक्कर, मौत

- हाउसिंग कॉलोनी के रहनेवाले थे जगदीश प्रसाद, घर में महापर्व की खुशियां मातम में बदलीं
- घायल जगदीश को एशियन जालान अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

**संवाददाता ।धनबाद**

छठ पूजा से पहले रविवार को धनबाद के धैया शिमला बेड़ा के समीप अनियंत्रित कार के धक्के से हाउसिंग कॉलोनी आर टाइप निवासी शिक्षक जगदीश प्रसाद (59) की मौत हो गई. घर में छठ पूजा की खुशियां मातम में बदल गईं. पूरा परिवार गम में डूब गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि शिक्षक जगदीश प्रसाद बाइक से कहीं जा रहे थे. तभी तेज रफ्तार रेनॉल्ट कार ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज आसपास के घरों तक सुनाई दी.

आनन-फानन लोग घरों से बाहर निकले और गंभीर रूप से जख्मी जगदीश प्रसाद को एशियन जालान अस्पताल ले गए. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वहीं, कार चालक भागने में सफल रहा. सदर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया. थानेदार संतोष गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

जानकारी के अनुसार, जगदीश प्रसाद राजगंज स्थित एक स्कूल के वाइस प्रिंसिपल भी थे. उनकी पत्नी डॉ. सीमा कुमारी धनबाद पॉलिटेक्निक में प्रोफेसर हैं. उन्होंने घर में छठ का व्रत कर रखा था. शाम के अर्घ्य के लिए घाट जाने की तैयारी चल रही, तभी यह हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा.

### बराकर नदी छठघाट में डूबने से युवक की मौत, क्षेत्र में मातम पसरा

**मैथन ।** बराकर नदी छठघाट पर रविवार दोपहर 1 बजे डूबने से 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई. जिससे पूरे क्षेत्र में मातम छा गया. डूबे युवक की पहचान बराकर निवासी अंकित मिश्रा के रूप में हुई है. अंकित के घर में छठ पूजा हो रही थी. उसके परिजन छठ घाट जाने की तैयारी में लगे हुए थे, इस बीच अंकित की डूबने की खबर मिली. खुशी मातम में बदल गयी. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. अंकित की मां की चीत्कार से पूरा इलाका गमगीन है. पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है. स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए प्रशासन को दोषी ठहराया है. कहा कि प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है. प्रशासन ने छठघाट पर नदी में डेंजर जोन का घेराव या चिन्हित नहीं किया था, जिसके कारण अंकित नहाने के क्रम में पानी की गहराई में चला गया. बताया जाता है कि रविवार दोपहर एक बजे अंकित मिश्रा बराकर नदी छठ घाट पर अपने दो दोस्तों के साथ नहाने गया था.

## पिकअप वैन की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

- धनबाद-बोकारो मेनरोड पर तेलमच्चो महुदा मोड़ के पास हुआ हादसा

**संवाददाता ।महुदा**

धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर तेलमच्चो के समीप महुदा मोड़ पर रविवार को तेज गति से जा रहे बोलेरो पिकअप वैन की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई. बाइक चालक की मौत घटनास्थल पर जबकि पीछे बैठे व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई. मृतकों का नाम सुरेश महतो (40 वर्ष) व प्रदीप महतो (61 वर्ष) है. दोनों जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा के रहने वाले थे. दोनों बाइक संख्या जेएच 10 जे-0337 से मेहमानी करने दुग्दा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान बोलेरो पिकअप वैन पीछे से टक्कर मार कते हुए बोकारो की ओर भाग निकली. महुदा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की



और फोन के माध्यम से सभी थानों को बोलेरो पिकअप वैन के बारे में सूचित कर दिया. थोड़ी देर में पिकअप वैन बोकारो जिले के दुग्दा से पकड़ ली गई. पुलिस उसे जब्त कर महुदा थाना ले गई.

इधर, मृतकों के परिजन दोनों शवों को लेकर महुदा थाना पहुंचे. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतकों में एक सुरेश महतो एसआईएस कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता था, जबकि दूसरा प्रदीप महतो टाटा जामाडोबा से सेवानिवृत्त था. पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. सोमवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

### नशे में पुत्र ने पिता पर किया जानलेवा हमला, इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना अंतर्गत गाड़ीग्राम के आमकांडी में नशे की हालत में अशोक माझी ने अपने पिता मंगल माझी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. घटना शनिवार की है. इधर, घटना के बाद घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार शाम उसकी मौत हो गई. सोमवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इधर, पुलिस आरोपी पुत्र अशोक माझी की तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार मंगल माझी के चार पुत्र हैं. इनमें से दो की शादी हो चुकी है और दो अविवाहित हैं. बेटों से सही तरीके से खाना नहीं मिलने के कारण गांव में ही दूसरे के घरों से मांगकर वह खाना खाते थे. शनिवार को अचानक बड़ा बेटा नाराज हो गया और पिता से बहस करने लगा. दोनों के बीच हुई विवाद के क्रम में बेटे के हमले से पिता के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह लहूलुहान हो गया था.

**हादसा** | आरआईटी रोड नंबर 11 स्थित जनता फ्लैट का रहनेवाला था युवक कुंदन शुक्ला

# घाट की सफाई करने गए युवक की डूबने से मौत

**संवाददाता ।आदित्यपुर**

आदित्यपुर के आरआईटी थाना अंतर्गत कुलुपटांगा में छठ को लेकर घाट की सफाई कर रहे युवक की रविवार को नदी में डूबने से मौत हो गई. मृतक आरआईटी रोड नंबर 11 स्थित जनता फ्लैट का रहने वाला कुंदन शुक्ला था. वह अपने कुछ दोस्तों के साथ कुलुपटांगा स्थित छठ घाट पर घाट बनाने गया था. घाट बनाने के उपरांत अपने दोस्तों के साथ नदी में स्नान करने लगा. इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया. जबतक उसके दोस्त कुछ समझते वह डूबने लगा. इसके बाद मौके पर मौजूद छठ पूजा कमेटी के लोगों ने कुछ स्थानीय युवकों की मदद से



कुंदन को नदी से बाहर निकाला लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी. आरआईटी थाना प्रभारी सागर लाल महथा के साथ पूजा कमेटी के लोग कुंदन को लेकर टीएमएच पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

**तीन बहनों और भाई में इकलौता था कुंदन :** 22 वर्षीय कुंदन की मां छठ कर रही थी. कुंदन छठ घाट बनाने के लिए नदी में गया था, इधर मां दौरा सजा रही थी, इसी बीच उनके घर में जो बुरी खबर आई शायद ऐसा किसी के साथ ना हो. पिता रविंद्र पांडे पेशे से पुजारी हैं. कुंदन नौकरी की तैयारी कर रहा था.

## तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**गोड्डा ।** छठ महापर्व पर रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई. घटना पौड़ेयाहाट थाना क्षेत्र के बिरनिया गांव की है. बताया जाता है कि तांती टोला निवासी मनोहर कुमार तांती (30 वर्ष) रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिए जाने के बाद खाली पड़े तालाब में नहाने गए थे. इसी क्रम में वह गहरे पानी में चले गए, फिर निकल नहीं पाए. घरवालों को इसकी जानकारी मिलने के बाद गांव वाले के सहयोग से शव को खोजने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन अंधेरा हो जाने की वजह से कहीं पता नहीं चला. सोमवार को काफी मशक्कत के बाद शव पानी से बाहर किया गया. मृत युवक बाहर मजदूरी करता था. एक अन्य घटना में ललमटिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा में रविवार की सुबह झाड़ियों से एक महिला का शव बरामद किया गया. मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है. घटना की सूचना पर ललमटिया थाना पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने शव के पास से एक थैले में रखा मोबाइल चार्जर व कुछ कपड़े बरामद किए हैं.


## झपट्टामार गिरोह का 1 सदस्य गिरफ्तार, 25 मोबाइल बरामद

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

गोलमुरी पुलिस ने झपट्टा मार गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्त सिदगोड़ा के विद्यापति नगर का रहने वाला शुभम कुमार है. इसके पास से पुलिस ने छिनतई किए गए आईफोन समेत अलग-अलग कंपनी के 25 फोन, एक एसबीआई का एटीएम कार्ड, 33 हजार रुपए नकद और एक स्कूटी बरामद किया गया है. पुलिस के अनुसार 16 नवंबर की रात गोलमुरी थाना अंतर्गत नीलडीह सिग्नल, चर्च रोड के पास तथा अन्य स्थानों में स्कूटी एवं बाइक पर पीछे बैठी महिलाओं से पर्स छिनतई करने का मामला दर्ज हुआ था. मामला सामने आने के बाद एक छापामारी दल का गठन किया गया और गुप्त



सूचना के आधार पर एक अभियुक्त शुभम कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की. उसके घर की तलाशी ली गई जहां से छिनतई किये गए मोबाइल, नकद रुपए और स्कूटी बरामद हुई. पुलिस के अनुसार शुभम के पकड़े जाने के बाद कुल पांच कांडों का उद्भेदन हुआ है.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** 12वां चंद्र राहु है, गलत कार्य और लोगों से बचें. धन के साथ साथ प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. किसी खास चीज अच्छा लाभ का योग . सहकर्मियों से मनमुटाव हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें. दुर्गा माता का पूजन करें.

**वृषभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. दोपहर के बाद समय बहुत ही अनुकूल है. अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी दोस्त से धोखा मिल सकता है. आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. गौ माता की सेवा करें.

**मिथुन** आय भाव मे चंद्र है. सात्विक आय ज्यादा लाभकारी होगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी. वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें.

**कर्क** योगकारक समय है. कोई बड़ा लाभ होगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में ना पड़ें. धन आगमन से मन खुश होगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** धर्म से भाग्य उदय होगा. कर्म के लिए दिन अच्छा है. मनोरंजक समय है. ससुराल से अच्छा लाभ का मौका दिख रहा है. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** थोड़ा मानसिक तनाव होगा, पर भाग का साथ मिलेगा. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास ना करें. यात्रा का योग है.

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कोई नया कार्य कर सकते हैं. शौक की तरफ रुझान रहेगा जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं. कोई बड़ा बदलाव होगा.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. मानसिक उलझन वाला दिन होगा. एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. शिवलिंग पर दूध का अर्पण करें.

**धनु** कार्य में विलंब होने से मन खिन्न होगा. संतान के कार्य पर नजर रखें. धर्म से सही मार्ग मिलेगा. मेहनत व अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस ना खोएं. काला वस्तु का दान करें.

**मकर** आपके प्रभाव से अच्छे लाभ का योग है, पर किसी से विवाद नही करें. माता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. दुर्गा माता का ध्यान करें. जूता और अन्न का दान करें.

**कुंभ** भाई का सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. शिक्षा में बदलाव होगा. नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधो पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या व संयमित खानपान में कोताही ना बरतें. स्वस्थ पर विशेष ध्यान दे.

**मीन** समय सामान्य है, पर किसी से विवाद होगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से संबंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा.। किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

## 108वां दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू



**चाकुलिया।** चाकुलिया नगर पंचायत के नया बाजार स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी की गौशाला का 108 वां वार्षिकोत्सव सह दो दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव सोमवार से शुरू हुआ. सुबह में गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई. इसके बाद गायों को सजाकर जुलूस निकाला गया. जुलूस ने बाजार क्षेत्र का परिभ्रमण किया. जगह-जगह पर स्थानीय लोगों ने गायों को गुड़ खिलाया और पूजा अर्चना की. मौके पर गौशाला के सचिव संजय कुमार लोधा, उपाध्यक्ष आलोक लोधा, गौशाला के प्रबंधक वीरेंद्र नाथ गिरी, ब्रह्म दत्त अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे. शाम को गोपाष्टमी मेला का उद्घाटन होगा और विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

## लांगड़े एनेज का हुआ आयोजन

**कतरास।** श्री कतरास गुजराती समाज द्वारा संचालित श्री जलाराम मंदिर, राजगंज रोड में धूमधाम से 36 वां श्री जलाराम महोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया. मुख्य यजमान दिनेश रामजी भाई जेठवा एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा बेन दिनेश भाई जेठवा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. पूजा के बाद पूज्य बापा का प्रिय प्रसाद कढ़ी खिचड़ी का वितरण श्री जलाराम मंदिर के उपर जलाराम हॉल में किया गया. इसके बाद संध्या आरती में समाज के सभी भाइयों-बहनों ने बापा का गुण गान किया.

**भक्तों ने पूज्य बापा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया :** श्री जलाराम जयंती में श्री कतरास गुजराती समाज के प्रमुख जयेश प्रभुलाल भाई चावड़ा, सह मंत्री दिनेश भाई जेठवा, कोषाध्यक्ष अनंत भाई चावड़ा, महेश भाई बजानिया, प्रभुलाल चावड़ा, अशोक लाल चावड़ा, किशोर भाई सपारिया, यग्नेश पाठक, ,भूमि चावड़ा, सुधा बेन ठक्कर सहित अन्य भक्त शामिल हुए. कतरास के अन्य समाज के भक्तों ने भी पूज्य बापा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

### कतरास, मैथन, चिरकुंडा, कुमारधुबी, निरसा के छठ घाटों पर उमड़ी भीड़
# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ छठ संपन्न

**संवाददाता। कतरास/मैथन**



मैथन, चिरकुंडा सहित कतरास क्षेत्र में सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया. मैथन डैम छठघाट पर मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा, मुगमा, निरसा आदि जगहों से हजारों की संख्या में व्रतधारी व श्रद्धालु जुटे. हर्षोल्लास के साथ अस्ताचलगामी व उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया. छठ मईया के गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा. मैथन छठ पूजा सेवा समिति, स्थानीय पुलिस प्रशासन, डीवीसी व एमपीएल प्रबंधन, सीआईएसएफ तत्पर दिखे. आपसी तालमेल से सभी ने सुरक्षा, यातायात, बिजली, विधि-व्यवस्था सहित व्रतधारियों की हर सुविधाएं उपलब्ध करायी.

**मैथन डैम में स्टीमर व नावों से लगातार गश्त की गई**

असामाजिक तत्वों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी . डैम में स्टीमर व नावों से भी लगातार गश्त की गई . रविवार को डीवीसी मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने मैथन डैम के गोगना छठघाट स्थित सूर्य मंदिर पूजा स्थल का उद्घाटन फीता काटकर किया . इसके बाद पुरोहित द्वारा उपस्थित अतिथियों को मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवायी गयी . चांच छठघाट का उद्घाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने फीता काटकर किया . मौके पर श्री चटर्जी ने निरसा की जनता को शुभकामना देते हुए कहा कि आस्था का महापर्व छठपूजा हर जाति, धर्म-मजहब के लोग मनाते हैं .

**विधायकों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया**

सूर्य मंदिर के मुख्य गेट पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल, निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, भाजपा कतरास मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू जी,श्याम किशोर कल्लू, सूर्य देव मिश्रा, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रिंस शर्मा, परवेज इकबाल, कुलवंत सिंह, बबलू वर्मन, मान सिंह, डॉ बीएन चौधरी, गौतम मंडल, सहित अन्य श्रद्धालुओं के स्वागत में उपस्थित थे.

## आओ जानें
## पुस्तकें और उनके लेखक

1. "ए बेन्ड इन रिवर" नामक अंग्रेजी पुस्तक किसने लिखी थी?
**- वी. एस. नॉयपाल**
2. ब्रीफ हिस्टरी ऑफ़ टाइम" का लेखक कौन है?
**- स्टीफन हॉकिंग**
3. "हाउस ऑफ़ मि. बिस्वास" नमक उपन्यास का लेखक कौन है?
**- वी. एस. नॉयपाल**
4. "अ मिड समर नायेट ड्रीम" का लेखक कौन है?
**- विलियम शेक्सपियर**
5. "ए पैसेज टू इंग्लैंड" का लेखक कौन है?
**- नीरद सी. चौधरी**
6: "ए पैसेज तो इंडिया" का लेखक कौन है?
**- ई. एम.फॉस्टर**
7. किस लेखक की कृति "ए सूटेबल बॉय" है?
**- विक्रम सेठ**
8: "ए टेल ऑफ़ टू सिटीज" किसकी कृति है?
**- चार्ल्स डिकिन्स**
9. "ए वॉईस ऑफ़ फ्रीडम" नामक पुस्तक किसने लिखी है?
**- नयन तारा सहगल**
10. "अग्नि वीणा" किसने लिखी थी?
**- काज़ी नजरुल इस्लाम**
11. "आनंद मठ" उपन्यास का लेखक कौन था?
**- बंकिम चन्द्र चटर्जी**
12 "एरिया ऑफ़ डार्कनेस "नामक पुस्तक का लेखक कौन है?
**- वी. एस. नॉयपाल**

### महिला में सखान महतो व पुरुष वर्ग में राकेश महतो बने विजेता
# प्रकृति और राढ़भूमि का महापर्व है बांदना :छुटनी

**संवाददाता। चांडिल**

पद्मश्री छुटनी महतो ने कहा कि कृषि सभ्यता संस्कृति की आदि पर्वों में से एक पर्व बांदना व सोहराय पर्व है. जो प्रकृति और कृषि सहयोगी पर आधारित राढ़ भूमि का महापर्व है. कृषि सहयोगी यानि पशुधन के साथ मनाया जाने वाले खुशी का महोत्सव है बांदना. वे आदिवासी कुड़मी समाज के तत्त्वावधान में आयोजित बांदना-सोहराई गीत प्रतियोगिता को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी. उन्होंने कहा कि पशुधन के कारण तो हम अपने पेट की भूख मिटाने वाले अन्न को उपजा पाते हैं. इसलिए कृषि सामग्री हल, चुआइर आदि की पूजा, गोहाल पूजा, साक्षात प्रकृति लक्ष्मी स्वरूपा गाय एवं बैल आदि की पूजा बांदना महोत्सव के मुहुर्त में ही एक साथ किया जाता है.

**शामिल हुए गणमान्य :** बांदना-सोहराइ गीत प्रतियोगिता की अध्यक्षता आदिवासी कुड़मी समाज के सरायकेला-खरसावां जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ने किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुनील कुमार गुलिआर, समाजसेवी अशोक पुनअरिआर, शिक्षाविद् गुणधाम मुतरुआर, केंद्रीय सदस्य जीतेन महतो आदि शामिल हुए. सभी ने अपने-अपने विचार रखे. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शिक्षाविद् रमाकांत बांसरिआर, कलेश्वर काड़ुआर, प्रियरंजन बांसरिआर, सुनील कुमार जुरुआर, कवि रामविलास पुनअरिआर शामिल थे. कार्यक्रम में अनुप कुमार महतो, वासुदेव महतो, विजय महतो, बाबलु महतो, भोला महतो, बादल महतो, भद्रेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो आदि का प्रमुख योगदान रहा.



विजेता को पुरस्कृत करती पद्मश्री छुटनी महतो.

**पुरस्कृत हुए विजेता**

आदिवासी कुड़मी समाज के तत्त्वावधान में कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत भाकुड़गाड़ा स्थित सदाइ बुरु मैदान में आयोजित बांदना-सोहराइ गीत प्रतियोगिता में 128 प्रतिभागी शामिल हुए . इनमें महिला वर्ग से प्रथम स्थान सखान महतो, द्वितीय बिजली महतो एवं तृतीय नेहा रानी महतो को मिला . वहीं पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान राकेश महतो, द्वितीय नरेश महतो एवं तृतीय भुवनेश्वर कर्मकार को मिला . सभी को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया . सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया . कार्यक्रम के नियमानुसार सभी विजेताओं को एक प्रशस्ति पत्र एवं शॉल के साथ प्रथम पुरस्कार के रूप में 999 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 777 व तृतीय पुरस्कार 555 रुपये दोनों वर्ग को अलग-अलग दिया गया . अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र के साथ एक-उक शॉल दिया गया .

## बिड़ला मंदिर परिसर में पहली बार हुआ छठ

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने लोकआस्था के महापर्व छठ के अवसर पर रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न नए कृत्रिम छठ घाटों का उद्घाटन किया. विधायक ने छठ पर्व को देखते हुए स्थानीय नागरिकों की मांग पर इन घाटों का निर्माण अपने विधायक निधि से करवाया है. नए छठ घाटों का निर्माण हो जाने से छठ व्रतधारियों को काफी सुविधा होगी. सरयू राय के द्वारा केबुल टाउन में निमार्णाधीन बिड़ला मंदिर छठ घाट, केबुल टाउन सामुदायिक भवन छठ घाट, कंचननगर छठ घाट, बागुनहातु छठ घाट का उद्घाटन किया गया.

**देव भूमि के रूप में स्थापित होगा बिड़ला मंदिर :** इस मौके पर विधायक ने कहा कि केबल टाउन का बिड़ला मंदिर परिसर जो वर्षों से वीरान पड़ा हुआ था, उसमें छठ घाट बनकर तैयार हुआ है

# मां तुझे सलाम संस्था ने छठव्रतियों की सेवा की

**सँवाददाता। जमशेदपुर**

मां तुझे सलाम संस्था द्वारा छठ महापर्व के शुभ अवसर पर खासमहल स्थित जिला मत्स्य कार्यालय स्थित तालाब के पास सेवा शिविर लगाया.जिसमें छठ व्रतियों के लिए संस्था द्वारा निःशुल्क चाय और पानी की व्यवस्था की गई थी. छठ व्रतियों को परेशानी न हो इसके लिए संस्था के सदस्यों ने रास्ते और घाट की देखरेख का प्रबंध किया था.सभी व्रती महिलाओं के बीच पूजा-पाठ के बाद चाय एवं पानी का वितरण किया गया. छठ व्रतियों ने संस्था को फलने और फूलने के साथ कामयाबी व शिखर पर पहुंचने का आशीर्वाद दिया.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, कानू हेंब्रम, रैना पूर्ति, कौशल झा, मोनू, विजय कुमार ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर ,फरीद मलिक, मनोज यादव ,आशीष भट्टाचार्य आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सेवा कर व्रतधारियों से आशीर्वाद प्राप्त किया.



# गुजराती समाज ने प्रभात फेरी निकाली

**संवाददाता। जमशेदपुर**



श्री सूरत गुजराती समाज के तत्वावधान में सोमवार को संत शिरोमणी श्री श्री जलाराम बापा का 34 वां महोत्सव परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ.सोमवार सुबह श्री श्री जलाराम बापा को विराजमान किया गया और प्रभात फेरी श्री श्री जलाराम मंदिर से निकाली गई.

ट्रस्टी अरविंद भाई पटेल, ट्रस्टी बाबू भाई पटेल एवं ट्रस्टी जयंती भाई पटेल ने पूजा अर्चना की.प्रभातफेरी एवम कलश यात्रा बिष्टुपुर मेन रोड रीगल गोल चक्कर होते हुए वापस प्रांगण में पहुंची.पं शशि भूषण ने पूजा की और यजमान गोरांग भाई पटेल और मीनल बेन दंपति थे.श्री सूरत गुजराती समाज एवं श्री श्री सूरत गुजराती मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर गुजराती संस्कृति को जीवंत कर दिया.

अतिथि खुशवंत भाई, डॉ उमेश व अन्य उपस्थित थे. इस आयोजन में अध्यक्ष जीतू भाई पटेल, सचिव राकेश भाई पटेल, कैशियर राजेश भाई पटेल, कांति भाई पटेल, आशु भाई पटेल, प्रमोद भाई पटेल, दिनेश भाई पटेल, राजू भाई पटेल के साथ ही स्कूल स्टाफ की सराहनीय भूमिका निभाई.

# सोहराय पर्व के अवसर पर लांगड़े एनेज का आयोजन



**संवाददाता। घाटशिला**

मुड़ाकाटी गांव में सोहराय पर्व के अवसर पर सोमवार को विराट सांस्कृतिक लांगड़े एनेज का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में घाटशिला विधायक रामदास सोरेन उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पर्व त्योहार के अवसर पर लांगड़े एनेज का परंपरा है एवं हम सभी को इस परंपरा को बचाए रखने की जरूरत है. ताकि आने वाली भावी पीढ़ी को संस्कृति जानने समझने में सहुलियत होगी. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केन्द्रीय सदस्य कान्हू सामंत, घाटशिला प्रखण्ड अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम, प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुखलाल हांसदा, प्रखण्ड 20 सुत्री अध्यक्ष सुनाराम सोरेन, कोषाध्यक्ष अम्पा हेम्ब्रम, झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष काजल डान, दासमत सोरेन, भरत मुर्मू, खुदीराम हांसदा, अमर पुर्ति, सुनील मुर्मू, सुशील मार्डी, प्रकाश टुडु, भादो हांसदा, बादल किस्कु, दुलाराम टुडु, लखी महतो, ग्राम प्रधान दुर्गा मुर्मू समेत काफी संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे.

# नौ दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव आज से

**संवाददाता। कतरास**



पूर्वजों द्वारा पोषित, संरक्षित तथा वर्तमान पीढ़ी का धरोहर के रूप में प्राप्त, श्रीगंगा गौशाला कतरास गौ माता के असीम कृपा से अपने गौरवपूर्ण कार्यकाल के 104 वें वर्ष में प्रवेश किया है.गौशाला समिति ने इस वर्ष गोपाष्टमी महोत्सव के मौके पर नौ दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया है. उक्त जानकारी सोमवार को गंगा गौशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गौशाला के संरक्षक विधायक ढुल्लू महतो दी . उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि नौ दिवसीय महोत्सव के पहले दिन बीस नवंबर को भव्य गौ पूजन, झण्डोतोलन, मूर्ति घर उद्घाटन प्रातः 8 बजे,21 नवम्बर शोभा यात्रा दोपहर 12:30 बजे से सूर्य मंदिर नदी किनारे कतरास से पावन धरती श्री गंगा गौशाला कतरास तक पहुंचेगी, साथ ही शाम में तीन बजे से कथा वाचक शिव महापुराण कथा का आयोजन, जो प्रतिदिन 27 नवम्बर तक होगा. कथा राष्ट्रीय संत ब्रह्मर्षि डॉ दुर्गेशाचार्य जी महाराज के मुखविंद से प्रस्तुति होगा. 28 नवम्बर को पूर्णाहुति एवं भण्डारा होगा, 104 वाँ वार्षिक अधिवेशन पांच बजे से तथा रात में विराट भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया है. कवि सम्मेलन में देश के विख्यात कवि अशोक नागर सपना सोनी दुर्गेश पाण्डेय मनजीत सिंह गौरव चौहान पहुंचेंगे. वहीं पत्रकार वार्ता से पूर्व गौ पूजन किया गया. गौ पूजन झामुमो नेता अमितेश सहाय निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ,विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, ढुल्लू महतो सहित अन्य ने भाग लिया. बर्नपुर से आए संतोष भाई जी महाराज ने विधिवत पूजन करवाया. मौके पर गोशाला अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल, कमलेश सिंह,डा स्वतंत्र कुमार कृष्ण कन्हैया राय, श्याम सुन्दर खंडेलवाल, राजकुमार अग्रवाल, सुरेश शर्मा चुन्ना यादव, राजकुमार अग्रवाल, श्रवण खेतान, डीएन चौधरी, धर्मेन्द्र गुप्ता, विष्णु चौरसिया, अभय सिंह, विशाल शर्मा, प्रदीप सोनी, आनंद खंडेलवाल आदि मौजूद थे.

**खास बातें**
- आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा
- कवि सम्मेलन में अशोक नागर दुर्गेश मुख्स आकर्षक

**अनुष्ठान** 
### ह्यूम पाइप गुरुद्वारा में मना संत नामदेव जी का 753 वां प्रकाश दिवस
# सभ गोविंद है सभ गोविंद है गोविंद बिन नहीं कोई...

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के ह्यूम पाइप गुरुद्वारा में संत शिरोमणी नामदेव जी का 753 वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया . अखंड पाठ के भोग के बाद गुरुद्वारा मैदान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया और बीबी जसबीर कौर, भाई जसपाल सिंह छाबड़ा, भाई गुरदीप सिंह निक्कू ने भगत नामदेव के शबद"सभ गोविंद है सभ गोविंद है गोविंद बिन नहीं कोई", जै राजु देहि त कवन वडाई, मैं अंधुले की टेक तेरा नाम खूंदकारा, हरि हरि करत मिटे सभि भरमा, का गायन किया. हजूरी ग्रंथी बाबा हरजिंदर सिंह एवम सरदार सुखविंदर सिंह के साथ ही तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह ने विचार रखे.

संत नामदेव जी के भक्त सरदार रतन सिंह जी जस्सल परिवार के साथ ही कई गुरुद्वारा कमेटियों के प्रधान एवं प्रमुख लोगों को गुरु घर की ओर से प्रधान सरदार दलबीर सिंह, गुरनाम सिंह आदि ने सिरोपा प्रदान किया. इस दौरान दो हजार श्रद्धालुओं ने गुरु दरबार में हाजिरी भरी और श्रद्धा के साथ लंगर ग्रहण किया. मौके पर मनजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, सतनाम सिंह सत्ते, कुलविंदर सिंह, जगीर सिंह, चरणजीत सिंह, बलविंदर सिंह बेदी, सरबजीत सिंह, हरविंदर सिंह, कुलविंदर सिंह जस्सल, रणजीत सिंह, सुखबीर सिंह राजा, निशान सिंह, हरप्रीत सिंह रिखराज आदि का सराहनीय योगदान रहा.



संत नामदेव जी का 753 वां प्रकाश दिवस

**खास बातें**
- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया
- गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोगों ने अपने विचार रखे

# शिव मंदिर में शिव शांति अनुष्ठान संपन्न

**संवाददाता। बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ब्रामणकुंडी पंचायत अंतर्गत गोहोलामुड़ा गांव में बीते रविवार से लेकर तीन दिवसीय नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव शांति अनुष्ठान का आयोजन किया गया है. जबकि धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन में गांव के बड़ा तालाब से पुरी से आए पंडितों द्वारा पूजा पाठ कर 108 महिलाओं ने संकीर्तन मंडली के साथ साथ शंख ध्वनी एवं जय शिव शंभू की जय जयकारे के साथ मंदिर प्रांगण में अवस्थित यज्ञ मंडप पर कलश स्थापना की गई.


पूरी से आये पुजारियों सोमनाथ पांडा, कलिंग पांडा, अर्जुन पांडा, गौरी पांडा, जोलु पांडा के वैदिक मंत्रच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई. उक्त धार्मिक अनुष्ठान में कोई मौजा के लोग शामिल हुए. धार्मिक अनुष्ठान में कलश स्थापना के बाद 33 कोटि देव देवियों का आव्हान, हवन पाठ तथा आरती किया गया. यज्ञ मंडप में कलश स्थापना के समय हर हर महादेव के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था तथा पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया .



**कल का कार्यक्रम**

सुबह सूर्य पूजा,गो पूजा, तत्पश्चात सभी देवी देवताओं का पूजा, रुद्राभिषेक, यज्ञ आहुति, पूर्ण दान, सर्वसाधारण पूजा, दर्शन तथा पुष्पांजलि, भंडारा और पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम की समाप्ति .

# लोक आस्था का महापर्व छठ हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न




**राज्य के जलाशयों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, पूजा की**

**सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं और पूजा कमेटियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई**

**घाटों में जगमग करते दीए, बजते गीत ने अलग ही समां बांध रखा था**

# सूर्य देव को भक्ति, शक्ति, संतुष्टि, समृद्धि का अर्घ्य

लोक आस्था का महापर्व छठ सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो गया. इस दौरान नदी, तालाबों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. कोरोना काल के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में भक्त घाटों पर जुटे . मौसम भी साफ था साफ रहने की वजह से व्रतियों को अर्घ्य देने में सुविधा हुई. रविवार शाम और सोमवार सुबह भक्तों ने अपने अराध्य देव सूर्य को अर्घ्य दिया और सुख समृद्धि की कामना की. छठ को लेकर राज्यभर के नदी, तालाबों के घाटों की साफ-सफाई और आने जाने की अच्छी व्यवस्था की गई थी. सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं और पूजा कमेटियों ने हर जिले में इस पूजा के सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. घाटों पर प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. घाटों पर लाइट की व्यवस्था, फूल-पत्तियों और लरियों की सजावट के बीच बजते छठ मइया के गीत ने अलग ही समां बांध रखा था. अर्घ्य का दृश्य तो काफी मनोरम था. दीया-बाती से घाट जगमग कर रहे थे. इस उल्लास के वातावरण में बच्चे आतिशबाजी कर रहे थे. घाटों से घर वापसी के वक्त व्रतियों, भक्तों में चेहरों पर भक्ति भाव के साथ अर्घ्य अर्पण की संतुष्टि के भाव भी थे. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में संपन्न छठ पर्व को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट...



## रांची

### राजधानी के जलाशयों में उमड़े भक्त, दिया अर्घ्य

राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में छठ पूजा की धूम रही. इस दौरान राजधानी के जलाशयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. लोगों ने पूरे भक्ति भाव से अपने अराध्य देव सूर्य को अर्घ्य दिया. बड़ा तालाब, लाइन टैंक तालाब, गंगा मोटर्स तालाब, कांके डैम, धूर्वा डैम सहित अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी. सोमवार को लोग अहले सुबह घाटों के लिए निकलते देखे गए. सामाजिक संगठनों, पूजा समितियों द्वारा राजधानी के घाटों को विशेष रुप से सजाया, संवारा गया था. इस दौरान पूजा समितियों की ओर से व्रतियों के बीच फल और दूध का वितरण किया गया. घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक स्तर पर बलों की तैनाती की गई थी. हटनिया तालाब में भारतीय यूथ संगठन के संरक्षक प्रतुल शाहदेव, अध्यक्ष राजेंद्र गोप एवं दूसरे संगठनों से जुड़े सुमित रूंगटा,राजेश अरोड़ा एवं सामाजिक संगठनों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए दूध,गंगाजल और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी.

### लातेहार
## विधायक बैजनाथ राम ने किया उद्घाटन, उमड़ी भक्तों की भीड़



औरंगा नदी छठ घाट में हजारों लोगों ने रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया.पूजा समृद्धि की कामना की. इससे पहले विधायक सह सूर्यनारायण पूजा समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने औरंगा नदी छठ घाट के मुख्य द्वार का फीता काट कर उद्घाटन किया. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज आलम, एसपू प्रसाद सिंह व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के अलावा जाली राम, विनय प्रसाद, कुमुद प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, रामहरि प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे. विधायक ने भी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया.पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और उनकी पत्नी (पलामू एसपी रिष्मा रमेशन) ने छठ व्रत किया और खुद दउरा उठा कर घाट पहुंचे. उन्होंने सूर्य को अर्घ्य देकर मंगलकामना की.

### रामगढ़
## विधायक अंबा पहुंची छठ घाट भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य



महापर्व छठ के मौके पर विधायक अंबा प्रसाद पतरातू डैम पहुंची. वहां छठ घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया. उन्होंने छठ मैया की पूजा अर्चना के बाद भगवान सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर पूजा की. इस दौरान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रत का समापन किया.विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा के सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी. साथ ही क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि सहित लोक मंगल की कामना की.

### चाकुलिया
## कृपन नदी तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब,दिया अर्घ्य



चाकुलिया में महापर्व छठ शांति पूर्वक संपन्न हो गया. यहां की जुगीतोपा पंचायत के बड़शोल स्थित कृपन नदी छठ घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. विभिन्न वर्गों पर सवार महिलाएं छठ गीत गाती हुई घाट पहुंची. छठ को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया. छठ घाट सेवा मंच द्वारा घाट को भव्य रूप से सजाया गया था.सुबह भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद के लिए श्रद्धालु छठव्रतियों के पास गए. छठव्रतियों के पैर छू कर सभी ने आशीर्वाद भी लिया. घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ी थी. रविवार की शाम को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी घाट पहुंचे और अर्घ्य दिया. सोमवार की सुबह स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती भी छठ घाट पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया. मंच द्वारा छठव्रतियों के लिए दूध और चाय की व्यवस्था की गई थी. विधायक के साथ प्रमुख धनंजय करमाकर, सुभदीप दास, देवाशीष दास, गौतम शर्मा, मिथुन कर भी घाट पहुंचे थे. श्रद्धालुओं की सेवा में मंच के परमानंद सिंह, दिनेश सिंह, रत्नेश सिंह, नंदकिशोर महतो, सुरेश सिंह, धीरज सिंह, नितीश आनंद, विक्रम बारीक लगे रहे.

### चक्रधरपुर
## घाटों पर उमड़ी भीड़, पूरा शहर भक्ति भाव में रहा सराबोर



छठ महापर्व पर अर्घ्य देने के लिए चक्रधरपुर के सभी प्रमुख छठ घाटों पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. सबसे ज्यादा भीड़ चक्रधरपुर की पुरानी बस्ती सीढ़ी छठ घाट पर उमड़ी.यहां चक्रधरपुर की केन्द्रीय छठ पूजा कमेटी की ओर से नदी के आसपास आकर्षक साज-सज्जा व बिजली लाइटों की सजावट की गई थी. इसके अलावा थाना नदी घाट, राजाबाढ़ी घाट, बालुघाट, बोड़दा, आसनतलिया स्थित इंटकाटा नदी में छठ व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया. शहर के विभिन्न मुहल्लों से लोग बड़ी संख्या में छठ घाट पहुंचे थे. कांच के बांस के बहंगियां.... उगो हो सूरज देव.... केलवा के पात पर उगेला सूरज देव... इत्यादि छठ गीतों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया. सूप व सिर पर दउरा लिये श्रद्धालु नदी घाट पहुंचे. पूरा शहर भक्ति में सराबोर रहा. छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ से नदी घाट पर जगह कम पड़ गयी थी. छठ पूजा के अवसर पर गली मोहल्लों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था.

### चांडिल
## अर्घ्य अर्पण कर परिवार के लिए की मंगलकामना



उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण करने के साथ महापर्व छठ संपन्न हो गया. सोमवार की सुबह जैसे ही सूर्यदेव प्रकट हुए वैसे ही हजारों हाथ उनका आशीष लेने के लिए एक साथ जुड़ गए. छठ पूजा के अंतिम दिन व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के लिए मंगलकामना की. इस दौरान महिलाओं ने छठी मइया के गीत भी गाए. बड़ी संख्या में छठ व्रती घाटों पर पहुंचे और अर्घ्य अर्पण कर परिवार के लिए मंगलकामना की. घाटों में छठ मइया के गीतों से माहौल गुंजायमान हो रहा था. चांडिल अनुमंडल के जयदा, बामनी जुड़िया, कांदरबेड़ा, गौरी, शहरबेड़ा, खूंटी जुड़िया, ईचागढ़, बोड़ाम बांध समेत विभिन्न छठ घाटों और पवित्र जलाशयों के किनारे व्रतियों और श्रद्धालुओं ने दूध और जल से अर्घ्य अर्पित कर भगवान भास्कर को नमन किया.

### धनबाद
## सांसद, विधायक भी भक्ति में डूबे रहे सभी के लिए मंगलकामनाएं की



आस्था के महापर्व छठ को लेकर धनबाद जिले के आम लोगों के साथ ही सांसद-विधायक तक बीते चार दिनों से भक्ति में डूबे रहे. इसी कड़ी में सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने आवास पर बनाए गए तालाब में अस्ताचलगामी व उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया. उनकी धर्मपत्नी मीरा सिंह वर्षों से छठ पर्व कर रही हैं. इस अवसर पर सांसद ने छठी मइया से सभी के लिए मंगलकामनाएं की. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने छठ महापर्व के अवसर पर लोहारकुल्ही छठ घाट का निरीक्षण किया, मनईटांड में बनाये गए तोरण द्वार का उद्घाटन, डीएस कॉलोनी स्थित पम्पू तालाब, बेकारबांध तालाब एवं मनईटांड छठ तालाब पर व्रतियों के बीच गंगा जल व फल का वितरण किया. साथ ही बोकारी, सिंदरी, गिरिरा आदि स्थानों पर छठ व्रतियों के बीच साड़ी एवं गंगा जल का भी वितरण किया.



### जमशेदपुर
## राज्यपाल रघुवर ने भी मनाया छठ, सपरिवार दिया अर्घ्य

जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों में छठ संपन्न हो गया. इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने भी सपरिवार छठ पूजा की और अर्घ्य दिया. रघुवर दास सपरिवार सिदगोड़ा सुर्य मंदिर स्थित छठ घाट पहुंचे और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया. मौके पर रघुवर दास ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है. इस पर्व में पूजा की सामग्री की उपलब्धता में सभी समुदायों की भागीदारी होती है. सूर्य शक्ति, प्रकाश और तेज का प्रतीक है. छठ पर्व सभी जाति समुदाय के लोग मिलकर मनाते हैं. इस दौरान मौके पर भाजपा नेता कुणाल षाड़ंगी, धर्मेंद्र प्रसाद समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे. झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने छठ पूजा के पावन अवसर पर दोमुहानी घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया. इस दौरान उनकी पत्नी सुधा गुप्ता भी मौजूद रही. उन्होंने सभी के स्वस्थ रहने की कामना भी की. जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने अपने आवास पर ही छठ पूजा मनाई. एसएसपी किशोर कौशल की माता और मौसी ने छठ व्रत किया था. सोमवार को उन्होंने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया. मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग और उनका परिवार भी मौजूद रहे.

### तांतनगर
## निषाद समुदाय के लोगों ने भी दिया सूर्य को अर्घ्य



तांतनगर प्रखंड में छठ महापर्व सम्पन्न हो गया. तांतनगर अंतर्गत कोकचो व लोवाहातु के निषाद समुदाय के लोगों ने सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व संपन्न किया. दोनों गांव के दर्जनों परिवार के महिला-पुरुष सुबह से ही छठी मइया के गीत गाते हुए जलाशयों में पहुंचे. सूप में केला, कद्दू तथा अन्य सब्जी लिये प्रखंड के छोटी नदी पर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया. इस अवसर पर काफी संख्या में निषाद समुदायों के लोग मौजूद थे.

### सिंदरी
## अर्घ्य के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब



सूर्य उपासना और लोक आस्था का चार दिनी महापर्व छठ संपन्न हो गया. सिंदरी के दामोदर नदी, शहरपुरा शिव मंदिर आइएमएलटीआई छठ तालाब, सेवन लेक, बीआईटी सिंदरी तालाब सहित अन्य जलाशयों और घाटों में अर्घ्य अर्पित करने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. नंगे पांव चलकर व्रतियों एवं डाला लेकर लोग घाट पहुंचे. इनमें कई श्रद्धालु घर से पैदल और कई दंडवत होकर घाट पर पहुंचे थे. छठ घाट जाने के मार्गों में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फलों का वितरण किया. जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री भाजपा नेता लक्की सिंह द्वारा सुभाष क्लब रांगामाटी में भगवान सूर्य की प्रतिमा के पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण किया. वहीं पूर्व पार्षद भाजपा नेता दिनेश सिंह ने शहरपुरा शिव मंदिर स्थित भगवान भास्कर की प्रतिमा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया. उन्होंने इस मौके पर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया.

### महुदा
## फल और गंगाजल का किया वितरण



महुदा क्षेत्र के विभिन्न छठ तालाबों, दामोदर नदी एवं जमुनिया नदी में उदीयमान भगवान भास्कर को सोमवार प्रातः अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न हो गया. इस दौरान दर्जनों भक्तों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार छठ व्रतियों के बीच फल, गंगाजल का वितरण किया. जिला परिषद के अध्यक्ष शारदा सिंह अपने पैतृक गांव राधानगर तालाब में, मुखिया स्थित चौक बोकारो नदी के कापड़ा बस्ती स्थित तारवाबांध में व्रत रखकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया. महुदा बाजार, ब्रहमबाबा मंदिर स्थित छठ तालाब, दामोदर नदी के तट स्थित तैलमोचो, भाटडीह, आदि घाट पर, चौसठ क्वार्टर भुरूंगिया, तेलमच्चो स्थित छठ तालाबों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी. छठ तालाब आने जाने के रास्ते में दर्जनों जगह पर तोरण द्वार लगाए गए थे. महापर्व से दो दिन पूर्व विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, सिंधु महतो, मुखिया महेश पटवारी, रिंकू देवी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शेखर सिंह ने महुदा बाजार, महुदा मोड़, सड़क किनारे पड़ी गंदगी को जेसीबी मशीन मंगवाकर सफाई कराई थी.

### बेरमो
## नदी तट पर समितियों ने कर रखी थी व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था



बेरमो अनुमंडल के फुसरो, गोमिया, बोकारो थर्मल, तेनुघाट के दामोदर, कोनार और बोकारो नदी के तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य की उपासना की. दामोदर नदी के फुसरो हिन्दुस्तान पुल से लेकर गोमिया के बोकारो और कोनार नदी में पूजा समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी. गोमिया स्थित बोकारो नदी के एक छोर पर होसिर के संस्कार छठ पूजा समिति तो दूसरे छोर पर गोमिया पंचायत के छठ पूजा समिति की ओर से छठव्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी. छठ घाट में दोनों तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गए. छठ पूजा समिति गोमिया की ओर से घाट पर महापर्व के तीसरे दिन संध्या 3 बजे से विनायका म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भक्ति जागरण प्रस्तुत किया गया. इस दौरान बेरमो एसडीओ शैलेश कुमार, राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विधायक डॉ. लंबोदर महतो, पूर्व विधायक माधव लाल सिंह, जिप सदस्य आकाश लाल सिंह छठ घाट पहुंचे.

### बोकारो
## शहरी और ग्रामीण जलाशयों पर दिखा भक्तों के महाकुंभ का नजारा



बोकारो जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ हो गया. इस दौरान बोकारो जिले के सभी जलाशयों व तालाबों पर श्रद्धालुओं के महाकुंभ का नजारा देखने को मिला. तीसरे दिन रविवार की शाम में व्रतियों ने फलों, ठेकुआ, चावल के लड्डू सहित अन्य पूजन सामग्रियों से सजे सूप से डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया. दोपहर बाद करीब ढाई तीन बजे से श्रद्धालु घरों से छठ घाट के लिए निकलने लगे थे. महिलाओं की टोली गीत गाते हुए छठ घाट पहुंची. घरों में मिलजुल कर प्रसाद के रूप में ठेकुआ व चावल के लड्डू सहित अन्य पूजा के सामान तैयार किए गये. दउरे को पूजा सामग्रियों से साज-सजावट कर घाट के लिए श्रद्धालु निकले. बोकारो नगर के सिटी पार्क, गरगा नदी, गरगा डैम, टू टैंक गार्डेन, जगरनाथ मंदिर तालाब, अयप्पा मंदिर स्थित तालाब, सेक्टर 4जी तालाब, कुलिंग पोंड आदि घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा गया.

### गढ़वा
## रंका गढ़ फाटक के सामने स्थापित प्रतिमा की पूजा-अर्चना

जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन हो गया. भगवान भास्कर को श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया और आराधना की. वहीं रंका गढ़ फाटक के सामने भगवान भास्कर की प्रतिमा का विधिवत पूजन रघुनाथ अखाड़ा के पुरोहित बलराम पांडेय ने की. यह कार्य राजनंदनी ग्रुप के द्वारा संपन्न कराया गया. वहीं सोनार मुहल्ला तेतरघाट छठ पूजा समिति ने लोगों को चंदन टीका लगाया. गिदियाही नदी शिव चबूतरा छठ घाट तेतर नदी, बौरहवा बाबा शिव चबूतरा नदी और बड़ा तालाब में छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मन्नतें मांगी.



### गोड्डा
## मूलर्स टैंक, कझिया नदी में उमड़ी भीड़



छठ के मौके पर शहर के मूलर्स टैंक, राज कचहरी, पोखर, भतडीहा तालाब, शिवगंगा घाट के अलावा कझिया नदी के तट पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई. ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पर्व को लेकर उत्साह था. जिला मुख्यालय से सटे गांवों सिमरातरी, कनभारा, परसा, सरौतिया, पथरा में भी विधि विधान के साथ पर्व मनाया गया. सभी आम और खास, बड़े-छोटे, महिला-पुरुष नहा धोकर श्रद्धापूर्वक विभिन्न घाटों पर अर्घ्यदान किया. अपनी आस्था और मनौती के अनुसार कई व्रती महिला पुरुष घाट पर दंड देते हुए पहुंचे थे कई लगातार जल में खड़े होकर पूजा अर्चना की. स्थानीय विधायक अमित मंडल ने विभिन्न घाटों पर घूम घूमकर लोगों का हाल जाना और अर्घ्यदान में भाग लिया. जिला के विभिन्न प्रखंडों पथरगामा बसंतराय पौडेयाहाट महगामा मेहरमा में भी हर्षोल्लास के साथ छठ पर्व मनाया गया. बलबड्डा गांव में नवनिर्मित सूर्य मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद था.

### बाघमारा
## बड़का तालाब में उमड़े श्रद्धालु



महापर्व छठ पूजा बाघमारा, डुमरा हरिना, भीमकनाली, माटीगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर रविवार के दिन अस्ताचलगामी एवं सोमवार प्रातः उदीयमान भगवान भास्कर को श्रद्धालुओं ने अर्घ्य अर्पित किया. इस मौके पर बाघमारा के बड़का तालाब, डुमरा के सायर बांध, राजा बांध, तेली बस्ती के तेलिया बांध, माटीगढ़ के जमुनिया डैम नदी, भीमकनाली के चौधरी तालाब समेत अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी. इस शुभ मौके पर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ छठव्रतियों ने परिवार जनों की सुख समृद्धि की कामना की. मौके पर सभी छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. बाघमारा के बड़का तालाब, डुमरा के सायर बांध एवं माटीगढ़ डैम नदी में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी. मौके पर लायंस क्लब, शौर्य क्लब, सेवन स्टार क्लब एवं अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल, दूध एवं खीर आदि का वितरण किया गया.

### गिरिडीह
## घाटों पर थी विशेष व्यवस्था



उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को यहां लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हो गया. इस महापर्व को देखते हुए जिले सहित प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे. साथ ही घाटों पर पूजा समितियों द्वारा लाइटिंग और साउंड की व्यवस्था की गई थी. इस दौरान छठ पर्व के गीत भी बजाए जा रहे थे. इधर इस महापर्व को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बलों की तैनाती की गई थी. पूजा समितियों की ओर से व्रतियों के लिए फल और दूध की भी व्यवस्था की गई थी.सोमवार को अहले सुबह ही श्रद्धालु घाटों में पहुंचने लगे थे. घाटों पर समाजिक संगठनों और पूजा समितियों की ओर से गंगा जल, फल और दूध की व्यवस्था की गई थी.

### किरीबुरु
## उत्साह, उमंग के साथ मना छठ



किरीबुरु में लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह, उमंग और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया. किरीबुरु स्थित लोकेश्वर नाथ मंदिर तालाब छठ घाट पर व्रतियों ने अर्घ्य दिया. इसके अलावे घाट के चारों ओर लोगों की भीड़ पटाखे जलाते व खुशियां मनाते नजर आई. महिलाएं छठ व्रतियों के साथ छठ गीत गाती खाली पांव घाट पहुंच रही थी. घाट पर उमेश होटल की ओर से निःशुल्क चाय का स्टॉल लगाया गया था. सेल प्रबंधन द्वारा छठ घाट की साफ-सफाई व रंग-रोगन के अलावे तमाम सड़कों पर टैंकर से पानी का छिड़काव किया गया. मंदिर कमेटी की तरफ से घाट के चारों तरफ बेहतर तरीके से रंग-बिरंगी लाइटें लगाई गई थी ताकि व्रतियों को आने जाने में कोई दिक्कत नहीं हो.

### घाटशिला
## घाटों पर उमड़ी भक्तों की भीड़



चार दिवसीय छठ महापर्व घाटशिला में संपन्न हो गया. इस दौरान विभिन्न घाटों में भक्तों की भीड़ उमड़ी. छठ घाटों में व्रतियों की सुविधा के लिए कमेटी द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी. पुजारी द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं को अर्घ्य दिलाया. घाटशिला के बुरुडीह डैम, राजस्टेट, आमाईनगर, गोपालपुर तथा मऊभंडार स्थित स्वर्णरेखा नदी में श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया. सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा सभी छठ घाट पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी भी नियुक्त किए गए थे. इस मौके पर विधायक रामदास सोरेन, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी सतवीर रजक प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रद्धा पूर्वक अर्घ्य कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की.

### आदित्यपुर
## 11वें वर्ष क्षत्रिय युवा संघ ने खरकई घाट पर लगाया शिविर



आदित्यपुर में छठ सम्पन्न हो गया. इस दौरान झारखंड क्षत्रिय युवा संघ के द्वारा पिछले 11 वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयप्रकाश उद्यान आदित्यपुर में खरकई घाट पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित राज्य के पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने फीता काटकर किया. मौके पर झारखंड क्षत्रिय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह एवं केंद्रीय संरक्षक नंदकुमार प्रमुख रुप से उपस्थिति रहे. सेवा शिविर को सफल बनाने में युवा इकाई के अमरेंद्र सिंह, कुमार प्रभाकर सिंह, अमित सिंह, तेज प्रताप सिंह रोहित सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा.

### मनोहरपुर
## अहले सुबह घाटों पर जुटने लगी थी भक्तों की भीड़,भारी उत्साह



उदीयमान भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के उपरांत सोमवार को छठ व्रतियों की पूजा संपन्न हो गई. चार दिवसीय छठ पूजा को लेकर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया. विदित हो कि छठ पर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं छठ पूजा समिति के द्वारा छठ घाट जाने वाले मुख्य मार्ग की साफ सफाई व जल का छिड़काव कराया गया था. यहां अहले सुबह घाटों पर भक्त जुटने लगे थे. सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां की गई थी. अलग अलग कमेटियां घाटों पर भक्तों से सहयोग करती देखी गई.

### नोवामुंडी
## स्वर्ण रेखा नदी तट पर सूर्य को अर्घ्य के लिए उमड़े भक्त



लोक आस्था का पर्व सोमवार को संपन्न हो गया. इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बनकटा पंचायत स्थित वर्णिपाल स्वर्ण रेखा नदी तट पर प्रातः चार बजे से पहुंच कर उगते सूरज को अर्घ्य दिया. व्रतियों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और इसके बाद व्रत का पारण किया. घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. विभिन्न कमेटियों के लोग भी भक्तों की सेवा में लगे हुए थे. छठ पर्व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए गुड्डू पांडे, पिंटू महतो , प्रदीप ठाकुर, रहित सिंह, सुजन मन्ना, छोटन पांडे ,राहुल सिंह, प्रदीप पांडे, रामस्वरूप सिंह, आकाश ठाकुर, सुजीत ठाकुर आदि लगे हुए थे.

### बहरागोड़ा
## हर घाट पर लगा भक्तों का जमघट



गुवा तथा बड़ाजामदा में लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया. छठ व्रतियों ने सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया. इस दौरान गुवा के कुसुम स्थित छठ घाट, कल्याण नगर स्थित घाट तथा योग नगर स्थित छठ घाट में श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गुवा प्रशासन की ओर से विभिन्न घाटों पर पुलिस बल के जवान तैनात रहे. वहीं बड़ाजामदा में आदर्श मध्य विद्यालय के पास स्थित घाट, नालदा गेट के पास स्थित छठ घाट तथा सत्संग विहार मंदिर के पास स्थित बोकना छठ घाट में व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया.

▼ ब्रीफ खबरें

## युवक ने फंदे से लटक कर दी अपनी जान

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ निवासी स्व. हर्षनाथ पाठक के लगभग 30 वर्षीय छोटे पुत्र राकेश पाठक उर्फ संतु पाठक ने अपने घर में सोमवार की सुबह फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली. स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक के परिजन छठ घाट से लौटकर घर पहुंचे तो देखा कि संतु पाठक अपने कमरे की छत पर प्लास्टिक के रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ है. इसके बाद परिजनों के द्वारा इसकी सूचना झरिया थाना को दी. मौके पर झरिया थाना पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे शहीद निर्मल महतो अस्पताल भेज दिया.

## अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा

**गढ़वा ।** रंका एनएच 343 गुलरिया ढोढ़ा के पास अनियंत्रित होकर बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से हो गया है. घायलावस्था रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एम्बुलेंस से लाया गया जहां उसकी इलाज चिकित्सक गोरखनाथ पाण्डेय के द्वारा किया जा रहा है. बताते चले कि रंका एनएच 343 गुलरिया ढोढा के पास एक ही बाइक में चार व्यक्ति उड़सुगी गढ़वा से रंका आ रहे थे. बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे 19 वर्ष के राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है. जिसे 108 से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर गोरखनाथ पांडेय के द्वारा बेहतर इलाज करते हुए बेहतर उपचार के लेकर गढ़वा रेफर कर दिया गया है. इस संबंध में जय मंगल तिर्की ने बतलाया कि हम लोग एक ही बाइक से चार व्यक्ति गढ़वा उड़सूगी से रबदा खुर्रा प्रदीप कुमार के घर जा रहे थे . इसी क्रम में एन एच 343 गुलरिया ढोड़ा के पास अनियंत्रित होकर मोड पर बाइक गिर गई.

## पुलिस ने साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह ।** एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर तकनीकी शाखा के सहयोग से एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल के सहयोग से गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम लेदो से एक व्यक्ति को साइबर अपराध करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया. पकड़े गये युवक का नाम मो.बारिक अंसारी ग्राम गांरीपुर, थाना चकाई, जिला जमुई का रहने वाला है . अपराध करने का तरीका एयरटेल मित्रा एप्प तथा एयरटेल पेमट बक के माध्यम से ग्राहकों का राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए लाभुक को फोन करता था. जिसके बाद लाभुक के नाम पर जिला कार्यालय से फोन कर ओटीपी मांगता है. उसके बाद लाभुक के खाते से पैसे को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते था. इस काम के लिए ये सीरियल कॉल के अतिरिक्त साधन के रूप में विभिन्न वाटसऐप, टेक्सट मैसेज एवं जीमेल के माध्यम से गाहकों को फर्जी लिंक भेजते है. तो उसका सारा नीजि डेटा इनको प्राप्त हो जाता है.

## मखातू की सहिया की ब्रेन ट्यूमर से हुई मौत

**गढ़वा ।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सहिया संगीता देवी 40 वर्ष का ब्रेन ट्यूमर से मौत हो गई है . गांव वाले ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सहिया पिछले दिनों से बीमार थी. जिनकी इलाज रिम्स में किया जा रहा था. इलाज क्रम में इनका निधन गत रात्रि हो गया है. उनके निधन से सहिया समूह के लोगों ने दुख व्यक्त किया है.

### मसकल लाइब्रेरी कमारहातु का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया, कई बुद्धिजीवी हुए शामिल

# जीवन में शिक्षा सबसे जरुरी चीज है : बुड़ाए सारू

संवाददाता । चाईबासा



**समारोह संपन्न**

- विद्यार्थियों के बीच विविध प्रतियोगिता का आयोजन
- सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

मसकल लाइब्रेरी कमारहातु का स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सदर अंचलाधिकारी बुड़ाए सारु ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा से जुड़े रहना अति आवश्यक है. अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो शिक्षक के अलावा समाज के बुद्धिजीवियों का मार्गदर्शन का अनुसरण कर शिक्षा से अवश्य जुड़ें. विशिष्ट अतिथि लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप ने कहा कि हम नब्बे फीसदी किताबों और दस फीसदी डिजिटल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करें. चूंकि किताबें पढ़कर ही हम कई रचनात्मक एवं सकारात्मक ज्ञान अर्जित कर सकते हैं. डिजिटल का सहारा हम सीमित दायरे में आवश्यकतानुसार ले सकते हैं. चूंकि यह कभी -कभी हमें नकारात्मक चीजों की ओर आकर्षित कर सकती है. उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि लाइब्रेरी परंपरा को लेकर सरकार हमारे साथ है और हर पंचायत में लाइब्रेरी संचालित करने की योजना चल रही है. कार्यक्रम में बाल संस्कार केन्द्र असुरा के निदेशक सिकंदर बुड़ीउली और प्राथमिक विद्यालय गुड़ा के प्रधान शिक्षक दामु सुंडी ने संबोधित किया. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एलकेजी से लेकर स्नातक के विद्यार्थियों के बीच चित्रांकन, निबंध, सामान्य ज्ञान, क्विज व भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया. इस दौरान सदर एसडीपीओ दिलीप खलखो, डॉ. दुलमु बिरुली, इंजीनियर विनोद कुमार हांसदा और कोल्हान एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष चंद्रमोहन बिरुवा ने बच्चों का हौसला अफजाई किया.

प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों सूरज तुबिद,जयमती देवगम, अनिता देवगम, विजय देवगम,अनिकेत देवगम, अमन देवगम, मुन्नी देवगम, कैलाश देवगम, लक्ष्मण पाट पिंगुवा, विष्णु पाट पिंगुवा, कृष्णा सिंकू, सोनाराम देवगम, सोमा देवगम,राम देवगम, सपना कालुंडिया, राकेश देवगम आदि को अतिथियों के हाथों प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया. इस दौरान सुषमा देवगम और श्रीमोती देवगम ने एकल नृत्य व शिक्षा का महत्व का संदेश विषय पर नाटक प्रस्तुत किया और शिक्षक द्वय संजय कुमार जारिका और विद्यासागर लागुरी ने मधुर प्रेरक गीत पेश किया.

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- मैग्सेसे अवार्ड पाने वाले पहले भारतीय कौन थे – विनोबा भावे
- कोरोना काल में दुनिया का सबसे पहला मास्क मुक्त करने वाला देश – इजरायल
- किस शहर को ईश्वर का निवास स्थान कहा जाता है – प्रयाग
- विटामिन ए का रसायनिक नाम क्या है – रेटिनोल
- सांडर्स की हत्या किसने की थी – भगत सिंह
- सीएफडीए फैशन आइकन पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली एथलीट – सेरेना विलियम्स
- 1952 में विशाल कोहरा किस शहर में हुआ था – लंदन
- दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधि का नाम – विजय घाट
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष – विजय लक्ष्मी पंडित
- भारत के किस राज्य का राजभाषा अंग्रेजी है – नागालैंड

### 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# हर पंचायत में लगेगा शिविर




दिलीप कुमार । चांडिल

राज्य सरकार के चार पूरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतवार शिविर लगाया जाएगा. सभी पंचायतों में लगने वाले शिविर को लेकर पूर्व के तिथि में परिवर्तन कर नया तिथि निर्धारित किया गया है. अब इसके तहत 24 नवंबर से लेकर 26 दिसंबर तक शिविर लगाया जाना है. इसको लेकर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंडों के साथ कपाली नगर परिषद में तैयारी जोरों पर चल रही है. राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजना को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह है. इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनके शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया जाएगा. कपाली नगर परिषद में 24 नवंबर से वार्डवार शिविर का आयोजन किया जाएगा.

बता दें कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस कार्यक्रम की सफलता और उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार ने तीन वर्ष पूरे होने पर फिर से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया था. इसके तहत पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेने और जांचोपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही उपलब्ध कराने की पहल की गई थी. अब सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य पर तीसरी बार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है. इस दौरान चांडिल अनुमंडल के चारों प्रखंड चांडिल, ईचागढ, कुकडू व नीमडीह के सभी पंचायतों और कपाली नगर परिषद के सभी वार्डों में शिविर आयोजित कर आमजनों को लाभान्वित किया जाना है. शिविर के लिए जिलास्तर से वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है.

## अनुमंडल क्षेत्र में लगने वाले शिविर स्थलों की तिथिवार सूची

| तिथि | चांडिल | ईचागढ़ | नीमडीह | कुकड़ू |
|---|---|---|---|---|
| 24 नवंबर | तामुलिया | - | - | लेटेमदा |
| 25 नवंबर | रूदिया | सितु | गुंडा | - |
| 28 नवंबर | आसनबनी | सोड़ो | - | - |
| 29 नवंबर | रुचाप | - | चिंगड़ा पाड़कीडीह | ईचाडीह |
| 30 नवंबर | - | तिरूलडीह | - | - |
| 01 दिसंबर | रसुनिया | - | आदरडीह | जानुम |
| 02 दिसंबर | चिलगु | टीकर | - | - |
| 04 दिसंबर | भादुडीह | - | गौरडीह | - |
| 05 दिसंबर | घोड़ानेगी | नदीसाई | - | - |
| 06 दिसंबर | - | देवलटांड | बाड़ेदा | - |
| 07 दिसंबर | चावलीबासा | - | - | - |
| 08 दिसंबर | - | बांदु | सामानपुर | - |
| 09 दिसंबर | चौका | - | - | - |
| 11 दिसंबर | हेंसाकोचा | - | झिमड़ी | - |
| 12 दिसंबर | खूंटी | गौरांगकोचा | तिल्ला | - |
| 13 दिसंबर | - | - | - | बेरासीसिरुम |
| 14 दिसंबर | - | गुदड़ी | - | - |
| 15 दिसंबर | मातकमडीह | - | लुपुंगडीह | कुकड़ू |
| 16 दिसंबर | - | पातकुम | - | - |
| 18 दिसंबर | धुनाबुरु | - | चेलियामा | तिरुलडीह |
| 19 दिसंबर | - | चिमटिया | - | पारगामा |
| 20 दिसंबर | झाबरी | - | - | - |
| 21 दिसंबर | - | लेपाटांड | टेंगाडीह | - |
| 22 दिसंबर | उरमाल | - | - | ओड़िया |
| 23 दिसंबर | - | मैसाड़ा | लाकड़ी | - |
| 26 दिसंबर | - | तुता | हेवेन | - |

### नगरकीर्तन की तैयारी को लेकर सेंट्रल सिख नौजवान सभी ने की बैठक

# सिख नौजवान सभा ट्रैफिक संभालेगी

संवाददाता । जमशेदपुर



27 नवंबर को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाशपर्व पर बिस्टुपुर 'जी' टाउन गुरुद्वारा साहिब से निकलने वाले नगरकीर्तन पर सेंट्रल सिख नौजवान सभा एक बार फिर ट्रैफिक कंट्रोलिंग की सेवा निभाएगी. इस विषय पर सेंट्रल सिख नौजवान सभा की एक बैठक सोमवार को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के कार्यालय में सभा के प्रधान अमरीक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जहां विभिन्न नौजवान सभा यूनिटों को नगरकीर्तन ट्रैफिक कंट्रोलिंग की सेवा सौंपी गई. बैठक से पूर्व बारीडीह के मनप्रीत सिंह द्वारा की गयी.

**विभिन्न यूनिटों को बांटी गई सेवाएं :** अरदास के बाद आगामी 27 नवंबर को गुरु साहिब नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर गहन चर्चा करते हुए विभिन्न यूनिटों को सेवाएं बांटी गई. जिसके तहत नगरकीर्तन में आगे की सेवा जेम्को, आजादबस्ती को, पालकी सभी के आगे तार कंपनी (इंद्रानगर) व संत कुटिया, स्कूली जत्थों से पालकी साहिब तक बायीं ओर, बारीडीह, गोलपहाड़ी और नामदाबस्ती, स्कूली जत्थों से पालकी साहिब तक दायीं ओर किताडीह, बिरसानगर, बर्मामाइंस, स्त्री सत्संग सभा जत्था से आखिर तक बायीं ओर, सीतारामडेरा, मनीफीट और बिस्टुपुर, स्त्री सत्संग सभा जत्था से आखिर तक दायी ओर, किताडीह, टिनप्लेट और कदमा, नगरकीर्तन के अंतिम छोर पर मानगो नौजवान सभा यूनिट की सेवा रहेगी. इसके अलावा विशेष एम्बुलेंस सेवा में राजवीर सिंह भाटिया (7260014399) सेवा निर्वहन करेंगे.

# सेल आरबीयू के समारोह में शामिल हुए अधिकारी

संवाददाता । रांची

सेल, रांची बिजनेस यूनिट्स (आरबीयू) में सोमवार को 'सेल विजन स्टेटमेंट' अभियान का पुनः प्रारूपण औपचारिक रूप से शुरू किया गया. सभी आरबीयू के ईडी, सीजीएम और वरिष्ठ अधिकारियों ने एमटीआई के हॉल 2 में समारोह में भाग लिया. जिसका समापन उपरोक्त उद्देश्य के लिए एक प्रश्नावली भरने के साथ हुआ. इस दौरान निर्विक बनर्जी, ईडी प्रभारी (आरडीसीआईएस), आशीष चक्रवर्ती, ईडी (एसएसओ, एचआरडी का अतिरिक्त प्रभार), वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) और संदीप कर, ईडी (आरडीसीआईएस) ने सत्र में कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया. इस पर एक प्रस्तुति सीजीएम (एचआरडी) संजय धर द्वारा दी गई. वहीं यह कार्यक्रम एसएम जाचुक, सीजीएम (पीएंडए) द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ. बता दें कि आरबीयू के सभी कर्मचारियों की भागीदारी का अनुरोध करने के लिए व्हाट्सएप, ई-मेल, आरबीयू के पोर्टल आदि जैसे सभी जन संचार मंचों पर एक ही प्रश्नावली प्रसारित की गई थी. इसमें सेल जैसे महारत्न पीएसयू का विज़न स्टेटमेंट समकालीन बिजनेस इकोसिस्टम के साथ सावधानीपूर्वक विकसित किया जा रहा है.

## अवैध कोयला लदे 7 ट्रक जब्त, पांच गिरफ्तार हुए

**गिरिडीह :** गिरडीह पुलिस ने बगोदर से अवैध कोयला लदे 7 ट्रकों को जब्त करते हुए इनमें से पांच के चालकों को गिरफ्तार किया है. दो ट्रक चालक पुलिस को देख गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए. बताया जाता है कि गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा को बीते 18 नवंबर को कोयला तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी. एसपी के निर्देश पर बगोदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 चालकों को दबोच लिया. बगोदर सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम और डुमरी एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीटी रोड पर वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया.

# बाल अधिकार और कानून के बारे में किया गया जागरूक



संवाददाता । चक्रधरपुर

चक्रधरपुर प्रखंड की टोकलो स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को विश्व बाल अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस जागरुकता कार्यक्रम में भरनिया व नलिता पंचायत के विभिन्न गांव के बच्चों ने हिस्सा लिया.जहां मुख्य रुप से भरनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मथुरा गागराई,प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड,डकुवा उपस्थित हुए. इस दौरान समन्वयक एस्पायर संस्था के प्रदीप कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधन करते हुये एस्पायर संस्था द्वारा बच्चों के लिए किये जाने वाले कार्य के बारे में विस्तारपूर्वक बताया.उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को अवश्य रुप से विद्यालय भेजे, सरकार द्वारा बच्चों के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है,लेकिन जानकारी के अभाव में अधिकांश बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है.

# तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता शुरू

संवाददाता । किरीबुरु



सारंडा विकास समिति एवं सारंडा महिला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में तथा टाटा स्टील लौंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सहयोग से तीन दिवसीय फुटबाल व अन्य खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवम्बर से हुआ प्रारम्भ. यह प्रतियोगिता सारंडा के गंगदा पंचायत अन्तर्गत दुईया फुटबाल मैदान में 20 नवम्बर से 22 नवम्बर तक आयोजित होगा. इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ टीएसएलपीएल के खदान प्रबंधक एन के एस राव, विशिष्ट अतिथि खदान के सीएसआर अधिकारी ए के सोनी एवं मुखिया राजू सांडिल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया. इस प्रतियोगिता में गंगदा, छोटानागरा एवं बुंडू पंचायत के 18 गांव शामिल हो रहे है. जो गांव प्रतियोगिता में शामिल हैं उसमें जामकुंडिया, लेम्ब्रे, दुईया, पेचा, रोवाम, घाटकुडी, गंगदा, अगरवाँ, चुर्गी, ममार, दोदारी, सलाई, बुंडू, कदालसोकवा, हाकाहाटा, हिनुआ, कुम्बिया एवं छोटा जामकुंडिया शामिल है. समिति के अध्यक्ष सह गंगदा पंचायत के मुखिया राजू सांडिल एवं समिति के सचिव सह सारंडा पीढ़ के मानकी लागुडा. देवगम ने बताया की 20 और 21 नवम्बर को 18 गांवों की टीमों के बीच फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित होगा. 22 नवम्बर को महिला व पुरुषों का अलग-अलग दौड़, साईकल रेस, मेढ़क रेस, जलेबी रेस, चम्मच-गोटी, तीर-धनुष, जीके, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होगी. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों व खिलाड़ियों से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा. प्रतियोगिता के विजेता को आकर्षक पुरस्कार देने के अलावे 22 नवम्बर की शाम खिलाडियों के विशेष मनोरंजन हेतु दुईया में आर्केस्ट्रा प्रोगाम आयोजित की जायेगी जिसमें झारखण्ड, ओडिशा व बंगाल के कलाकार शामिल होंगे.

# योग प्रतियोगिता में धनबाद पब्लिक स्कूल बना चैंपियन




संवाददाता । धनबाद

सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में धनबाद पब्लिक स्कूल की टीम ने अंडर-14 बालक वर्ग में नेशनल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है. धनबाद पब्लिक स्कूल झारखंड का पहला स्कूल है, जिसने राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है. यह जानकारी स्कूल के प्रशिक्षक शशिकांत पांडे ने दी. उन्होंने बताया कि 16 से 20 नवंबर के बीच केडीबी पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में धनबाद पब्लिक स्कूल के अंडर-14 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में मानस, मयंक कुमार, निखिल राज, नयन दत्त, भास्कर कुमार मंडल, प्रशिक्षक शशिकांत पांडे और पिंकी सिंह शामिल हैं. सभी विजेताओं को स्कूल के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्रवाल ने बधाई दी.

**महोत्सव** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में निशा पांडेय और ममता राउत के भक्ति गीतों ने बांधा समां

# ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल, छठ गीतों पर झूमे लोग

संवाददाता । जमशेदपुर

सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सूर्य मंदिर समिति की ओर से रविवार शाम आयोजित छठ महोत्सव में लोगों का जबरदस्त उत्साह दिखा. मंदिर परिसर के शंख मैदान में आयोजित छठ महोत्सव में ओडिशा राज्य के राज्यपाल रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे. इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत तमाम पदाधिकारी व अन्य गणमान्यजनों की मौजूदगी रही.

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायिका निशा पांडेय, सुर संग्राम की विजेता एवं ख्याति प्राप्त गायिका ममता राउत व जमशेदपुर की उभरती गायिका स्नेहा मिश्रा व डेजी ठाकुर ने छठ लोकगीत एवं भक्ति गीतों से सभी लोगों का मन मोह लिया. गायिका निशा पांडेय ने जैसे ही गाना शुरू किया तो लोग उत्साह से भर गए और करतल ध्वनि से सराहना करते हुए अभिनंदन किया.

छठ पर्व से जुड़े गीत 'छठी माई दे देतु ललनवा' व 'बहंगी उठायी मोदी जी- योगी जी'' समेत अलग-अलग गीतों की स्वर लहरियों का उपस्थित लोगों ने जमकर आनंद उठाया. वहीं, सुर संग्राम की विजेता व मशहूर लोक गायिका ममता राउत ने 'बहंगी लचकत जाए' व 'कांच ही बांस के बहंगिया' जैसे लोकप्रिय छठ गीतों से संमा बांध दिया. कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उत्साहित होकर कार्यक्रम के अंतिम कड़ी तक मंच के समीप डटे थे.



**संवैधानिक दायरे में रहकर करेंगे आकांक्षा को पूर्ण :** रघुवर दास ने कहा कि शीतला माता और छठ मैया के आशीर्वाद से अब कलियुग के भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी की पावन भूमि ओडिशा राज्य की सेवा करने का अवसर मिला है. वे संवैधानिक दायरे में रहकर ओडिशा और झारखंड की जनता के आशा एवं आकांक्षा को पूर्ण करने की दिशा में पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे. उन्होंने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और छठ महोत्सव सम्पन्न कराने में लगे समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी. इससे पहले, सूर्य मंदिर समिति की ओर से सभी कलाकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया. इस दौरान मंच संचालन समिति के वरीय सदस्य दिनेश कुमार ने किया.

**शीतला माता की कृपा से मिला जनता का प्रेम**

राज्यपाल रघुवर दास ने देशवासियों व झारखंडवासियों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश भर में आस्था व विश्वास का प्रतीक छठ पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है. भगवान भास्कर से यह आराधना है कि आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो . उन्होंने कहा कि देश ही नही बल्कि पूरे विश्व भर के जनमानस छठ पूजा को पूरी भक्ति और शक्ति के साथ मनाते हैं. छठ महापर्व एक भारत–श्रेष्ठ भारत का सर्वोच्च उदाहरण है जिसमें सभी लोग जाति, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर एक साथ पर्व की खुशियां मनाते हैं. शीतला माता की असीम कृपा और ईश्वर के दूसरे स्वरूप जनता के आशीर्वाद से संघर्षरत मजदूर को जनता ने लगातार प्यार और आशीर्वाद प्रदान किया.

**पेज एक का शेष**

## तस्करों ने कोयला तस्करी का ट्रेंड बदला...

पुलिस सबकुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे रहती है, क्योंकि कोल तस्कर पुलिस प्रशासन को भी उपकृत करते रहते हैं. कोयला तस्कर कोयले की काली कमाई से खुद तो मालामाल हो ही रहे हैं, पुलिस प्रशासन को भी हर माह मोटी रकम पहुंचा रहे हैं, ताकि अवैध कारोबार फलता फूलता रहे.

सूत्रों के अनुसार निरसा की ही एक फैक्ट्री से हर माह करीब डेढ़ करोड़ के अवैध कोयले का कारोबार होता है. बड़ी राशि होने के कारण क्षेत्र के कोयला तस्कर रणनीति के तहत संगठित होकर रणनीति के तहत एक थाना क्षेत्र के एक ही उद्योग में कोयला तस्करी का काला खेल खेल बेखौफ खेल रहे हैं, बताते चलें कि राजनीतिक दबाव के कारण गरीब लोगों साईकिल से कोयला ढोने वालों को कुछ छूट मिली हुई है, पर इसका फायदा कोयला चोर व तस्कर उठा रहे हैं. तस्करों ने साईकिल व मोटरसाईकिल गैंग ही तैयार कर लिया है, ताकि उनके सहारे छोटे-छोटे स्तर पर फैक्ट्री में कोयला जमा कर उसकी सप्लाई कर सकें. ईसीएल की विभिन्न वैध-अवैध खदानों से चोरी किया कोयला साईकिल व मोटरसाईकिल के जरिए निरसा, कालूबथान व मैथन स्थित नामचीन कोयला आधारित फैक्ट्रियों में पहुंचाया जा रहा है. फिर वहां से कोयले को ट्रकों के माध्यम से बंगाल भेजने का क्रम बदस्तूर जारी है. रात ढलते ही कोयला तस्करों का खेल भी शुरू हो जाता है और पौ फटने से पहले खत्म हो जाता है.

▼ ब्रीफ खबरें

### मौसम ने ली करवट, गिरा तापमान

**पटना ।** प्रदेश में मौसम तेजी से करवट बदलने लगा है. कई शहरों के तापमान में गिरावट देखने को मिली है. पटना समेत भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, दरभंगा में तापमान में कमी आई है जिसकी वजह से सोमवार को छठ पूजा के अंतिम दिन लोगों को गर्म कपड़े निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा. मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को पटना का न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री है जबकि अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक जा सकता है. वहीं भागलपुर की बात करें तो यहां न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक है अधिकतम यहां भी 31 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

### बांसवाड़ी में लटका मिला युवक का शव

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में सोमवार को एक युवक का शव बांसवाड़ी में संदिग्ध हालात लटकता मिला है. घटना छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के नारायण पीपड़ पंचायत स्थित पनसल्ला गांव के मोइन टोला के समीप की है. मृतक पन्नसल्ला गांव के वार्ड संख्या-आठ निवासी सूरज दास के 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रुप में की गई है. सोमवार की सुबह युवक का शव मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया, सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई तथा ग्रामीण पथ भी जाम हो गया है.

### हत्या मामले में 2 महिला सहित 4 लोग गिरफ्तार

**पटना ।** पटना के मनेर थानाक्षेत्र के सादिकपुर गांव में बीते दिनों आपसी रंजिश में एक गर्भवती महिला पूजा देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है. जिसके पास से घटना में उपयोग किए गए हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है. इस पूरे मामले पर दानापुर एएसपी अभिनव धीमान ने बताया कि मनेर थानाक्षेत्र के सादिकपुर गांव में आपसी रंजिश में दो पड़ोसियों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी. जिसमें एक आठ महीने की गर्भवती महिला की मौत हो गई थी.

# लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

संवाददाता । पटना

बिहार के सबसे लोकप्रिय त्योहार छठ के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को व्रतियों ने राज्यभर में गंगा समेत अन्य नदियों और तालाबों के किनारे पानी में खड़े होकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण किया. इसी के साथ भगवान भास्कर की आराधना के प्रति समर्पित यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के एक अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर बनाये गये एक जल कुंड में परिवार के व्रती सदस्यों के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया.



सांसद चिराग पासवान

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- बिहार का राज्यचिन्ह क्या है – बोधिवृक्ष
- भारत और किस देश ने 'इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज' का उद्घाटन किया है – ब्रिटेन
- सुनील गंगोपाध्याय का पहला उपन्यास कौन था – आत्मोप्रकाश
- विश्व का सबसे लंबा महाकाव्य कौन है – महाभारत
- किस देश ने फीबा बास्केटबॉल विश्वकप 2023 का खिताब जीता – जर्मनी
- बिहार के जीटी रोड का क्या नाम है – एनएच 2
- कंथक का गौतम बुद्ध के जीवन में क्या संबंध था – घोड़ा
- नाचने वाला हिरन भारत के किस प्रदेश में पाया जाता है – मणिपुर
- पावरपॉइंट सॉफ्टवेयर किसने बनाया था – डेनिस ऑस्टिन
- औरंगजेब के समय पटना का नाम क्या रखा गया – अजीमाबाद
- लखनऊ में पहली बार क्या आयोजित की गई – ट्रांसजेंडर प्राइड वॉक
- बिहार में पहली बार विधानसभा चुनाव कब हुआ – 1937

## छठ मना कर लौट रहे परिवार के 6 लोगों को मारी गोली
# भाई-बहन समेत 3 की मौत

संवाददाता । लखीसराय

लखीसराय में छठ महापर्व पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर लौट रहे पूरे परिवार को सनकी आशिक ने गोलियों से भून डाला. इनमें दो भाई और एक बहन की मौत हो गई. वहीं दो बहू और ससुर की हालत गंभीर है. तीनों को पटना रेफर कर दिया गया है. घटना कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला की है.

बताया जा रहा है कि पूरा परिवार सोमवार सुबह छठ घाट से अर्घ्य देकर लौट रहा था. सभी लोग अपने घर के पास पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. जब तक लोग समझ पाते तब तक 6 को गोली लग चुकी थी. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया. इनमें से 3 लोगों की मौत हो गई. सूचना मिलते ही कबैया थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंच कर तफ्तीश में जुट गई है. लखीसराय एसपी ने बताया कि आशीष चौधरी का प्रेम-प्रसंग उक्त परिवार की एक युवती से चल रहा था. करीब तीन साल से ये प्रेम-प्रसंग चल रहा था. आशीष चौधरी युवती से शादी करना चाहता था. लड़की के परिवार वाले शादी के लिए राजी नहीं थे. कुछ दिन पहले भी इस परिवार से आशीष चौधरी का विवाद हुआ था. उसने आक्रोश में आकर इस घटना को अंजाम दिया. सोमवार को युवती अपने परिवार सहित छठ घाट से लौट रही थी तब आशीष चौधरी ने उसके घर के ही करीब ताबड़तोड़ गोली 6 लोगों को मार दी.





### गोलीकांड के विरोध में आज बंद रहेगा लखीसराय

**लखीसराय ।** लखीसराय में जिस तरह से छठ पूजा कर लौट रहे परिवार पर सनकी युवक ने जानलेवा हमला किया, उसने पूरे बिहार को झकझोर दिया है. गोलीबारी में मारे गए दोनों भाइयों के शव के साथ लोग कबैया थाने का घेराव किया और थाने के बाहर धरने पर बैठ गए. उनकी प्रशासन से मांग है कि गोलीबारी में घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सरकार कराए, साथ ही मृतकों के परिजनों को सरकार उचित मुआवजा दे और दोषी अपराधी की जल्द गिरफ्तारी हो. वहीं, दूसरी तरफ इस गोलीकांड को लेकर भाजपा ने मंगलवार को लखीसराय बंद की घोषणा की है.

**तीन की हालत गंभीर :** स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना में शशि भूषण झा के 36 वर्षीय पुत्र राजनंदन झा एवं उनके सगे भाई चंदन कुमार और बहन दुर्गा कुमारी की मौत हो गई. वहीं शशि भूषण झा, उनकी बहू प्रीति कुमारी, लवली झा की हालत गंभीर है. घटना के बाद डीएम अमरेंद्र कुमार, एसपी पंकज कुमार, एसडीओ डॉक्टर निशांत सदर अस्पताल पहुंचे हैं. मिली जानकारी के अनुसार, जिस हथियार से वारदात को अंजाम दिया गया, उसे लखीसराय पुलिस ने बरामद कर लिया है. पुलिस का कहना है कि 9 एमएम पिस्टल से गोलीबारी की गई है. इधर, लखीसराय नगर परिषद के सभापति अरविंद पासवान का दावा है कि उनके घर के पास ही आशीष चौधरी ने इस कांड को अंजाम दिया. वह पूरे परिवार को जान मारने की नीयत से आया था. उन्होंने आशीष को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वह फरार हो गया. हालांकि पुलिस आशीष चौधरी की गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है. लखीसराय पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है.

# तालाब में डूबने से सगे भाइयों की मौत गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दी

संवाददाता । पटना

पटना में सुबह के अर्घ्य के बाद पोखर में स्नान करने के क्रम में दो सगे भाइयों की मौत हो गई. घटना रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत खेमनी चक की है. घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बाईपास खेमनी चक मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया. घटना की सूचना मिलने के बाद सदर सीडीपीओ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई.

मृतकों की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी सौरभ कुमार (12) और साहिल (11) के रूप में की गई है. रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत खेमनी चक में सोमवार की सुबह तालाब पर नहाने के क्रम में दो सगे भाई के डूबने से मौत हो गई. लोगों का कहना है कि सोमवार की सुबह छठ पूजा का आयोजन खेमिनी चक स्थित तालाब पर किया गया था. इस दौरान दो सगे भाई सौरभ और साहिल तालाब में नहाने चले गए. नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए. आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों भाइयों को तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना से गुस्साए लोगों ने पटना खेमनी चक मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया.



### छपरा में भूमि विवाद में गोलीबारी, एक की मौत

**छपरा ।** छपरा में दो गुटों के बीच चली गोली में एक पक्ष से एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि दूसरे पक्ष से एक शख्स को जबड़े में गोली लगी है. घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. जबकि गोली लगने से मृत व्यक्ति की पहचान नवादा गांव निवासी 50 वर्षीय गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है.

## हाजीपुर में पटाखा फोड़ने को लेकर हुआ विवाद
# गोलीबारी में 3 लोग घायल

**हाजीपुर ।** छठ पूजा पर पटाखा फोड़ने के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई. घटना वैशाली थाना क्षेत्र के बेलका गांव की है. दो पक्षों में लड़ाई के बाद बात फायरिंग तक पहुंच गई. इसमें एक पक्ष से तीन लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. बताया जाता है कि रविवार को छठ घाट पर बच्चे पटाखा फोड़ रहे थे. इसको लेकर विवाद हुआ था. यहां भी दोनों पक्ष भिड़े थे. इसके बाद रात में घर पर जब कोसी के लिए हाथी बैठाकर पूजा हो रही थी तो यहां भी बच्चों की ओर से पटाखा फोड़ा जा रहा था. एक पक्ष के दरवाजे पर चिंगारी गिरने के बाद फिर विवाद शुरू हो गया.

## कारोबार

### टीसीएस ने एएसएक्स से किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ऑस्ट्रेलियाई बाजार को अगली पीढ़ी का समाशोधन व निपटान मंच प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभूति विनिमय एएसएक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. टीसीएस की ओर से जारी बयान के अनुसार, एएसएक्स बदलाव को सक्षम करने के लिए बाजार के बुनियादी ढांचे के लिए टीसीएस बीएएनसीएस लागू करेगा. टीसीएस उत्पाद का इस्तेमाल नकद इक्विटी समाशोधन व निपटान के लिए एएसएक्स के मौजूदा मंच को बदलने के लिए किया जाएगा.

### लार्सन एंड टुब्रो को मिला एक बड़ा ठेका

**नयी दिल्ली ।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के हाइड्रोकार्बन कारोबार को पश्चिम एशिया में एक बड़ा ठेका मिला है. कंपनी 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को 'बड़ी' (अल्ट्रा मेगा) श्रेणी में वर्गीकृत करती है. हालांकि, उसने इस ठेके के मूल्य आकार की जानकारी नहीं दी है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, एलएंडटी के हाइड्रोकार्बन व्यवसाय (एलएंडटी एनर्जी हाइड्रोकार्बन -एलटीईएच) को पश्चिम एशिया में एक प्रतिष्ठित ग्राहक से बड़े ठेके के लिए आशय पत्र मिला है.

### ओबेरॉय रियल्टी ने जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली ।** ओबेरॉय रियल्टी ने एनसीआर संपत्ति बाजार में प्रवेश करते हुए लक्ज़री आवास परियोजना विकसित करने के लिए गुरुग्राम में 597 करोड़ में करीब 15 एकड़ जमीन खरीदी है. मुंबई स्थित कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर-58 में 59,956.20 वर्ग मीटर के बराबर करीब 14.816 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए आइरियो रेजिडेंस कंपनी प्रा. लि. और अन्य के साथ बिक्री समझौता किया है. ओबेरॉय रियल्टी के अनुसार, यह लेनदेन कंपनी के एनसीआर क्षेत्र में प्रवेश का प्रतीक है.

## सरकार सहारा-सेबी रिफंड अकाउंट के अनक्लेम्ड फंड को ट्रांसफर करने पर विचार कर रही है
# सहारा पर सरकार जल्द ले सकती है बड़ा फैसला

भाषा । नई दिल्ली

निवेशकों के हित को देखते हुए सहारा पर सरकार बड़ा फैसला ले सकती है. जानकारी के अनुसार सरकार सहारा-सेबी रिफंड अकाउंट के अनक्लेम्ड फंड को कंसोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया में ट्रांसफर करने पर विचार कर रही है. इसमें बाद में दावा करने वाले निवेशकों को रिफंड का प्रावधान होगा. सहारा ग्रुफ के फाउंडर सुब्रत रॉय के निधन के बाद ये जानकारी सामने आ रही है. जानकार के अनुसार रिफंड अकाउंट स्थापित होने के बाद से पिछले 11 वर्षों में मुश्किल से ही कोई दावेदार सामने आया है. ऐसे में फंड का इस्तेमाल पब्लिक वेलफेयर के लिए भी किया जा सकता है.

वहीं बीते दिनों सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटीज के निवेशकों का पैसा लोटाने के लिए 'सहारा रिफंड पोर्टल' भी लॉन्च किया गया था. शुरुआत 5 हजार करोड़ रुपए से की गई थी. बता दें कि सुब्रत रॉय पर उनकी दो कंपनियों में नियमों के खिलाफ लोगों से पैसे निवेश करवाने का आरोप लगा था. इसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा था. दो साल तक तिहाड़ जेल में रहे और 2016 से वो पैरोल पर जेल से बाहर थे. 28 फरवरी 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने सुब्रत रॉय को 24,400 करोड़ रुपये निवेशकों को लौटाने को कहा था. तब से लेकर आज तक यह केस चल रहा है.

ये केस सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से जुड़ा है. 30 सितंबर 2009 को सहारा ग्रुप की कंपनी प्राइम सिटी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दायर किया था. डीआरएचपी के एनालिसिस में सेबी को रियल एस्टेट और हाउसिंग कंपनियों की फंड जुटाने की प्रोसेस में कमी मिली. 25 दिसंबर 2009 और जनवरी 2010 को सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) को शिकायतें मिलीं की दोनों कंपनी ओएफसीडीएस से पैसे जुटा रही हैं. ओएफसीडीएस यानी ऑप्शनली फुली कन्वर्टिबल डिबेंचर. ये डेट सिक्योरिटीज होती हैं. यह जारीकर्ता को पूंजी जुटाने की अनुमति देती हैं और बदले में जारीकर्ता मैच्योरिटी तक निवेशक को ब्याज का भुगतान करता है. सेबी को पता चला की कंपनी ने ओएफसीडीएस के जरिए 2-2.5 करोड़ लोगों से 24,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं. सेबी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सहारा ने बॉन्ड जारी करने के लिए उससे अनुमति क्यों नहीं ली? मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और 2012 में कोर्ट ने सहारा को पैसा 15% ब्याज के साथ लौटाने को कहा. निवेशकों की डिटेल्स सेबी को देने को भी कहा.



2013 में सहारा ने 127 ट्रक भेजे. इन ट्रकों में ओएफसीडीए धारकों के डॉक्यूमेंट थे. एक साथ इतने सारे ट्रक के कारण मुंबई के बाहरी इलाके में जाम लग गया. वहीं सहारा तीन महीने के भीतर पैसा नहीं जमा कर पाया तो कोर्ट ने तीन किश्तों में पेमेंट करने का आदेश दिया. सहारा ने 5120 करोड़ रुपये की पहली किश्त जमा की और बाकी पेमेंट कभी जमा नहीं किया. सहारा ने दावा किया कि वह पहले ही 90% से ज्यादा निवेशकों को पेमेंट कर चुका है. इसे साबित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सबूत मांगे. सेबी के पास भी 2-2.5 करोड़ निवेशकों में से केवल 4600 निवेशक ही पैसे का दावा करने आगे आए. इसके बाद सहारा इंडिया के बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए. अप्रैल 2013 में सेबी ने आईपीओ की फाइल भी बंद कर दी. 28 फरवरी 2014 को सुपीम कोर्ट के आदेश पर लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया.

### होगा फैसला

- बीते दिनों सहारा रिफंड पोर्टल भी लॉन्च हुआ था
- फंड का इस्तेमाल पब्लिक वेलफेयर में हो सकता है

**सुब्रत रॉय दो साल तक तिहाड़ जेल में रहे थे :** साल 2014 से सुब्रत रॉय की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गईं. हिरासत में लिये जाने के बाद रॉय को दो साल तक तिहाड़ जेल में रहना पड़ा था. इस बीच उनकी साख पर भी असर पड़ा. छोटी पूंजी की निवेश करने की नीति के साथ जनता के बीच लोकप्रिय होने वाले सहारा श्री पर लोगों ने सवाला उठाना शुरू कर दिया. इस बीच 2014 में सुब्रत रॉय पर सुप्रीम कोर्ट परिसर में एक शख्स ने काली स्याही फेंक दी और उसने सुब्रत रॉय को 'गरीबों का चोर' तक बता दिया. हालांकि साल 2016 से पेरोल पर जेल से बाहर आ गए. दूसरी ओर पटना हाईकोर्ट में भी सहारा के खिलाफ लोगों के पैसों का कई सालों से भुगतान नहीं करने का एक मामला चलता रहा. इस केस में हाईकोर्ट के गिरफ्तारी के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी. इसी बीच 14 नवंबर 2023 को रात 10.30 बजे सुब्रत रॉय का निधन हो गया. वे 12 नवंबर से कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती थे. सहारा इंडिया की तरफ से बताया गया था कि सुब्रत रॉय मेटास्टैटिक स्ट्रोक, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्याओं से पीड़ित थे. कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण उनकी मौत हो गई.

## रियल एस्टेट के सलाहकार वेस्टियन बोले
# कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग में 28% की गिरावट

एजेंसी । नयी दिल्ली

बेंगलुरु कार्यालय बाजार चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में प्रभावित हुआ. इस दौरान कार्यस्थल को पट्टे पर लेने की मांग में 28 प्रतिशत की गिरावट आई. कॉरपोरेट जगत की कमजोर मांग के बीच नई कार्यस्थलों को पट्टे पर लेने की दर में भी सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की गिरावट आई. रियल एस्टेट के सलाहकार वेस्टियन ने यह जानकारी दी. वेस्टियन ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए भारत के शीर्ष सात शहरों की अपनी कार्यालय बाजार रिपोर्ट जारी की.

बेंगलुरु में जुलाई-सितंबर तिमाही में कार्यालय स्थल की मांग सालाना आधार पर 28 प्रतिशत गिरकर 36 लाख वर्ग फुटा हो गई. यह एक साल पहले समान अवधि में 50 लाख वर्ग फुट थी. बेंगलुरु में नए कार्यस्थलों की मांग सालाना आधार पर 25 प्रतिशत गिरावट के साथ 27 लाख वर्ग फुट रही. वेस्टियन को उम्मीद है कि बड़ी आईटी कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को कार्यालय वापस बुलाने के फैसले से बेंगलुरु में कार्यालय स्थल की मांग बढ़ेगी. रिसल एस्टेट सलाहकार के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जुलाई-सितंबर में कार्यस्थल को पट्टे पर देने की सकल मांग 21 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1.31 करोड़ वर्ग फुट थी. बेंगलुरु के अलावा इसमें शामिल अन्य छह प्रमुख शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और हैदराबाद हैं. समीक्षाधीन तिमाही में इन शीर्ष सात शहरों में नए कार्यस्थल की मांग 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.34 करोड़ वर्ग फुट रही. वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने रिपोर्ट पर कहा, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारतीय कार्यालय क्षेत्र में रियल एस्टेट गतिविधियों में वृद्धि देखी गई.



## निर्णय — सोमवार को मूडीज इन्वेस्टर्स ने कहा-क्रेडिट कार्ड ऋण में औसतन 28% की वृद्धि
# असुरक्षित बैंक ऋण पर जोखिम भार बढ़ाना सही कदम

एजेंसी । नयी दिल्ली

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि व्यक्तिगत ऋण के लिए नियमों को कड़ा करने का आरबीआई का निर्णय सही है. भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज, क्रेडिट कार्ड जैसे कर्ज से जुड़े नियम को सख्त कर दिया. संशोधित मानदंड में जोखिम भार में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई.

मूडीज ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असुरक्षित ऋण तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे वित्त संस्थानों को अचानक आर्थिक या ब्याज दर के झटके की स्थिति में ऋण लागत में संभावित वृद्धि करनी पड़ती है. मूडीज ने एक बयान में कहा, उच्च जोखिम-भारित परिसंपत्तियों के जरिए से हामीदारी मानदंडों को कड़ा करना ऋण के लिए सही कदम है क्योंकि ऋणदाताओं की नुकसान से निपटने की स्थिति बेहतर करने के लिए उच्च पूंजी आवंटित करने की आवश्यकता होगी. बयान में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का असुरक्षित ऋण खंड बहुत प्रतिस्पर्धी हो गया है. इसमें कई नए प्रवेशकों सहित बैंक, एनबीएफसी और वित्त प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां इस श्रेणी में आक्रामक रूप से ऋण बढ़ा रही हैं. मूडीज के अनुसार, पिछले दो वर्षों में व्यक्तिगत ऋण में करीब 24 प्रतिशत और 'क्रेडिट कार्ड' ऋण में औसतन 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि समग्र बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि करीब 15 प्रतिशत है. साख तय करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज के लिये जोखिम भार बढ़ाकर उपभोक्ता ऋण के मानदंडों को कड़ा करने के रिजर्व बैंक के फैसले से बैंकों की पूंजी पर्याप्तता में 0.6 प्रतिशत की कमी आने की संभावना है. इस कदम से उपभोक्ताओं को जोखिमपूर्ण बैंक ऋण देना कम हो जाएगा. साथ ही विशेष रूप से गैर-बैंक क्षेत्र पर दबाव पड़ने की संभावना है. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि इससे कर्ज पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी होगी, ऋण वृद्धि कम होगी और कमजोर वित्तीय संस्थानों के लिये पूंजी जुटाने की जरूरत बढ़ेगी.



# जीडीपी वृद्धि दर 2024 में 6.3 प्रतिशत रहेगी: रिपोर्ट

भाषा । मुंबई

भारत की वास्तविक वैश्विक घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अगले साल मामूली गिरावट के साथ 6.3 प्रतिशत रहेगी. अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है. उसने कहा कि अगला कैलेंडर साल दो हिस्सों का होगा, जिसमें आगामी आम चुनाव से पहले सरकारी खर्च वृद्धि का मुख्य चालक होगा, जबकि चुनाव के बाद यह निवेश वृद्धि में खासकर निजी क्षेत्र से फिर से तेजी लाएगा. ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि वित्त वर्ष के संदर्भ में वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर के चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है. गोल्डमैन सैक्स ने कहा, इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक वृद्धि की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं. हमारा मानना है कि 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत पर मजबूत रहने की संभावना है. रिपोर्ट में कहा गया कि देश वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों, डॉलर की लगातार मजबूती और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं जैसे संभावित बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशील है. ब्रोकरेज ने कहा कि वृद्धि परिदृश्य को लेकर जोखिम समान रूप से संतुलित हैं, लेकिन मुख्य घरेलू जोखिम राजनीतिक अनिश्चितता से उत्पन्न हो रहा है, क्योंकि 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में आम चुनाव होने वाले हैं. पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के साथ चुनावी मौसम पहले से ही चल रहा है. इसके बाद आम चुनाव का मौसम शुरू होगा.

# बाइडेन-शी वार्ता के बाद

भारत समेत दुनिया के सभी प्रभावी देशों की नजर बाइडेन और जिनपिंग की मुलाकत पर थी. विश्व समुदाय के लिए भी यह मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण मानी गयी, क्योंकि इस समय दुनिया में लगातार तनाव बढ़ रहे हैं. एक ओर जहां यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध की तबाही है, तो दूसरी ओर पश्चिम एशिया में फिलस्तिनियों के हो रहे जनसंहार से उपजी चिंता भी है. ऐसे माहौल में दुनिया के दो बड़े नेताओं की मुलाकात से अनेक उम्मीदें बावस्ता होती है. इसका एक बड़ा कारण ताइवान भी है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता से दोनों देशों के संबंधों में कोई नाटकीय सुधार होने की अपेक्षा नहीं थी और ऐसा हुआ भी नहीं. अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में दोनों राष्ट्रपतियों की हुई शिखर वार्ता में जो सहमतियां बनीं, उनका सार सिर्फ यह है कि दोनों देश यह सुनिश्चित करेंगे कि बिगड़ते संबंध युद्ध भड़कने के हालात तक ना पहुंच जाएं. इस लिहाज से दोनों देशों के बीच हर स्तर पर सैन्य संवाद बहाल करने पर बनी सहमति सबसे अहम है. पिछले साल जब अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की तत्कालीन स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ताइवान की यात्रा की थी, तो उसके विरोध में चीन ने यह संवाद तोड़ लिया था. इसके अलावा चीन नशीले पदार्थ फेंटानाइल बनाने में इस्तेमाल होने वाले तत्वों का निर्यात रोकने के उपाय करने पर सहमत हुआ. अमेरिका की घरेलू राजनीति में जो बाइडेन इसे अपनी सफलता के रूप में पेश करेंगे. वैसे दोनों देशों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से संबंधित जोखिम और सुरक्षा के प्रश्न पर संवाद के लिए साझा कार्यदल बनाने का फैसला भी अहम है. एआई में ये दोनों देश अग्रणी हैं और जाहिर है, वे जो मानदंड तय करेंगे, उसका असर दुनिया पर पड़ेगा. मगर इन तीन पहलुओं के अलावा कोई बड़ी कामयाबी बाइडेन-शी वार्ता में हासिल नहीं हुई. बाकी मुद्दों पर उन्होंने अपने-अपने देशों के रुख को दोहराया. इसलिए इस बात की संभावना नहीं है कि दोनों देशों के संबंधों में गिरावट और तनाव का जो दौर है, उस पर कोई प्रभावी लगाम लग पाएगी. शी जिनपिंग ने एशिया पैसिफिक इकॉनमिक को-ऑपरेशन शिखर सम्मेलन के दौरान हुई इस मुलाकात को यह जताने का मौका बनाया कि चीन अब एक महाशक्ति है और अमेरिका को उससे उसी रूप में पेश आना चाहिए. जो बाइडेन प्रशासन ने इस मुलाकात को संभव बनाने के लिए जितना परिश्रम किया, उससे शी को अपना यह संदेश प्रसारित करने में एक हद तक सफलता भी मिल गई है. अब देखने की बात है कि क्या ये दोनों बड़ी ताकतें भविष्य में अपने आपसी संबंधों को क्या दिशा देती हैं. बाइडेन जिनपिंग की बातचीत के बाद क्या भारत के साथ भी चीन अपने तनाव को दूर करने की दिशा में साथ्रक कदम उठाएगा? दुनिया में शांति,सद्भाव,सहयोग का रिश्ता मजबूत बनाना और युद्ध से बचना जरूरी है.

> पिछले साल जब अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की तत्कालीन स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ताइवान की यात्रा की थी, तो उसके विरोध में चीन ने यह संवाद तोड़ लिया था.

## सुभाषित

**असूयैकपदं मृत्युः अतिवादः श्रियो वधः।**
**अशुश्रुषा त्वरा श्लाघा विद्याः शत्रुवस्त्रयः॥**

विद्यार्थी के संबंध में द्वेष मृत्यु के समान है. अनावश्यक बातें करने से धन का नाश होता है. सेवा करने की मनोवृत्ति का अभाव, जल्दबाजी तथा स्वयं की प्रशंसा स्वयं करना ये तीन बातें विद्या ग्रहण करने के शत्रु हैं. इसलिए जीवन में इन शत्रुओं से बचना आवश्यक है.

# क्या अरब राष्ट्रवाद का उभार संभव है?

**अतीत में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि गमाल यूसुफ नासिर के द्वारा गढ़ा गया इजिप्ट जो कभी गुटनिरपेक्ष देशों का नेता हुआ करता था, जिसने अरब राष्ट्रवाद को प्रगतिशील दिशा में मोड़ने की अथक कोशिश की, अंततोगत्वा अमेरिकी विश्व प्रभुत्व रणनीति का शिकार बन जाएगा. अमेरिका इस क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों खासकर पेट्रोलियम पर अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है.**




• देश-काल



जे.पी. नारायण

17 दिसंबर 2010 को ट्यूनीशिया में बादशाहियत के तानाशाही तंत्र के उत्पीड़न से परेशान होकर एक फल विक्रेता मोहम्मद बाऊजीजी ने हताशा में आत्महत्या कर ली थी. यह घटना एक छोटे शहर में घटी, जिसकी आबादी 40 हजार के करीब थी. बाऊजीजी के जनाजे में करीब 200 लोगों ने भाग लिया था. पूरा शहर फल विक्रेता की आत्महत्या से शोक और आक्रोश में डूब गया.यहां से शुरू हुआ जन विक्षोभ सड़कों पर जन सैलाब बनकर उतर आया. एक-एक कर इस्लामी मुल्क इसकी गिरफ्त में आते गए. जिसे अरब बसंत के नाम से जाना गया. जन सैलाब का सड़कों पर उतरना अरब जगत के लिए सर्वथा नई परिघटना थी. बादशाहियत के स्थायी तानाशाही के जुल्मों से पीड़ित अवाम में आजादी, स्वतंत्रता और न्याय की जन चेतना की उठती लहरों ने बसंत की शीतल हवा के झोंके की तरह अरब जगत को अपने आगोश में खींच लिया, जिसमें लाखों-करोड़ों लोग सड़कों पर उतर आए थे. आजादी की हवा के तेज झोंके अल्जीरिया होते हुए मोरक्को, सूडान, जॉर्डन, लेबनान, कुवैत, ओमान, इराक और संपूर्ण इस्लामिक राष्ट्रों (अरब मुल्कों) में फैलते गये. सभी देशों में बड़े-बड़े जन प्रदर्शन होने लगे. इससे इस्लाम के नाम पर खड़ी तानाशाहियों के खंभे हिलने लगे. पहली बार सल्तनतों के खिलाफ और स्थायी तानाशाही के विरुद्ध अलग-अलग देशों के लाखों लोग सड़कों पर उतरे. ऐसे कई देश जो अरब जगत में अमेरिकी साम्राज्यवादी रणनीति के अनुकूल नहीं बैठते थे. वहां जन उभार का फायदा उठाकर तख्ता पलट कराया गया. इस श्रेणी में लीबिया, लेबनान, मिस्र, अल्जीरिया जैसे देश थे. लंबे समय से सीरिया पर शासन कर रहे सोवियत कालीन दौर के असद-अल-बसर सरकार के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के सहयोग से इस्लामी संगठन आईएसआईएस को खड़ा कर तख्ता पलट करने की कोशिश हुई. तब से सीरिया गृह युद्ध में फंसा हुआ है. लेकिन रूस के सहयोग से असद अभी तक सत्ता पर काबिज हैं. अरब जनता की राजनीतिक चेतना में गुणात्मक बदलाव आने लगा. जिस कारण से कट्टरपंथी आतंकी संगठनों की पकड़ अब इस्लामी देशों में घटने लगी है. यही कारण है कि अरब जनता में आई लोकतांत्रिक चेतना ने आईएसआईएस के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह सीरिया में असद सरकार को पलटने में कामयाब नहीं हो सका. अंत में सिमट कर अब अमेरिकी दया पर जिंदा है, लेकिन ट्यूनीशिया से उठी अब बसंत की लहर का फायदा उठाकर मिस्र और लीबिया में अमेरिकी षड्यंत्र कामयाब हो गए. लीबिया में गद्दाफी की लंबे समय से चल रही स्थायी तानाशाही की सरकार को पलट दिया गया. गद्दाफी खुद मारे गए. मिस्र में भी यही हालत हुई और वहां के विद्रोही संगठनों के बल पर सत्ता पलट कराया गया. अब अल सीसी की तानाशाह सरकार मिस्र पर थोप दी गई है, जो पश्चिम उत्तर एशिया में अमेरिकी लठैत के रूप में इस समय काम कर रही है. अतीत में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि गमाल यूसुफ नासिर के द्वारा गढ़ा गया इजिप्ट जो कभी गुटनिरपेक्ष देशों का नेता हुआ करता था, जिसने अरब राष्ट्रवाद को प्रगतिशील दिशा में मोड़ने की अथक कोशिश की, अंततोगत्वा अमेरिकी विश्व प्रभुत्व रणनीति का शिकार बन जाएगा. अमेरिका इस क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों खासकर पेट्रोलियम पर अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है. इसके लिए वह अलकायदा, बोको हरम, आईएसआईएस जैसे न जाने कितने आतंकी संगठनों और तानाशाहियों द्वारा लोकतांत्रिक आंदोलनों को कमजोर कर शेखों, बादशाहों की सरकारों को मदद पहुंचता रहा है. इन संगठनों की मदद से यूएस ने अरब देशों में इस्लामी रूढ़िवादी माहौल बनाने का प्रयास किया, जिससे पूरी दुनिया में इस्लाम को बदनाम करने में अमेरिका सहित अन्य नस्लवादी ताकतों को कामयाबी मिली. पिछड़े रूढ़िवादी विचारों और मजहबी संस्थाओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका ने अरबों डॉलर इन देशों में उड़ेलना जारी रखा है. प्राचीन इस्लामी व्यवस्था के नाम पर राजशाही को ईश्वरीय प्रतीक के रूप में पेश करते हुए पिछड़े, मध्यकालीन सामाजिक-राजनीतिक ढांचे को बनाए रखा गया है. जिस कारण से इन मुल्कों में आधुनिक लोकतांत्रिक संगठनों-संस्थाओं और यहां तक की प्रशासनिक ढांचे का भी विकास नहीं हो सका है. अजेय इजराइली मिथक को तोड़ते हुए हमास ने जो कदम उठाया, उससे अरब जगत की जनता के स्वाभिमान को नई शक्ति मिली है. इस घटना के बाद उत्पन्न स्थिति ने अरब जगत के जनमानस में नए तरह का आलोड़न पैदा कर दिया है. दसियों हजार निर्दोष बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और नागरिकों के जनसंहार से उपजे जन आक्रोश ने अरब जगत की जनता की दृष्टि और घटनाओं को देखने के तरीके को बदला है. एशिया और उत्तरी अफ्रीका के सभी 22 इस्लामिक मुल्कों में लगातार जन विरोध देखने को मिल रहे हैं. हमास का हमला फिलिस्तीनी प्रतिरोध और इजराइली क्रूर नरसंहार आने वाले समय में संभवतः अरब राष्ट्रवाद के उभार के तीसरे दौर का गवाह बनने जा रहा है. उम्मीद है कि अरब जगत में आए जन उभार की तीसरी लहर नए बसंत की सुखद हवाओं को साथ लेकर आएगी.दुनिया के सबसे क्रूर अमानवीय नरसंहार जो जायनिस्ट इजराइली सरकार द्वारा किया जा रहा है. संभवतः इसी के बीच से लोकतंत्र और सार्वभौम राष्ट्रों के निर्माण का नया युग शुरू होगा. फिलिस्तीन और इजराइल के बीच चल रहे महाविनाशकारी युद्ध में यह संभावना निहित है कि युद्धोत्तर दुनिया में अरब जगत के साथ ही पूरे विश्व का शक्ति संतुलन बदला जा सकता है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## अयोध्या बनाम मथुरा

अयोध्या एक पवित्रतम नगर है, जहां सूर्यवंश के राजा महाराज श्रीदशरथ हुआ करते थे. उनके मन में भगवान राम को पुत्र के रूप में पाने की आकांक्षा थी, इसीलिए मनु और शतरूपा के रूप में वे पूर्व जन्म में तपस्या कर चुके थे. इस जन्म में भी गुरु वशिष्ठ ने उन्हें यज्ञ करने का आदेश दिया. यज्ञ संपन्न होने केपश्चात चैत्र शुक्ल नवमी या राम नवमी के दिन मध्यान्ह में भगवान राम का अवतार हुआ. पर मथुरा की स्थिति इससे ठीक उल्टी है. मथुरा का शासन कंस के हाथ में था. अब यह तो हमें और आपको निर्णय करना है कि हमारे हृदय पर दशरथ का शासन है कि कंस का. अगर दशरथ का शासन है तो आप नाम रामायण को अयोध्या से प्रारंभ कीजिए. पर अगर हम लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा हो कि हमारे हृदय पर कंस का अधिकार है तो फिर हमें यही मान करके नाम रामायण को मथुरा से प्रारंभ करना होगा. दशरथ और कंस में अंतर यह है कि दशरथ मूर्तिमान वेद के रूप में है, जिनके अंतःकरण पर वेद का शासन है. वेद का अर्थ है ज्ञान, विचार. महाराज श्रीदशरथ का अंतःकरण पवित्र है, विचार-युक्त हैऔर उनके अंतःकरण में ईश्वर को पाने की प्रबल इच्छा है और क्रियात्मक रूप से वे यज्ञ करने में समर्थ हैं. यदि इस प्रकार का अंतःकरण हो, तो इससे बढ़ करके अच्छी बात क्या होगी? लेकिन दूसरी ओर कंस ने तो अपने पिता उग्रसेन को बलात् हटा कर मथुरा के सिंहासन पर अधिकार कर लिया. आध्यात्मिक भाषा में दशरथ वेद के रूप में है और कंस मूर्तिमान देहाभिमान. इस प्रकार एक अंतःकरण वह है, जहां पर ज्ञान का राज्य है. दूसरे अंतःकरण पर अभिमान का शासन.भगवान राम ने राज महल में जन्म लिया तथा भगवान कृष्ण ने कारागार में. एक में स्वतंत्रता है और दूसरे में परतंत्रता. यह मानो अंतःकरण की दो स्थितियां हैं. प्रश्न यह है कि व्यक्ति के हृदय में स्वतंत्रता का अनुभव हो रहा है कि परतंत्रता का. जीव स्वतंत्र है कि परतंत्र ? इस प्रश्न को लेकर भी कई बार प्रश्न उठते हैं. यद्यपि अलग-अलग आचार्यों ने इसके बड़े सार्थक उत्तर दिए हैं. पर अगर आप ग्रंथ से पढ़ करके निर्णय करेंगे कि जीव स्वतंत्र है कि परतंत्र, तो यह केवल पढ़ा हुआ सत्य होगा. इसलिए वास्तविकता का पता लगाने के लिए आप स्वयं अपने हृदय की ओर देखकर अनुभव करें कि हमारे जीवन में किसका अनुभव हो रहा है ?

# करोड़पतियों के कब्जे में भारतीय प्रजातंत्र

• सियासत

एल. एस. हरदेनिया

हमारे देश के चुनावों को करोड़पतियों ने हाईजैक कर लिया है. जितने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरते हैं, उनमें से बहुसंख्यक करोड़पति होते हैं. चूंकि वे स्वयं करोड़पति होते हैं, इसलिए वे चुने जाने के बाद करोड़पतियों के हितों का ही ख्याल रखते हैं. अब यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भारतीय प्रजातंत्र करोड़पतियों के लिए, करोड़पतियों द्वारा बनाई गई व्यवस्था है.हमारे संविधान की उद्देशिका में लिखा है भारत एक सेक्युलर, सोशलिस्ट रिपब्लिक है. चुनाव के दौरान यह उद्देशिका पूरी तरह भुला दी जाती है. चुनावों के दौरान सेक्युलरिज्म की कोई चर्चा नहीं होती. उल्टे मतदाताओं से धर्म के नाम पर अपील की जाती है. प्रायः उम्मीदवार मंदिर जाते हैं, भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं, बड़ी-बड़ी मन्नतें मांगते हैं, भारी-भरकम चढ़ावा चढ़ाते हैं. जाति का तो कहना ही क्या- उम्मीदवारों का चयन ही जाति के आधार पर होता है.जहां तक सोशलिज्म का सवाल है, लगभग सभी पार्टियां इस शब्द को पूरी तरह भूल गईं हैं. एक और बुनियादी सिद्धांत का पालन नहीं हो रहा है. जिस बड़े पैमाने पर दलबदल कर सरकारें बनाईं और गिराई जाती हैं उसके चलते अब चुनाव का कोई मतलब नहीं रह गया है. मध्यप्रदेश में 2020 में जो हुआ वह इसका जीता-जागता उदाहरण है. आप चुनाव किसी घोषणापत्र पर और किसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीते और चुनाव जीतने के बाद सत्ता की खातिर क्षण भर में उस पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए. मध्यप्रदेश में जो हुआ था वह अवसरवादिता और सिद्धांतहीनता की पराकाष्ठा थी. जिन लोगों ने दलबदल किया उन्होंने पहले चिल्ला-चिल्लाकर भाजपा को साम्प्रदायिक दल बताया था. सन् 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का हमला मुख्यतः ज्योतिरादित्य सिंधिया पर केन्द्रित था. हम 'माफ करो महाराज' नारे को भूल नहीं सकते जो सिंधिया के विरूद्ध बार-बार लगाया गया था. वही सिंधिया माफ करते हुए कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए. दलबदल ने हमारे देश में प्रजातंत्र को सिद्धांतहीनता के खंभों पर खड़ा कर दिया है. वैसे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के जो अनेक देश आजाद हुए थे, उनमें से हमारा देश उन चन्द देशों में से एक है जहां लोकतंत्र कायम है. परंतु दलबदल का दीमक उसे जिस तरह से बर्बाद कर रहा है उससे लगता है कि एक दिन देश का लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा.भारत में दलबदल की प्रक्रिया को सैद्धांतिक अमली जामा डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहिनाया था. उन्होंने नारा दिया था "जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती है'. उनका नारा था 'बराबर की दूरी' उद्देश्य था कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी से बराबर की दूरी रखी जाए. जिंदा कौमें...वाले नारे का मतलब था कि यदि चुनी हुई सरकार गड़बड़ करती है तो उसे पांच साल के पहले ही पलट दो. इस नारे का सहारा लेकर दलबदल शुरू हो गया. अनेक सरकारों को दलबदल के जरिए पलट दिया गया.दलबदल के बारे में एक नया नारा उभरा - 'आया राम गया राम'. इस तरह पहली बार भगवान राम का नाम राजनीति में घसीटा गया. मध्यप्रदेश भी उन राज्यों में से एक था जहां दलबदल से सरकार बदली गई. दलबदल के जरिए सरकारें बदलने की इस प्रक्रिया में जनसंघ की प्रमुख भूमिका रही. इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र ने सुझाव दिया कि जहां भी ऐसे प्रयास हों वहां की विधानसभा को भंग कर दिया जाए. पंडित मिश्र का यह सुझाव नहीं माना गया. यदि यह सुझाव मान लिया गया होता तो हो सकता है कि दलबदल की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती. अब यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल हो गया है. राजनीतिक दलों से यह अपेक्षा करना व्यर्थ है कि वे इस प्रवृत्ति को समाप्त करने में पहल करेंगे.यदि दलबदल को समाप्त करना है तो इसके लिए आम लोगों को ही पहल करनी होगी. आम लोगों को सांसदों पर इतना दबाव बनाना चाहिए कि वे संसद में दलबदल को पूरी तरह प्रतिबंधित करने वाला कानून बनवाने को बाध्य हो जाएं. परंतु यह हमारा दुर्भाग्य है कि सार्वजनिक मुद्दों पर हमारे देश की जनता संगठित नहीं होती है जैसा पश्चिम के राष्ट्रों में होता है. अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां जनता की इच्छा के विरूद्ध कोई काम करना बहुत कठिन होता है. जैसे, यदि अमेरिका ईराक पर हमला करता है तो वहां की जनता सड़कों पर निकलकर इसकी भर्त्सना करती है.

> मध्यप्रदेश में 2020 में जो हुआ वह इसका जीता-जागता उदाहरण है. आप चुनाव किसी घोषणापत्र पर और किसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीते और चुनाव जीतने के बाद सत्ता की खातिर क्षण भर में उस पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गए. मध्यप्रदेश में जो हुआ था वह अवसरवादिता और सिद्धांतहीनता की पराकाष्ठा थी.

# किसानों के लिए जरूरी है बेहतर प्रोत्साहन

• कृषि

देविंदर शर्मा

धान की फसल के कटाई सीजन में एक बार फिर पराली जलाना खबरों में रहा. अब एक दशक से अधिक समय से, जब से पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली में आग लगाना ज्वलंत मुद्दा बन गया है, नई दिल्ली में कुख्यात वायु प्रदूषण के लिए किसानों को दोषी ठहराये जाने के साथ ही इस आग पर काबू पाने का संघर्ष अभी जारी है. हालांकि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने दावा किया कि पिछले तीन साल में खेतों में आग लगने की घटनाओं में कमी आई, लेकिन 1 नवंबर के बाद तीन दिनों में इसमें 150 प्रतिशत का उछाल नजर आया. जबकि कई एफआईआर दर्ज की गई व जुर्माना लगाया गया फिर भी खेतों में आग लगने का संकट जारी रहा. उदाहरणतया, पंजाब ने दावा किया कि पिछले साल यानी 2022 के धान कटाई के मौसम में पिछले कुछ वर्षों में पराली जलाने की संख्या में 30 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन जो क्षेत्र असल में खेत में पराली जलाने से बचाया गया था वह केवल 1.5 प्रतिशत था. यह दर्शाता है कि खेत में आग लगने की घटनाओं का डेटा कितना भ्रामक हो सकता है.कटाई सीजन के शुरुआती कुछ हफ्तों में, आग लगने की घटनाओं में महत्वपूर्ण कमी को लेकर खबरें आयीं. एक बार फिर ये न्यूज रिपोर्ट्स ऐसा आभास देती रहीं कि अवशेष जलाने की समस्या का बहुत हद तक खयाल रखा गया. वहीं इन खबरों के प्रकाशित होने तक पूरी खड़ी फसल की कटाई भी नहीं हुई थी जबकि इस साल पंजाब में करीब 190 लाख टन धान की फसल होने का अनुमान था. इसके बाद, जब गेहूं बुआई के लिए खेतों को तैयार करने का काम जोरों पर होगा तो आग लगाने की घटनाओं में तेजी जारी रहेगी. हमें नहीं भूलना चाहिये कि पंजाब अकेला धान के औसतन करीब 220 लाख टन अवशेष उत्पन्न करता है. पराली की इतनी भारी मात्रा सरकार के साथ ही इंडस्ट्री मिलकर भी मैनेज नहीं कर सकती हैं. अब कुछ सालों से किसान कह रहे हैं कि वे बिना आग लगाये स्थानीय तरीकों से पराली का प्रबंधन कर सकते हैं बशर्ते ऐसा करने पर उन्हें प्रोत्साहन का भुगतान किया जाये. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने किसानों को 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार से 2000 करोड़ रुपये की मांग की थी. मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी 1500 करोड़ रुपये की मांग की थी. केंद्र ने इन मांगों को मंजूर नहीं किया.डंठल जलाने की समस्या परिदृश्य में कंबाइन हारवेस्टर्स के आने के बाद पैदा हुई. इस समय पंजाब में करीब 15000 कंबाइन हारवेस्टर्स हैं जिनमें से केवल 6000 में ही स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) टेक्नोलॉजी लगी है. लेकिन किसान इस एसएमएस को पसंद नहीं करते क्योंकि इसमें अतिरिक्त लागत आने के अलावा डीजल की भी अधिक खपत होती है. इसी प्रकार शुरुआत में प्रदान की गयी 13000 हैप्पी सीडर मशीनें बेकार पड़ी हैं क्योंकि अब किसान नयी पीढ़ी की सुपर सीडर मशीनें पसंद करते हैं. लेकिन पंजाब में खेतों में आग लगाने की घटनाओं में कमी का अच्छा चलन केवल बालर मशानों के आगमन के बाद आया. इस साल करीब 2300 बालर मशीनें आवंटित की गयीं.इंडिया स्पेंड की रिपोर्ट (स्क्रॉल.इन मार्च 21, 2019) में खेत की आग से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित लागत की तुलना की गई है, जिसे हर नीति निर्माता को जरूर पढ़ना चाहिए, और उम्मीद है कि रिपोर्ट एक ही बार में आंखें खोल देगी. इसमें कहा गया है कि फसल जलाने से हर वर्ष पर्यावरण और स्वास्थ्य व्यय के रूप में 2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है. अगर इस नुकसान की वसूली की जाए तो यह 700 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) के लिए भुगतान करने को काफी होगा. यदि ऐसा है, तो मुझे पंजाब को प्रति वर्ष 2,000 करोड़ रुपये की ग्रांट देने से इनकार करने का कोई औचित्य नहीं दिखता, अगर इससे किसानों को उस विशाल समस्या से निपटने में मदद मिल सकती है जिसका सामना समाज बड़े पैमाने पर कर रहा है. हम थोड़ी राशि बचाने के चक्कर में बड़ी रकम गवांने की मूर्खता नहीं कर सकते हैं. नीति-निर्माताओं को जागना होगा. किसानों पर दबाव डालना डंठल जलाने की समस्या का समाधान नहीं है. उनके साथ खड़े रहना, और पर्याप्त प्रोत्साहन प्रदान करना ही सही राह है.

> इस साल करीब 2300 बालर मशीनें आवंटित की गयीं.इंडिया स्पेंड की रिपोर्ट (स्क्रॉल.इन मार्च 21, 2019) में खेत की आग से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित लागत की तुलना की गई है, जिसे हर नीति निर्माता को जरूर पढ़ना चाहिए, और उम्मीद है कि रिपोर्ट एक ही बार में आंखें खोल देगी.

## मीडिया में अन्यत्र

# म्यांमार में लोकतंत्र कबतक

पिछले महीने के अंत में म्यांमार के विभिन्न हिस्सों में जुंटा के खिलाफ देश के जातीय विद्रोहियों द्वारा किए गए समन्वित हमले अब तक के सबसे स्पष्ट संकेत हैं कि तख्तापलट शासन को बहुत ज्यादा जोर आजमाइश करनी पड़ रही है. जातीय अल्पसंख्यक सशस्त्र समूहों के गठबंधन, 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' ने चीन से सटे म्यांमार की सीमा पर स्थित इलाकों में दखल हासिल कर लेने और दर्जनों जुंटा बलों के आत्मसमर्पण करने का दावा किया है. अशांत राखीन राज्य और भारत की सीमा से लगे चिन राज्य में झड़पें हुई हैं. युद्ध के मैदान में कई झटके झेलने को मजबूर, जुंटा की जवाबी प्रतिक्रिया हवाई हमले के रूप में हुई है. इन हवाई हमलों में भारी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं. चुनौतियों की एक विरले स्वीकारोक्ति में, सेना द्वारा नियुक्त राष्ट्रपति माइंट स्वे ने हाल ही में कहा कि "इस मुद्दे (विद्रोहियों के हमले) को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया जाना जरुरी है". जब फरवरी 2021 में सेना ने आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को उलट दिया, तो उसका पहला कदम व्यवस्था कायम करने के लिए बल प्रयोग करने का था. सेना ने सुश्री सू की सहित अधिकांश लोकतंत्र समर्थक राजनेताओं को जेल में डाल दिया और विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई की. हिमायती समूहों के मुताबिक, तब से सेना द्वारा 4,000 से ज्यादा नागरिकों और लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को मार डाला गया है और लगभग 20,000 लोगों को जेल में डाल दिया गया है. संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 1.7 मिलियन लोगों को बेघर होने को मजबूर कर दिया गया है. लेकिन जुंटा की हिंसा से देश में स्थिरता कायम करने में शायद ही कोई मदद मिली. म्यांमार दशकों से जातीय अल्पसंख्यकों की हिंसा से रूबरू रहा है. लेकिन अतीत में, बर्मी समाज में मुख्य राजनीतिक विरोधाभास सुश्री सू की अगुवाई में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन द्वारा किया गया शांतिपूर्ण संघर्ष था. लेकिन इस बार, लोकतंत्र समर्थक आंदोलन ने शांतिपूर्ण प्रतिरोध के सू कियान मॉडल को त्याग दिया और एक भूमिगत सरकार बनाई, एक मिलिशिया विंग की स्थापना की और जातीय विद्रोहियों के साथ हाथ मिलाया – यह एक ऐसा नतीजा था जिसकी उम्मीद तख्तापलट शासन ने नहीं की थी. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### भास्कर/भाष्कर

**सामान्यतः** भास्कर का अर्थ सूर्य है. चूंकि सनातन धर्म ग्रंथों में सूर्य को सर्वाधिक शक्तिमान और प्रत्यक्ष देवता माना जाता रहा है, इसलिए कई लोगों के माता-पिता अपने पुत्र का नाम भास्कर रखते हैं. कुछ लोग अपने मूल नाम के साथ भास्कर शब्द जोड़ लेते हैं. जैसे किसी का नाम अनिल है तो उसने अपना नाम अनिल भास्कर रख लिया. आयुर्वेद में तो लवण भास्कर नामक एक पाचक चूर्ण भी भारतीय समाज में लोकप्रिय है. कुछ लोग अपना नाम भाष्कर रख लेते हैं. तब असमंजस होता है कि क्या सही माना जाये और किसे गलत. इन दोनों शब्दों में मामूली अंतर है. भास्कर शब्द संस्कृत मूल तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. इसमें दो शब्दों की संधि हुई है-भास्+कर. हिंदी शब्दकोशों के अनुसार भास् का अर्थ है दीप्ति, चमक, प्रकाश, रोशनी, किरण, इच्छा, कल्पना, मिथ्या ज्ञान, प्रतिबिंब, संस्कृत के एक मूर्धन्य कवि, शकुंत पक्षी. दूसरे शब्द 'कर' का अर्थ है करनेवाला. तो दोनों शब्दों के मेल से बने शब्द भास्कर का अर्थ हुआ प्रकाश करनेवाला यानी सूर्य. सूर्य के अलावे भी बहुत सी वस्तुएं हैं, जो प्रकाश करनेवाली होती हैं, लेकिन उन्हें भास्कर नहीं जाता. कारण भास्कर सूर्य के लिए रूढ़ हो चुका है. शब्दकोशों में भास्कर का अर्थ सूर्य के अलावा दिन, वीर, अग्नि, सोना, शिव, मदार, धातु या पत्थर पर नक्काशी करने की कला भी बताया गया है. दूसरे शब्द भाष्कर को शब्दकोशों में मान्यता नहीं दी गयी है. वैसे संस्कृत में भाष् एक धातु है, जिसका अर्थ है बोलना या कहना. इसी धातु से भाषा शब्द की उत्पत्ति होती है. इसी धातु भाष्य भी बना है, जिसका अर्थ है किसी गूढ़ कथन की व्याख्या, टीका, कथन. इस दृष्टिकोण से देखा जाये तो भाष् धातु में कर शब्द को जोड़कर बनता है भाष्कर. तब भाष्कर का अर्थ होगा भाष्यकार. यानी भाष्य लिखनेवाला व्यक्ति, सूत्रों की व्याख्या करनेवाला लेखक. दोनों शब्द सही हैं, लेकिन अर्थ के मामले में अलग है. अर्थ भी प्रयोग से ही स्पष्ट हो सकता है.

# बबुल तले आम पाने के मनोरथी

• तीर-तुक्का

रेखा शाह आरबी

आप जरा दो मिनट के लिए सोच कर देखिए..! अब आप कहेंगे कि हम जनता हैं हम सोचने विचारने का काम नहीं करते .. हमारे हिस्से के सोचने वाले ढेर सारे लोग पड़े हैं.. कोई रोटी के बारे में सोचता है.. कोई बिजली- पानी के बारे में सोचता है..कोई और अन्य जरूरत के लिए सोचता है .. बस कोई फ्री संसाधन की जरूरत हमें ना रहे, हम आत्मनिर्भर हो जाएं इस बारे में कोई नहीं सोचता और जब सारी पार्टी सारे चैनल जब हमारे बारे में ही सोच रही है तो हम क्यों जाए सोचने विचारने का पाप करने और उनके किए-धिए पर पानी फेरने.. हम जनता है ..हमसे जो लोग दो मीठी बात और दो-चार झूठे-मोटे वादे भी कर दे तो.. हम निहाल हो जाते हैं। सोच कर देखिए ..आप बबुल के नीचे भूखे प्यासे थक हार कर बैठे हैं और उस बबुल के पेड़ से अगर आम टपक आए तो..अहा.. क्या कहना. आप तो स्वाभाविक है कि बेहद प्रसन्न हो जाएंगे उछलने लगेंगे हर कोई प्रसन्न हो जाएगा.. उछलने लगेगा.. खुश हो जाएगा. क्योंकि एक तो वह भूखा प्यासा है, परेशान है, दूसरे उसे जहां से उम्मीद नहीं और वहां से उसका मनोरथ सिद्ध हो रहा है और जहां पर उम्मीद ना हो वहां पर मनोरथ सिद्ध हो जाए. ऐसा संजोग भला रोज-रोज कहां होता है इसको ही बबुल तले आम का मिलना कहते हैं. बस आम जनता को बबूल तले आम नहीं मिलता .. जनता तो इतनी फूटी किस्मत लेकर पैदा होती है कि भगवान भी उसकी तुरपाई नहीं कर सकते ..जनता को तो आम के तले भी बबूल मिलता है. हमारे देश के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अक्सर बबुल तले आम खोजते रहते हैं. हर उस पेड़ के नीचे जाकर बैठते हैं जहां पर आम मिलने की संभावना रहती है. पर आम भी इतना आम नहीं कि कहीं भी वह मिल जाए. हर प्रत्याशी की यही मंसा और मनोरथ रहता है किसी प्रकार चुनावी वैतरणी को ठीक ढंग से पार कर जाएं. कभी जन सेवा के नाम पर बबूल तले आम खोजते हैं.. तो कभी अपने आचरण के नाम पर बबुल तले आम खोजते हैं. जबकि जनता अब आजकल समझ चुकी है कि जन सेवा के नाम पर जन सेवा करने वाले बडे ही कम मात्रा में मिलते हैं ईश्वर ने शायद ऐसे अद्भुत सांचे तोड़ दिए हैं और जो उपलब्ध है यह तो बस अपनी चुनावी नाव पार करने के लिए परिश्रम कर रहे हैं. यह तो बस इसी ताक में रहते हैं कि किसी प्रकार उनके विपक्षी प्रत्याशी कोई ऐसी गलती कर जाए जिस पर जनता उसे नोट देने पर भी वोट ना दे और उसको गालियां सुनाएं.



# डीप फेक : ठगी और ब्लैकमेलिंग का नया तरीका



प्रेम आनंद
आईटी एक्सपर्ट

## क्या है डीप फेक

डीप फेक एकनया शब्द है जिसे मशीन लर्निंग का एक टॉपिक डीप लर्निंग से लिया गया. डीप फेक में एआई का इस्तेमाल करके बहुत ही बारीकी और आसानी से इमेजेस, वीडियो और ऑडियो में छेड़ छाड़ किया जा सकता है. डीप का मतलब यहां मल्टीपल लेयर्स से है. यह आर्टिफीसियल न्यूरल नेटवर्क पर बेस्ड होता है. इस अल्गो में काफी सारे डेटा एंट्री के वीडियो और इमेजेज में चेहरा बदल देना, किसी की आवाज के जैसी ही आवाज तैयार कर लेना, ये सब डीप फेक के जरिए आसानी से किया जा रहा है. ऐसा इसलिए है कि अब कई तरह के एआई टूल ऑनलाइन आसानी से और फ्री में उपलब्ध हैं.

## फ्री में उपलब्ध है ऐसे ऐप



आज कल एंड्राइड और आइओएस पर भी कई ऐसे ऐप हैं जिससे डीप फेक कर कई कंटेंट तैयार किए जाते हैं लेकिन कोई भी ऐप डीप फेक बनाने का दावा नहीं करता है. लेकिन आप इन ऐप के जरिए फोटो में एक्सप्रेशन का बदलना, किसी का चेहरा हटा कर दूसरा चेहरा लगाना, किसी का बॉडी शेप चेंज कर देना या किसी वीडियो में ऑडियो को बदल देने जैसे काम आसानी से कर सकते हैं.

## डीप फेक का दुरुपयोग

डीप फेक तकनीक का दुरुपयोग अब सेलेब्रेटी पोर्नोग्राफी, चुनाव में हेरा फेरी, सोशल इंजीनियरिंग, स्वचालित दुष्प्रचार हमले, किसी के पहचान की चोरी, पैसे की ठगी या धोखाधड़ी, न्यूड पिक्चर्स या वीडियो बना कर ब्लैकमेल करने जैसे गलत उद्धेश्यों के लिए किया जा रहा है.

## भारत में कोई ठोस नियम नहीं

डीप फेक तकनीक का गलत इस्तेमाल को लेकर भारत में कोई ठोस कानून या नियम नहीं बन पाया है. इसी कारण ऑनलाइन, आइओएस और एंड्राइड पर ऐसे ऐप की भरमार है. इस तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए तगड़े कानून की दरकार है.



## न्यूड फोटो या वीडियो से कोई करे ब्लैकमेल तो क्या करें

***एकबार फिरसे डीप फेक काफी चर्चे में है. पिछले कुछ सालों से डीप फेक के जरिए पूरी दुनिया में अब तक कई लोग इसका शिकार हो चुके हैं. इससे कई लोगों का नुकसान हुआ है. डीप फेक इमेजेस, डीप फेक वीडियो और डीप फेक ऑडियो के जरीए रोजाना कई लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं.***

## न्यूड तस्वीर से कोई करे परेशान तो करें ये काम

डीप फेक के जरिए सबसे ज्यादा ब्लैकमेलिंग न्यूड तस्वीर बनाकर की जाती है. अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा हो तो क्या करें? ऐसा होने पर सबसे जरूरी है कि आप

### मैसेज डिलीट न करें

मैसेज एक जरुरी सबूत होता है. इसकी सहायता से आप कानूनी तरीके से ब्लैकमेलर को सबक सिखा सकते हैं.

### स्क्रीनशॉट जरूर रखें

बहुत से ऐसे मैसेज होते हैं जो आटोमेटिक डिलीट हो जाते हैं. इसलिए ऐसे मैसेज का स्क्रीनशॉट लेकर सेव कर लें.

### हेल्पलाइन की मदद जरूर लें

इस तरह की घटना का नजदीकी पुलिस स्टेशन में सबूत के साथ एफआईआर जरूर करें. इसके अलावा ट्विटर (X) पर @cyberdost हैंडल पर घटना की जानकारी जरूर दें. साथ ही 1930 नंबर डायल कर इसकी शिकायत भी करें.

### पैसे की लेन देन की गलती बिल्कुल न करें

ब्लैकमेल किए जाने पर पैसा बिल्कुल न दें. इससे अपराधियों के मनोबल को बढ़ावा मिलता है. अगर अपने पैसा दे भी दिया तो वो आपको दुबारा ब्लैकमेल करेंगे और ज्यादा पैसा की मांग करेंगे.

### अपने दोस्तों और फैमिली को जरूर बताएं

इस तरह की घटना की जानकारी अपने दोस्त और संबंधियों को जरूर दें जिससे वे आपकी हेल्प कर सकें और ऐसी घटनाओं से वो खुद को बचा सकें.

## वायरल कंटेंट हटाना है मुश्किल

सोशल मीडिया साइट जैसे जीमेल, एफबी और ट्यूब पर वायरल हुआ वीडियो ब्लाक या डिलीट करने का प्रोसेसे है. आप रिपोर्ट कर उसे ब्लॉक कर हटवा सकते हैं. लेकिन व्हाट्सअप पर वायरल होने वाले वीडियो को खत्म कराने में साइबर सेल को भी मुश्किल होती है. दरअसल एफबी, जीमेल, ट्यूब का मदर सर्वर इंडिया में है, जबकि व्हाट्सअप का मदर सर्वर इंडिया के बाहर है. व्हाट्सअप के सर्वर का नेटवर्क चार सीरिज में काम करता है, जिसके चलते यह पता लगाना मुश्किल होता है कि वीडियो कहां-कहां वायरल हुआ है. साइबर सेल व्हाट्सअप के मदर सर्वर में डिटेल मेल कर वीडियो को ब्लाक तो करवा सकता है, लेकिन उसकी प्रक्रिया लंबी और जटिल होती है. उसमें काफी समय लग सकता है. वहीं, अगर वीडियो ब्लॉक होने से पहले ही डाउनलोड कर लिया गया है, तो उसे खत्म करना बहुत मुश्किल होता है.




## संभावित समाधान

सबसे जरूरी है कि इंटरनेट यूजर को स्मार्ट होना पड़ेगा. यानी कि यूजर में उन्हें मिलने वाली जानकारी को परखने की क्षमता और समझ होनी चाहिए. इससे डीप फेक तकनीक से बनी सूचनाओं को रोका जा सकता है. इन समस्याओं के निपटने का सबसे अच्छा तरीका एआई तकनीक हो सकता है. एक कहावत है न कि लोहा लोहे को काटता है. ठीक वैसे ही इस तकनीक से बनी फेक कंटेंट को एआई के तकनीक से ही पहचान कर उसे खत्म करना होगा.

# रोबोट ने की इंसान की हत्या!

**हॉलीवुड की फिल्मों में टर्मिनेटर जैसे रोबोट इंसान की जान ले लेते नजर आते हैं. ऐसा हादसा अब वास्तविक जिंदगी में भी नजर आया है. इस घटना ने लंबे समय से उठ रहे इस सवाल को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है कि रोबोट का बढ़ता इस्तेमाल सही है या गलत !**



## क्या है मामला

साउथ कोरिया में एक रोबोट ने इंसान को बॉक्स समझकर मार डाला. एक 40 वर्षीय व्यक्ति रोबोटिक्स कंपनी का कर्मचारी था, जो रोबोट के सेंसर की जांच कर रहा था. लेकिन उस वक्त रोबोट को मशीन ने बॉक्स समझकर बांह से पकड़ लिया और उसे कन्वेयर बेल्ट के खिलाफ धकेल दिया, जिससे उसका चेहरा और छाती कुचल गई. पुलिस की मानें, तो ऐसा रोबोट में खराबी की वजह से हुआ है. मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. दरअसल रोबोट मशीन यह समझने में नाकाम रही कि वो इंसान है या बॉक्स. यह घटना रोबोट के खतरों को उजागर करती है और कानूनी नियमों की मांग करती है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. सवाल यह है कि आखिर अब किसे सजा होगी.

## क्यों नहीं है नियम

बता दें कि रोबोट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मदद से किसी भी काम को करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं, लेकिन कई बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन यह समझने में नाकाम रहती हैं, कि सामने दिखने वाले चीज क्या है? रोबोट के खतरों के बचने के लिए कानून बनाने की मांग होती रही है. साथ ही मशीन को ऑटोमेशन के को लेकर चिंता जाहिर की जा रही है.

## रोबोट ने तोड़ी बच्चे की उंगली

कुछ महीने पहले 50 साल के एक साउथ कोरियाई शख्स ऑटोमोबाइल पार्ट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में काम करते हुए रोबोट की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया था. जुलाई 2022 में एक बच्चा रूस में रोबोट के साथ चेस खेल रहा था, जिस दौरान रोबोट ने बच्चे की उंगली तोड़ दी. दरअसल रोबाट को चेस खेलते हुए समझ नहीं आया कि आखिर कैसे क्विक मूवमेंट लिया जाए.

# पत्नी को दी दस करोड़ की कार



वे जब अपनी पत्नी को जो उपहार देते हैं, अक्सर वह चर्चा का विषय बनता है. कभी प्राइवेट जेट विमान दिया था तो हाल ही दस करोड़ की लग्जरी कार बतौर उपहार दी है. जी हां, बात हो रही है मुकेश अंबानी की जिन्होंने अपनी पत्नी नीता अंबानी को पिछले दिनों दस करोड़ रुपए की नई लग्जरी एसयूवी रोल्स रॉयस कलिनन ब्लैक बैज कार बतौर उपहार दी है. नीता अंबानी को गिफ्ट में मिली यह एसयूवी रेड कलर में है. पिछले दिनों मुंबई की सड़कों पर यह एसयूवी जेड प्लस सिक्यॉरिटी के बीच घिरी नजर आई. इस गाड़ी की खासियत की बात करें तो इसमें 6.75 लीटर का ट्विन टर्बोचार्ज्ड वी12 पेट्रोल इंजन लगा है. एक्सटीरियर के साथ ही इस लग्जरी एसयूवी का इंटीरियर भी बहुत खास है और फाइव स्टार होटल के कमरे सा अहसास दिलाता है.

## ये गाड़ियां भी गैराज में

मुकेश अंबानी और उनकी फैमिली के बाकी सदस्यों के पास एक से बढ़कर एक लग्जरी गाड़ियां हैं. सूत्रों की मानें तो मुंबई स्थित उनके घर के विशाल गैराज में करीब दो सौ कारें हैं. यहीं अब रोल्स रॉयस कलिनन ब्लैक बैज कार भी स्थान पा चुकी है. गौरतलब है कि मुकेश अंबानी के पास रोल्स रॉयस, बेंटले, लैंड रोवर रेंज रोवर, कैडिलेक, टेस्ला, पोर्शे, फेरारी, मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, लेक्सस, वॉल्वो, टोयोटा समेत कई अन्य कंपनियों की लग्जरी गाड़ियां हैं और इनमें से ज्यादातर करोड़ों रुपए मूल्य की हैं. अंबानी फैमिली की सुरक्षा में टोयोटा फॉर्च्यूर, मर्सिडीज बेंज जी-क्लास, लैंड रोवर डिस्कवरी, मर्सिडीज बेंज वी क्लास और एमजी ग्लॉस्टर के साथ ही टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस जैसी गाड़ियां हैं.

**स्मार्टफोन आज हमारी ऐसी जरुरत बन गया है जिसकी थोड़ी देर का बैटरी गुल होना हमारे माथे की शिकन बढ़ा देता है. इसकारण जिसे देखो, वही बैटरी लाइफ से परेशान नजर आता है. स्मार्टफोन कंपनियों ने इस समस्या को फास्ट चार्जिंग से खत्म करने की कोशिश की है, लेकिन इससे समस्या हल होती नहीं दिखती है.**

# कम हो गया है स्मार्टफोन का बैटरी बैकअप?

कई बार समय के साथ फोन का बैटरी बैकअप कम होने लगता है. चार्ज करने के बाद बैटरी तेजी से खत्म होने लगती है. अगर आपके फोन की बैटरी भी जल्दी खत्म होने हो जाती है तो यह खबर आपके लिए है. आइए, आज हम कुछ ऐसे ही टिप्स की चर्चा जो आपको फोन को बार-बार चार्ज करने से छुटकारा दिला सकते हैं -

## डिस्प्ले का रिफ्रेश रेट

आजकल स्मार्टफोन में ज्यादा रिफ्रेश रेट वाली डिस्प्ले आने लगी है. डिस्प्ले का रिफ्रेश रेट जितना अधिक होगा, बैटरी की खपत भी उतनी ही अधिक होगी. बैटरी बचाने के लिए आप फोन की सेटिंग में जाकर रिफ्रेश रेट को ऑटो पर सेट कर सकते हैं, इससे फोन जरूरत के हिसाब से डिस्प्ले को 60 हट्र्ज या 90 हट्र्ज पर सेट कर देगा. इससे फोन की बैटरी लाइफ काफी बढ़ जाती है.



## डाटा सेविंग मोड का सही इस्तेमाल

स्मार्टफोन में डाटा सेविंग मोड ऑन करके भी स्मार्ट फोन की बैटरी लाइफ को बढ़ाया जा सकता है. डाटा सेविंग मोड ऑन करने के लिए स्मार्ट फोन की सेटिंग में जाएं. अब डुएल सिम्स या मोबाइल नेटवर्क पर टैप करें. अब यहां से डाटा ट्रैफिक मैनेजमेंट में से डाटा सेविंग मोड को ऑन कर देना है. इससे आपके फोन में केवल उसी एप में डाटा और बैटरी की खपत होगी जो फिलहाल आपकी स्क्रीन पर चल रहा है. अन्य एप बैकग्राउंट में काम नहीं करेंगे और न डाटा कन्ज्यूम करेंगे.

## डिस्प्ले की ब्राइटनेस

बैटरी की खपत कम करने के लिए रिफ्रेश रेट के साथ डिस्प्ले को भी ऑटो ब्राइटनेट मोड पर सेट कर सकते हैं. कोशिश करें की फोन की ब्राइटनेस को 50% या इससे कम पर ही रखें. बैटरी बचाने के लिए सबसे बेहतर तरीका यह है कि आप इसे ऑटो-ब्राइटनेस मोड पर सेट कर लें. इससे आप काफी बैटरी लाइफ बढ़ा पाएंगे.

## नोटिफिकेशन पर लगाम

फोन की बैटरी बेतरह खत्म होती महसूस होती है और बार-बार चार्ज करने की नौबत आती है तो बेहतर होगा कि आप अनावश्यक नोटिफिकेशन को बंद कर दें. आप जरूरत ना होने पर जीपीएस लोकेशन और ब्लूटूथ को भी बंद कर सकते हैं. इससे भी स्मार्टफोन की बैटरी लाइफ काफी बढ़ जाएगी. साथ ही अपने फोन और एप को समय-समय पर अपडेट करते रहें. अप-टू-डेट रहने से फोन स्मूथ काम करता है और बैटरी को भी कम कंज्यूम करता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



मोहम्मद शमी को भावुक देख प्रधानमंत्री ने उन्हें गले से लगा लिया.

# ड्रेसिंग रूम पहुंचे पीएम मोदी, कहा- पूरा देश आपके साथ

**भाषा। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त मिलने के बाद निराशा में डूबे भारतीय खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम में जा कर हौसला बढ़ाया. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां खेले गये फाइनल मैच को देखने के लिए मोदी यहां पहुंचे थे. भारत के 240 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की. भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रधानमंत्री के साथ ड्रेसिंग रूम में बिताये पल को 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया.

शमी ने मोदी के साथ तस्वीर साझा कर लिखा कि दुर्भाग्यवश, कल हमारा दिन नहीं था. मैं पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मेरा समर्थन करने के लिए सभी भारतीयों को धन्यवाद देना चाहता हूं. विशेष रूप से ड्रेसिंग रूम में आने और हमारा उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं. हम वापसी करेंगे. इस तस्वीर में शमी का सिर मोदी के कंधे पर है और प्रधानमंत्री उनका हौसला बढ़ाते दिख रहे हैं.

जडेजा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि हमारा टूर्नामेंट बहुत अच्छा था लेकिन कल हम हार गए. हम सभी दुखी हैं लेकिन लोगों के समर्थन से हम आगे बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल ड्रेसिंग रूम में आना विशेष और बहुत प्रेरणादायक था. मोदी ने इससे पहले भारतीय टीम की सराहना की और कहा कि देश उनके साथ खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को लिखा कि प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप में आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था.




## विश्व कप में टीम इंडिया : भारतीय खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, तोड़े कई रिकॉर्ड

# फाइनल हारी, मगर 45 दिन जीता दिल

**संवाददाता । रांची**

भारत की मेजबानी में 46 दिनों तक चली विश्व कप में 45 दिनों तक भारतीय टीम का दबदबा रहा. इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम से बस एक चुक हुई, जो कि फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था. फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. इस टूर्नामेंट में कुल 11 मैच में 10 मैच जीतने वाली इकलौती टीम है भारत. हलांकि इस विश्व कप में भले ही भारतीय टीम खिताब जीतने में नाकाम रहीं, मगर भारतीय खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए. जहां विराट ने अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, वहीं शमी ने भी गेंदबाजी में अपना कमाल दिखाया.

### एक विश्व में सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली, भारत | 11 | 765 |
| सचिन तेंदुलकर, भारत | 11 | 673 |
| मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया | 9 | 659 |

### वनडे में सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | मैच | शतक |
|---|---|---|
| विराट कोहली, भारत | 292 | 50 |
| सचिन तेंदुलकर, भारत | 463 | 49 |
| रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया | 262 | 31 |



### एक विश्व कप में सबसे ज्यादा सिक्स

रोहित शर्मा ने इस विश्व कप में 31 सिक्स लगाए. वह एक विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने. उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2015 के वर्ल्ड कप में 26 सिक्स लगाए थे.

### एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले कप्तान

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस विश्व कप में 597 रन बनाएय वह फाइनल में 47 रन बनाकर आउट हुए और इसी के साथ टूर्नामेंट में उनकी आक्रामक बैटिंग का सफर खत्म हुआ. वह एक विश्व कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने. रोहित ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में बतौर कप्तान 578 रन बनाए थे.

### विश्व कप करियर में सबसे ज्यादा सिक्स

रोहित ने इस विश्व कप में लगाए गए 31 छक्कों की मदद से विश्व कप करियर में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए. उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 35 पारियों में 49 सिक्स लगाए हैं.

### एक विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के

| खिलाड़ी | मैच | सिक्स |
|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 11 | 31 |
| क्रिस गेल | 6 | 26 |
| श्रेयस अय्यर | 11 | 24 |

### विश्व कप करियर में सबसे ज्यादा सिक्स

| खिलाड़ी | मैच | सिक्स |
|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 28 | 54 |
| क्रिस गेल | 35 | 49 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 27 | 43 |

### सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय

इस विश्व कप में भारत की ओर से सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड 2 बार टूटा. रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 63 बॉल पर सेंचुरी लगाई. उनके बाद केएल राहुल ने नीदरलैंड के खिलाफ 62 गेंद पर ही सेंचुरी लगा दी.

### एक विश्व कप में सबसे अधिक रन

विराट कोहली ने इस विश्व कप में 765 रन बनाए और एक विश्व कप में सर्वाधिक रना बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया. विराट ने भारत के ही सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा. सचिन ने 2003 में 673 रन बनाए थे.

### वनडे में सबसे ज्यादा शतक

विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक जड़कर अपने वनडे करियर का 50वां शतक जड़ा. जिसके साथ ही वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड भी उन्होंने अपने नाम किया. उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा. जिनके नाम 49 वनडे शतक हैं.




### सबसे तेज 50 विश्व कप विकेट




मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में विश्व कप में अपना 50वां विकेट लिया. इसके लिए उन्होंने महज 17 पारियां लीं, जो टूर्नामेंट इतिहास में सबसे तेज है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 पारियों में 50 विकेट लिए थे. शमी इस वर्ल्ड कप में 24 विकेट के साथ टॉप पर रहे.

### शुभमन के नाम हुए सबसे तेज 2000 रन

शुभमन गिल ने वनडे क्रिकेट में 2000 हजार रन पूरे हो गए. इसके लिए उन्होंने महज 38 पारियां ही लीं, जो वनडे इतिहास में सबसे कम हैं. शुभमन ने साउथ अफ्रीका के हाशिम आमला का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 पारियों में दो हजार वनडे रन पूरे किए थे.

### भारत के लिए सबसे तेज विश्व कप सेंचुरी का रिकॉर्ड

| खिलाड़ी | बॉल | खिलाफ |
|---|---|---|
| केएल राहुल | 62 | नीदरलैंड |
| रोहित शर्मा | 63 | अफगानिस्तान |
| वीरेंद्र सहवाग | 81 | बरमूडा |

### बतौर कप्तान एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन

| कप्तान | मैच | रन |
|---|---|---|
| रोहित शर्मा, भारत | 11 | 597 |
| केन विलियमसन, न्यूजीलैंड | 10 | 578 |
| महेला जयवर्धने, श्रीलंका | 11 | 548 |

### वनडे नॉकआउट का सबसे बड़ा स्कोर

भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 397 रन का स्कोर बनाया था. यह वनडे विश्व के नॉकआउट मैच का सबसे बड़ा स्कोर रहा. इससे पहले, यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम दर्ज था. न्यूजीलैंड ने 2015 के वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफा 393 रन का स्कोर बनाया था.

### वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट में सबसे बड़ा टीम स्कोर

| टीम | स्कोर | खिलाफ |
|---|---|---|
| भारत | 397/4 | न्यूजीलैंड |
| न्यूजीलैंड | 393/6 | वेस्टइंडीज |
| ऑस्ट्रेलिया | 359/2 | भारत |

## आओ जानें


### विश्व कप में सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | मैच | रन | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली (भारत) | 11 | 765 | 117 |
| रोहित शर्मा (भारत) | 11 | 597 | 131 |
| क्विंटन डी कॉक (द. अफ्रीका) | 10 | 594 | 174 |
| रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड) | 10 | 578 | 123* |
| डैरेल मिशेल (न्यूजीलैंड) | 10 | 552 | 134 |

### विश्व कप में सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी (भारत) | 7 | 24 | 7/57 |
| एडम जम्पा (ऑस्ट्रेलिया) | 11 | 23 | 4/8 |
| दिलशान मदुशंका (श्रीलंका) | 9 | 21 | 5/80 |
| जसप्रीत बुमराह (भारत) | 11 | 20 | 4/39 |
| कोएत्जी (द. अफ्रीका) | 8 | 20 | 4/44 |

# एटीपी: रिकॉर्ड सातवीं बार जोकोविच ने जीता खिताब




**भाषा। तूरिन (इटली)**

नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यानिक सिनर को सीधे सेटों में हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता. विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने एक घंटा 43 मिनट तक चले मैच में स्थानीय खिलाड़ी सिनर को 6-3, 6-3 से हराकर 36 वर्ष की उम्र में नई उपलब्धि हासिल की. इस तरह से साल की शुरुआत रिकॉर्ड से करने वाले जोकोविच ने साल का अंत भी नया रिकॉर्ड बनाकर किया. उन्होंने 2023 के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड दसवां खिताब जीता था. इसके बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत हासिल करके 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर राफेल नडाल के रिकॉर्ड को तोड़ा था. जोकोविच को विंबलडन के फाइनल में कार्लोस अल्कराज़ से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिकी ओपन में खिताब जीता. कोविच ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि मेरी जिंदगी का यह सर्वश्रेष्ठ सत्र रहा. इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ी यानिक के खिलाफ जीत दर्ज करके खिताब हासिल करना शानदार रहा. एटीपी फाइनल्स में इससे पहले सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जोकोविच और रोजर फेडरर के नाम दर्ज था.

# ट्रॉफी के साथ साबरमती पहुंचे कमिंस

**भाषा। अहमदाबाद**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने के एक दिन बाद सोमवार को यहां साबरमती नदी पर रेस्तरां वाले क्रूज नौका पर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं. ऑस्ट्रेलिया ने मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मेजबान भारत को छह विकेट से हराकर रिकॉर्ड छठी बार वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया. कमिंस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अधिकारियों



के साथ सुबह प्रतिष्ठित साबरमती 'रिवरफ्रंट' पर 'अक्षर रिवर क्रूज' नामक एक तैरते रेस्तरां में पहुंचे. उनका यहां विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटोशूट हुआ.

इस क्रूज रेस्तरां को संचालित करने वाले 'अक्षर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक सुहाग मोदी ने कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि आईसीसी ने अपने आधिकारिक फोटोशूट के लिए साबरमती रिवरफ्रंट के इस प्रतिष्ठित स्थान को चुना. कमिंस ने क्रूज के ऊपरी डेक पर ट्रॉफी के साथ कई पोज दिए. इस मौके पर उन्हें कई तरह के व्यंजन पेश किये गये.

# अब अगली पीढ़ी के हाथों में भारतीय क्रिकेट की विरासत

**भाषा । बेंगलुरु**

भारत की फाइनल में हार के बाद भावशून्य हो चुके विराट कोहली उपविजेता का पदक लेने के लिए जाने से पहले उन्हीं की तरह भावशून्य दिख रहे शुभमन गिल से हाथ मिलाते हैं और उन्हें गले लगाते हैं. यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रविवार की अश्रुपूरित रात का सबसे मार्मिक क्षण था. भारत के तीसरा विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद यह भारतीय क्रिकेट का जिम्मा अगली



पीढ़ी को सौंपने का भी स्पष्ट संकेत था. कोहली, रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी अभी कुछ समय तक बने रहेंगे लेकिन भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब युवा पीढ़ी के कंधों पर होगी. इन खिलाड़ियों में गिल (24 वर्ष), श्रेयस अय्यर (28), इशान किशन (25), रुतुराज गायकवाड़ (26), यशस्वी जयसवाल (21) और चोट से उबर रहे ऋषभ पंत (26) शामिल हैं.

### टी-20 विश्व कप में होगी अगली पीढ़ी की परीक्षा

युव खिलाड़ियो की परीक्षा अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप में होगी. इन खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का पर्याप्त अनुभव है और कई अवसरों पर वे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं लेकिन कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाना आसान काम नहीं होगा. पिछले डेढ़ दशक में इन खिलाड़ियों ने विश्व क्रिकेट में अपनी विशेष जगह बनाई है तथा अपने कौशल, स्थायित्व और मानसिक दृढ़ता का शानदार परिचय दिया है. उन्होंने कप्तानी के अतिरिक्त बोझ को भी अच्छी तरह से झेला है. ऐसे में भारत के लिए भविष्य का कप्तान कौन होगा. पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि श्रेयस अय्यर इस भूमिका के लिए सबसे फिट खिलाड़ी हैं.

## क्रिकेट विश्व कप | टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद आईसीसी ने जारी की सर्वश्रेष्ठ टीम

# टीम में छह भारतीय शामिल, कमान रोहित को मिली

**भाषा। दुबई**

रोहित शर्मा को विश्व कप की समाप्ति के बाद सोमवार टूर्नामेंट की आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान बनाया गया जिसमें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली सहित छह भारतीयों को एकादश में जगह मिली है. भारत को रविवार को अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा जिसने अपना छठा विश्व कप खिताब जीता. रोहित ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आक्रामक और निडर बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी काफी सराहना हुई. भारतीय कप्तान 11 मैच में एक शतक और तीन अर्धशतक से 54.27 के औसत से 597 रन




बनाकर कोहली के बाद टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे. किसी एक विश्व कप में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली ने तीन शतक और छह अर्धशतक से 765 रन बनाए. टूर्नामेंट के दौरान कोहली सेमीफाइनल में अपने 50वें शतक के साथ महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सबसे अधिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहे. आईसीसी की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में आधे से अधिक भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी दर्शाती है कि भारत ने भले ही खिताब नहीं जीता हो लेकिन मेजबान टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम थी जिसने लगातार 10 मैच जीते.

### टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), भारत
क्विंटन डिकॉक, दक्षिण अफ्रीका
विराट कोहली, भारत
डेरिल मिशेल, न्यूजीलैंड
लोकेश राहुल, भारत
ग्लेन मैक्सवेल, ऑस्ट्रेलिया
रविंद्र जडेजा, भारत
जसप्रीत बुमराह, भारत
मोहम्मद शमी, भारत
एडम जंपा ऑस्ट्रेलिया
दिलशान मदुशंका, श्रीलंका
गेराल्ड कोएट्जी, दक्षिण अफ्रीका

# सर्बिया ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई

**भाषा। मैड्रिड**

बेल्जियम के स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकु ने पहले हाफ में चार गोल करके यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफाइंग फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने अंतिम मैच में अपनी टीम को अजरबैजान पर 5-0 से जीत दिलाई. लुकाकु ने क्वालीफायर्स में कुल 14 गोल किए जो पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो से चार और फ्रांस के किलियन एमबापे से पांच गोल ज्यादा हैं. इस तरह से लुकाकु ने यूरोपीय क्वालीफाइंग चैंपियनशिप में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया. उन्होंने पोलैंड के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (यूरो 2016 क्वालीफाइंग में) और उत्तरी आयरलैंड के डेविड हीली (यूरो 2008 क्वालीफाइंग में) के 13 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ा.

बेल्जियम ग्रुप एफ से ऑस्ट्रिया के साथ पहले ही यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुका है. इस बीच सर्बिया ने बुल्गारिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया. एक अन्य मैच में स्पेन ने जॉर्जिया को 3-1 से पराजित किया, लेकिन इस मैच के दौरान उसके स्टार मिडफील्डर गावी चोटिल हो गए.






## ब्रीफ खबरें

### काला सागर में डूबने से एक कर्मी की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के काला सागर तटीय क्षेत्र के पास तूफान के दौरान डूब गए एक मालवाहक जहाज के चालक दल की तलाश कर रहे बचाव दल को सोमवार को एक कर्मी का शव मिला, वहीं 11 अन्य सदस्य लापता हैं. तुर्किये का झंडा लगा जहाज 'काफकामेटलर' इस्तांबुल से करीब 200 किमी दूर इरेगली शहर में समुद्र तट के पास बने एक ढांचे से टकराने के बाद डूब गया था. यह जहाज तुर्किये के पश्चिमी बंदरगाह इजमिर की ओर जा रहा था. खराब मौसम के कारण बचाव अभियान कई घंटे तक रुका रहा था.

### वैतरणा नदी में नौका पलटी, 18 को बचाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सोमवार सुबह वैतरणा नदी में 20 श्रमिकों को ले जा रही एक नौका पलट गयी, जिसके बाद कम से कम दो व्यक्ति लापता है. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि अब तक 18 श्रमिकों को बचाया जा चुका है. उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब मजदूर जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह-वडोदरा एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगी कंपनी की नौका में सवार होकर जा रहे थे. अधिकारी ने बताया कि जब नौका नदी के बीच में थी, तब वह पलट गई, जिसके बाद सभी श्रमिक नदी में गिर गए.

### हावड़ा जिले के जूट मिल में लगी आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक जूट मिल में सोमवार को सुबह आग लग गयी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सुबह करीब चार बजकर 50 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है. दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फोरशोर मार्ग पर स्थित मिल के अंदर किसी के फंसे होने या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. आग पर काबू पा लिया गया है. छठ के जुलूस में शामिल जूट मिल के सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय लोगों ने आग देखी.

### कोविड के 18 नए मामले पाए गए

**नयी दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 18 नये मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 186 दर्ज की गयी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 5,33,295 है, जबकि कोरोना वायरस से संक्रमित होने वालों की कुल संख्या 4,50,01,595 है. मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, संक्रमण से उबरने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,44,68,112 हो गयी है.

सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने का अभियान जारी

# श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने की है जरूरत : मोदी

**भाषा। देहरादून**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलक्यारा सुरंग में एक सप्ताह से अधिक समय से फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान का जायजा लेने के लिए सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की. उन्होंने कहा कि आवश्यक बचाव उपकरण और संसाधन केंद्र द्वारा और केंद्रीय व राज्य एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि फंसे हुए श्रमिकों का मनोबल बनाए रखना आवश्यक है. यह तीसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचाव कार्यों के बारे में धामी से बात की.

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि फंसे हुए सभी श्रमिक सुरक्षित हैं, उन्हें लगातार ऑक्सीजन, पौष्टिक भोजन और पानी की आपूर्ति की जा रही है. बचाव अभियान चलाने के लिए सभी एजेंसियां विशेषज्ञों के परामर्श से एक-दूसरे के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रही है. धामी ने कहा कि उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और बचाव कार्यों पर लगातार नजर रख रहे हैं. मुख्यमंत्री ने मोदी को बताया कि श्रमिकों को जल्द से जल्द निकालने के सभी प्रयास जारी है. चिकित्सा टीम भी घटनास्थल पर तैनात हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय की एक टीम भी मौके पर समीक्षा के लिए सुरंग का दौरा करने के बाद अभियान पर नजर रख रही है. 12 नवंबर की सुबह भूस्खलन के बाद सुरंग के कुछ हिस्से ढह जाने के कारण 41 श्रमिक मलबे के एक विशाल ढेर के पीछे फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए अभियान युद्ध स्तर पर जारी है. जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से लगभग 30 किलोमीटर दूर और उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से सात घंटे की दूरी पर सिलक्यारा सुरंग, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'चार धाम ऑल वेदर रोड' परियोजना का हिस्सा है.


सिलक्यारा सुरंग के पास बचाव अभियान में शामिल विशेषज्ञ व अधिकारीगण.

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री मोदी ने बचाव प्रयासों पर धामी से बात की
- चार धाम परियोजना का हिस्सा है सिलक्यारा सुरंग
- बीते 12 नवंबर को सुरंग में फंस गए हैं 41 श्रमिक

### विजय गोयल ने श्रमिकों की सलामती के लिए 'हवन' किया

**भाषा। नयी दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी दर्शन के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की सलामती और सकुशल वापसी को लेकर सोमवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में हवन किया. उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह भूस्खलन के बाद सुरंग का कुछ हिस्सा ढह जाने के बाद 41 श्रमिक मलबे के एक विशाल ढेर के पीछे फंस गए थे. घटना के बाद से ही बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है. जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से लगभग 30 किमी दूर और उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से सात घंटे की दूरी पर स्थित सिल्कयारा सुरंग केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'चार धाम सदाबहार सड़क परियोजना' का हिस्सा है. गोयल ने कहा, हम फंसे हुए 41 श्रमिकों की सलामती और उनकी सकुशल वापसी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं. पूरा देश उनके लिए प्रार्थना कर रहा है. हम अन्य लोगों से भी उनके लिए प्रार्थना करने की अपील कर रहे हैं, क्योंकि वे आम लोग हैं. उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इसके लिए नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं.

### ओडिशा विस के उपाध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल

**भुवनेश्वर।** बीजद विधायक सालुगा प्रधान ने सोमवार को ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया. विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे होना है. उसी दिन विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा. स्वास्थ्य मंत्री निरंजन पुजारी और सत्तारूढ़ दल के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ कंधमाल जिले के जी. उदयगिरि विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक प्रधान ने अपना नामांकन पत्र जमा किया. सत्तारूढ़ दल के आदिवासी नेता प्रधान ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकित करने के लिए मैं पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद देता हूं. मैं यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करूंगा कि विधानसभा ठीक से काम करे. चूंकि विपक्षी दलों ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है और सत्तारूढ़ बीजद को सदन में बहुमत प्राप्त है इसलिए प्रधान का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय है. इससे पहले विधानसभा सचिव ने सभी विधायकों को पत्र लिखकर 21 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए होने वाली बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया था.

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

1. 2026 का 23वां फीफा वर्ल्ड कप किन देशों में होगा?
   – यूएस, कनाडा और मेक्सिको
2. एथिपोथला झरना किस प्रदेश में है?
   – तमिलनाडु
3. प्रयाग किस शहर का पुराना नाम है?
   –इलाहाबाद
4. महाराष्ट्र में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाने वाली उपलब्ध मृदा का प्रकार है?
   –काली मिट्टी
5. 'गीतांजलि' के कवि हैं ?
   –रवीन्द्रनाथ टैगोर
6. भारत के किस राज्य में पवित्र तीर्थस्थल 'अमरनाथ' स्थित है?
   –जम्मू एवं कश्मीर
7. सिद्ध शिलोत्कीर्ण (पत्थर काटकर बनाया गया) कैलाश मन्दिर कहाँ स्थित है?
   –एलोरा
8. ब्रिटिश शासन द्वारा किन स्थानों के बीच प्रथम रेलवे लाइन शुरू की गई थी ?
   – मुंबई से ठाणे के बीच

## पारा शून्य डिग्री से नीचे पहुंचा कश्मीर शीतलहर की चपेट में

**भाषा। श्रीनगर**

श्रीनगर सहित कई स्थानों पर बीती रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चले जाने के कारण सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा. तापमान में गिरावट के कारण कश्मीर में शीतलहर चलने लगी. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी. आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.8 डिग्री से. कम था, जो साल के इस मौसम में सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम है. आईएमडी के मुताबिक, शहर के अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखी गई. रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 12.5 डिग्री से. दर्ज किया गया.

**ओडिशा में आपका स्वागत है...**


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के दौरे पर हैं. सोमवार को उनका स्वागत करते राज्यपाल रघुवर दास.

**सुनवाई** मामला केरल सरकार के विधेयक को राजभवन में लटकाये रखने का

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्यपाल कार्यालय से जवाब मांगा

▪ आठ विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की ओर से देरी किये जाने का आरोप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने में विलंब करने का आरोप लगाने वाली केरल सरकार की याचिका पर आज सोमवार को केंद्र सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के कार्यालय से जवाब तलब किया.

याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल की दलीलों पर गौर किया, जिसमें आठ विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की ओर से देरी किये जाने का आरोप लगाया गया. सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को नोटिस जारी कर कहा कि वह या फिर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुनवाई में उसकी सहायता करें. अदालत अब केरल सरकार की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी.

**विधेयक सात-21 माह से राज्यपाल की मंजूरी के इंतजार में लंबित हैं**

वेणुगोपाल ने अपनी दलील में कहा, राज्यपालों को यह एहसास नहीं है कि वे संविधान के अनुच्छेद 168 के तहत विधायिका का हिस्सा हैं. केरल राज्य ने अपनी याचिका में दावा किया कि राज्यपाल खान राज्य विधानसभा द्वारा पारित आठ विधेयकों पर विचार करने में देर कर रहे हैं. याचिका में कहा गया है कि ये विधेयक सात से 21 महीनों से राज्यपाल की मंजूरी के इंतजार में लंबित हैं. केरल सरकार ने दावा किया कि राज्यपाल विधेयकों पर अपनी मंजूरी रोककर देरी कर रहे हैं और यह लोगों के अधिकारों को निष्प्रभावी बनाना है.



### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, ईडी से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली आबकारी (शराब) नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने आज सोमवार को केंद्र और ईडी को नोटिस जारी कर उनसे 11 दिसंबर से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है. पीठ ने आदेश दिया कि अगर सिंह नियमित जमानत के लिए याचिका दायर करते हैं तो इस पर 20 अक्टूबर को दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में की गयी टिप्पणी से स्वतंत्र रूप से विचार किया जाना चाहिए. संजय सिंह को इस मामले में चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था. उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में मामले में उनकी गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने पर प्रमुख जांच एजेंसी पर राजनीतिक मकसद होने का आरोप नहीं मढ़ सकती.

## हूती विद्रोहियों ने इजराइली जहाज को कब्जे में लिया

**भाषा। यरुशलम**

**खास बातें**

- चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बनाया
- समुद्री मोर्चे पर भी अब युद्ध छिड़ने का अंदेशा

यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल से संबंधित और भारत जा रहे एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया और जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. इस घटना से इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्षेत्रीय तनाव और बढ़ने की आशंका है व इससे समुद्री मोर्चे पर युद्ध छिड़ने का अंदेशा है. ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजराइल से जुड़े होने के कारण जहाज को कब्जे में लिया और वह गाजा के हमास शासकों के खिलाफ इजराइल के अभियान के खात्मे तक अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में इजराइलियों से जुड़े या उनके स्वामित्व वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा. हूतियों ने कहा, इजराइल या उससे जुड़े सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा. हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल 'बल की भाषा' समझते हैं. उन्होंने कहा, इजराइली जहाज को कब्जा में लेना एक व्यावहारिक कदम है, जो अंजाम की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को साबित करता है.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाली में चुनावी रैली को संबोधित किया

## राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार ही सबकुछ : मोदी

**भाषा। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि उसके लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है और वह दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर आंखों पर पट्टी बांध लेती है. मोदी पाली में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, आज पूरा देश विकसित होने का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है. भारत 21वीं सदी में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत बड़ी होगी. इसलिए राजस्थान में ऐसी सरकार जरूरी है, जो उसके विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे. उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से यहां पिछले पांच साल से जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया. यहां की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है. यहां की कांग्रेस सरकार के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है.



### राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक बना दिया : नरेंद्र मोदी

पीएम मोदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर एक बना दिया है. दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांध लेती है. यहां राजस्थान में पांच वर्ष तक दलित परिवारों के साथ हुए अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया है. महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण और उनकी सुरक्षा नहीं कर सकती. मोदी ने यह भी आरोप लगाया, कांग्रेस व इसके 'घमंडिया' साथियों की सोच महिला विरोधी है. राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है.

## वे सिर्फ धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं: प्रियंका

**एजेंसी। जयपुर**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जो लोग धर्म या जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, वे अपने काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकते. प्रियंका ने केकड़ी (अजमेर) में चुनावी जनसभा में सोमवार को यह बात कही. मुख्य विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, धर्म की बात, जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है? जो नेता चुनाव के समय यह बात कर रहा है इसका मतलब है कि इसके आधार पर वोट मांग रहा है. वह कह रहा है कि धर्म या जाति के आधार पर वोट दो, तो इसका मतलब है कि वह काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकता.

**भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह बिखरी हुई है:** उन्होंने लोगों से जागरूकता के साथ और सरकार के काम के आधार पर मतदान करने की अपील की. कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनावी रणभूमि में उतरे हैं जबकि यहां भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह बिखरी हुई है. उन्होंने कहा कि पार्टी के बड़े बड़े स्थानीय नेताओं को किनारे कर दिया गया है. प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की है, वह गरीबों और मध्यम वर्ग के बारे में नहीं सोचती. उन्होंने कहा, आपसे खींचना और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सींचना. यह उनकी नीति है. कांग्रेस नेता ने लोगों से पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए आगाह किया कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर देगी.



### कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटियों की घोषणा की

उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा दी जा रही दस गारंटियों का भी जिक्र किया. कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी. इन सात गारंटियों में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना शामिल है.



### हमने जो वायदे किये, उन्हें निभायेंगे : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में उनकी पार्टी ने जो चुनावी वादे किये हैं उन्हें पूरा किया जायेगा. खड़गे राज्य के सीमावर्ती अनूपगढ़ कस्बे में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, हमने जो वादे किये हैं, उन्हें हम निभाएंगे, उन्हें पूरा करेंगे. राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है. खड़गे ने राज्य में कांग्रेस द्वारा दी जा रही दस गारंटियों के बारे में बताया. कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी.

## मप्र चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**भाषा। छतरपुर (मप्र)**

पुलिस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान एक कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत की घटना के संबंध में छतरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान शुक्रवार को छतरपुर जिले के राजनगर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान सलमान खान नाम के कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत हो गई थी.

पुलिस के मुताबिक, खान को एक वाहन ने कुचल दिया था. कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया था कि खान की मौत दुर्घटना में नहीं हुई, बल्कि यह एक हत्या है. घटना के बाद खजुराहो पुलिस ने 17 नवंबर को राजनगर के भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और पार्टी के 20 अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया. भाजपा ने पुलिस पर कांग्रेस के प्रभाव में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया था. अधिकारी ने कहा कि भाजयुमो के जिला अध्यक्ष नीरव चतुर्वेदी की शिकायत के बाद पुलिस ने रविवार रात कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा और आठ अन्य लोगों के साथ-साथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी.

## हवाई अड्डा विकास का मुद्दा चुनावी मौसम में गरमाया

**राजस्थान चुनाव : कोटा**

**आसिम कमाल। कोटा**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने के साथ कोटा में एक हवाई अड्डे के विकास की मांग गरमाती दिख रही है, लेकिन इस विकास परियोजना के साकार नहीं होने के लिए कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं. कोटा में एक छोटा हवाई अड्डा है, लेकिन नियमित उड़ान सेवाओं के अभाव में केवल वीआईपी या विशेष विमान ही वहां उतरते हैं. यह मुद्दा विशेष रूप से कोटा उत्तर सीट पर प्रचार अभियान में जगह बना चुका है. कोटा में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भरोसेमंद शांति धारीवाल का मुकाबला वसुंधरा राजे के वफादार और भाजपा नेता प्रह्लाद गुंजल से है.



वाणिज्यिक उड़ानों की सेवा प्रदान करने वाले एक नियमित हवाई अड्डे की यहां लंबे समय से मांग होती रही है और यह मुद्दा चुनाव अभियानों में अनिवार्य रूप से जगह बनाता है. यह 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी एक चुनावी मुद्दा था. इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा जेईई और एनईईटी की तैयारी के लिए सालाना दो लाख से अधिक छात्र कोटा आते हैं. इनमें से कई दूर-दराज के इलाकों से यात्रा करते हैं और यहां नियमित हवाई अड्डे के अभाव में उन्हें नयी दिल्ली, जयपुर या उदयपुर के रास्ते कोटा आना पड़ता है. यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहीं आंध्र प्रदेश के कुरनूल की छात्रा सरीना संदीप ने कहा, देशभर से छात्र कोटा आते हैं। कुछ बहुत दूर के राज्यों से आते हैं और जहां से यात्रा करने में बहुत समय लगता है. यह सुविधा (हवाई अड्डा) कोटा में होनी चाहिए.

इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने कहा, अगर हमें घर जाना है, तो हम जल्दी जा सकते हैं और बिना समय बर्बाद किए वापस आ सकते हैं. यहां छुट्टियां भी बहुत कम मिलती हैं. इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर कोटा उत्तर से भाजपा उम्मीदवार गुंजल ने दावा किया कि मंजूरी के बाद राज्य को जो जमीन देनी थी वह नहीं दी गई है. गुंजल ने आरोप लगाते हुए कहा, यह राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी थी. जहां भी हवाई अड्डा बनते हैं, राज्य सरकार जमीन उपलब्ध कराती है.

## तेलंगाना में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाएंगे : केसीआर

**भाषा। मानाकोंडुर (तेलंगाना)**

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कहा कि तेलंगाना क्योंकि भारी मात्रा में धान का उत्पादन करने में सफल हो गया है, इसलिए बीआरएस अगर सत्ता में लौटी तो हर जगह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाएंगे जो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार संसाधन बनेंगे. एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केसीआर के नाम से चर्चित राव ने फिटनेस प्रमाणपत्र प्रणाली को खत्म करने का भी वादा किया. ऑटो रिक्शा चालकों के लिए हर साल यह प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने लोगों की इच्छा के खिलाफ (1950 के दशक में) तेलंगाना का आंध्र प्रदेश में विलय किया था. भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख ने दोहराया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कार्यकाल भूख से मौत, नक्सली आंदोलनों और मुठभेड़ों से ग्रस्त था. उन्होंने याद दिलाया कि जब तक पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामा राव (अविभाजित आंध्र प्रदेश में) सत्ता में नहीं आए और लोगों को दो रुपये प्रति किलोग्राम चावल की पेशकश नहीं की, तब तक केवल भुखमरी का जीवन था. उन्होंने तेलंगाना के लिए एक भी मेडिकल कॉलेज और नवोदय स्कूल को कथित तौर पर मंजूरी नहीं देने के लिए भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# एनिमेशन पाठ्यक्रम से आपको मिल सकते हैं कई कॅरियर ऑप्शन

**एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद**

एनिमेशन को मूवमेंट के रूप में देखा जा सकता है, जिसे स्थिर इमेज को मूवमेंट क्रम में लगातार देखा जाता है. बहुत तेज गति से इमेज को प्रोजेक्ट कर यह इफेक्ट प्राप्त किया जा सकता है, जैसे हर एक सेकंड में 25-30 फ्रेम्स प्रस्तुत करना. यह प्रोजेक्शन किसी सामान्य फिल्म से ज्यादा तेज गति में होता है. इसे ही एनिमेशन कहते हैं.

### एनिमेशन में कॅरियर

डिजिटल दुनिया में एनिमेशन कॅरियर का एक बहुत ही आकर्षक विकल्प है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास अच्छी रचनात्मक और ड्राइंग कौशल है. एनिमेशन उद्योग में पिछले वर्षों में लगातार बढ़ोतरी देखी गयी है.आज पूरी दुनिया में एनिमेशन का बोलबाला है और यह विश्व भर में तेजी से बढ़ रहा है. एनिमेशन के क्षेत्र में भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोजगार की बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं. वर्तमान समय में 40 हजार से भी ज्यादा एनिमेशन एक्सपर्ट की डिमांड है.

### मोबाइल गेम्स में भी एनिमेशन का उपयोग

बहुत सी ऐसी जगहें हैं, जहां पर एनिमेशन का काफी ज्यादा प्रयोग होता है. एक जमाना था, जब इसका प्रयोग सिर्फ हॉलीवुड फिल्मों तक ही सीमित था, लेकिन अब बॉलीवुड फिल्मों से लेकर विभिन्न मोबाइल गेम्स तक में भी इसका प्रयोग होने लगा है. आज के समय में बॉलीवुड फिल्मों में स्पेशल इफेक्ट, विजुअल इफेक्ट, ग्राफिक्स आदि का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ रहा है. इसके साथ ही कई टीवी चैनल पर कार्टून फिल्में ब्रॉडकास्ट की जाती हैं. खासकर बच्चों में ये कार्टून फिल्में काफी लोकप्रिय हैं.

### एनिमेशन कोर्स करें, रोजगार के अवसर की कमी नहीं, ढेर सारे अवसर हैं

फिल्म प्रोडक्शन हाउस, टीवी चैनल, एड एजेंसी, गेम इंडस्ट्री, डिजिटल मेकिंग, फिल्म प्रोडक्शन हाउस, पोस्ट प्रोडक्शन हाउस, वेब इंडस्ट्री जैसे क्षेत्रों में एक्सपर्ट एनिमेटर के लिए रोजगार के बहुत से अवसर मौजूद हैं. अगर आपके अंदर क्रिएटिविटी और टैलेंट है, तो आप आसानी से इस क्षेत्र में जॉब पा सकते हैं. इन सब बातों को देखते हुए हम ये कह सकते हैं कि इन दिनों एनिमेशन में कॅरियर की काफी व्यापक संभावनाएं हैं. साथ ही एनिमेशन कोर्स करने वाले छात्रों के लिए रोजगार की कमी नहीं है.

### एनिमेटर कैसे बनें

एनीमेशन में कॅरियर बनाने के लिए आपको एनिमेशन कोर्स जैसे बीएससी इन एनिमेशन कोर्स, डिप्लोमा इन मल्टीमीडिया एंड एनिमेशन कोर्स, सर्टिफिकेट इन एनिमेशन कोर्स में से आप कोई भी कोर्स कर सकते हैं. इसके बाद आप किसी अच्छे एनिमेशन कोर्स प्रोडक्शन हाउस में इंटर्नशिप करें.



### एनिमेशन कोर्स में कॅरियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल

- रचनात्मकता और कल्पना
- धैर्य और विस्तार पर ध्यान
- ड्राइंग कौशल
- कंप्यूटर साक्षरता और ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर से परिचित होना चाहिए
- ग्राफिक डिजाइनिंग
- वायरफ्रेमिंग
- मोशन ग्राफिक्स
- इंटरेक्शन डिजाइन
- प्रोटोटाइपिंग

### भारत में एनिमेशन के लिए टॉप विश्वविद्यालय

- संत जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल फिल्म एंड फाइन आर्ट इंस्टीट्यूट
- एरिना एनिमेशन
- एफएक्स स्कूल
- माया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड सिनेमैटिक
- पिकासो एनिमेशन कॉलेज
- मायाबियस एकेडमी- स्कूल ऑफ एनिमेशन एंड विजुअल इफेक्ट्स
- जी इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट
- व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट
- टून्ज एकेडमी
- राष्ट्रीय डिजाइन इंस्टिट्यूट
- वेल्लोर प्रौद्योगिकी इंस्टिट्यूट
- बिड़ला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- वोग इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- लल्ली फिल्म इंस्टिट्यूट
- एनिमेशन एंड गेमिंग एकेडमी
- इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट
- एमिटी विश्वविद्यालय
- आईसीएटी डिजाइन एंड मीडिया कॉलेज
- पिकासो इंस्टिट्यूट कॉलेज

### एनिमेटर के कार्य

- मॉडलर क्रिएटर करेक्टर एवं ऑब्जेक्ट का निर्माण करते हैं.
- बनावट कलाकार 3डी व 2डी के ऑब्जेक्ट पर स्किन चढ़ाने का काम करते हैं.
- रिगिंग आर्टिस्ट का काम करेक्टर का मूवमेंट कराना होता है.
- 3 डी एनीमेटर का काम 3डी एनिमेशन को जीवित बनाना होता है, ये बिलकुल रियल लगते हैं.
- 2 डी एनिमेटर कैरेक्टर की स्केच तैयार करते हैं.
- बैकग्राउंड आर्टिस्ट का काम बैकग्राउंड तैयार करना होता है, जो प्रोजेक्ट के अनुसार बनाया जाता है.
- स्टोरी बोर्ड कलाकार का काम स्टोरी के अनुसार कैरेक्टर का निर्माण करना होता है. यह अक्सर आप एनिमेशन मूवी में देख सकते हैं.

### कुछ प्रमुख सॉफ्टवेयर का नॉलेज

#### बैचलर पाठ्यक्रम

- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग इनोवेशन
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट इन एनिमेशन
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग
- बैचलर ऑफ डिजाइनिंग इन एनिमेशन
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन आर्ट्स 2डी व 3डी एनिमेशन
- बैचलर ऑफ क्रिएटिव आर्ट्स
- बैचलर ऑफ इंटरैक्टिव मीडिया फोकस ऑन 2डी एनिमेशन
- बैचलर ऑफ फिल्म टेलीविजन एंड एनिमेशन
- एड्वांस्ड डिप्लोमा इन एनिमेशन
- बीए एनिमेशन (ऑनर्स)
- बीएससी (ऑनर्स) कंप्यूटर एनिमेशन एंड विजुअल इफेक्ट

#### मास्टर्स पाठ्यक्रम

- मास्टर ऑफ आटर्स इन एनिमेशन
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एनिमेशन मोशन ग्राफिक
- एमएससी एनिमेशन एंड वीएफएक्स
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन इलिस्ट्रेशन एनिमेशन
- एमए 3 डी कंप्यूटर एनिमेशन
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एनिमेशन मोशन ग्राफिक
- एमए एनिमेशन
- एमएससी डिजिटल विजुअल इफेक्ट
- एनिमेशन में स्पेशलाइजेशन
- मॉडलिंग
- 2डी और 3डी मॉडलिंग
- विजुअल इफेक्ट्स
- 3डी एनिमेशन
- चित्रण
- ग्राफिक डिजाइन
- गेम डिजाइन
- टेक्सचरिंग

### एनिमेशन में प्रमुख जॉब विकल्प

- **एनिमेटर**
एनिमेटर के रूप में इस क्षेत्र में सबसे पारंपरिक कॅरियर पथ है. तो एक एनिमेटर मूल रूप से एनिमेशन बनाता है और विभिन्न सॉफ्टवेयर प्रोग्राम और चित्रों का उपयोग कर मीडिया के लिए दृश्य प्रभावों की एक श्रृंखला तैयार करता है. वह एक योजनाकार, निर्माता और समन्वयक के रूप में कार्य करता है. मुख्य रूप से एक एनिमेटर वीडियो उद्योग, गेम, विज्ञापन एजेंसियों, चलचित्रों और विशेषज्ञ डिजाइन कंपनियों में काम करता है.

- **3 डी मॉडलर**
3डी मॉडलर आमतौर पर 3डी आकृतियों में दृश्य चित्र और मॉडल बनाते हैं. एक 3 डी मॉडलर एयरोस्पेस, पर्यावरण एजेंसियां, फर्मों, मोटर वाहन उद्योग, रियल एस्टेट, सरकारी संस्थाएं, फोरेंसिक, इंटीरियर डिजाइन फर्म, प्रौद्योगिकी फर्म उद्योगों में काम करता है

- **कैरेक्टर रिगर**
कैरेक्टर रिगर का काम एनिमेशन में कैरेक्टर की ज्योमेट्री और मौलिकता को रेगुलेट करना है. एक कैरेक्टर रिगर अक्सर डिजाइन फर्मों, एनिमेशन स्टूडियो और गेम डिजाइन कंपनियों में काम करता है.

- **एनिमेशन डायरेक्टर**
एनिमेशन डायरेक्टर, एनिमेशन प्रोजेक्ट के संक्षिप्त विवरण को स्पष्ट करता है. वह सुनिश्चित करता है कि टीम जिसमें सहायक और विभिन्न एनिमेटर शामिल हैं, संक्षिप्त जरूरतों के अनुसार काम कर रहे हैं या नहीं.

- **फोरेंसिक एनिमेटर**
एक फोरेंसिक एनिमेटर पुलिस अधिकारियों, फोरेंसिक विशेषज्ञों, सबूतों और चश्मदीदों से ली गई टिप्पणियों से डेटा निकालने की प्रक्रिया में शामिल होता है. ऐसे एनिमेटर आमतौर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों, वकीलों, सरकार, जांच फर्मों या विज्ञान प्रयोगशालाओं के लिए काम करते हैं.

- **गणितीय मॉडलर**
गणितीय मॉडलर का काम एनिमेशन मॉडलिंग में गणितीय त्रुटियों का विश्लेषण और डिबग करना है. कभी-कभी एक गणितीय मॉडलर विभिन्न एनिमेशन संबंधित उद्योगों के लिए नई अवधारणाओं का परिचय देता है.

- **स्टॉप मोशन एनिमेटर**
स्टॉप मोशन एनिमेशन के लिए एक त्रुटिहीन मात्रा में कौशल की आवश्यकता होती है, जिसमें सावधानी, विवरण और धैर्य शामिल होता है. आमतौर पर, इसे क्ले एनिमेशन या क्लेमेशन कहा जाता है. स्टॉप मोशन एक एनिमेटेड फिल्म निर्माण तकनीक है, जिसमें वस्तुओं में फिजिकली हेरफेर किया जाता है. 2डी या 3डी एनिमेटरों के विपरीत, स्टॉप मोशन एनिमेटर को फिजिकल रिग सेट अप करने होते हैं.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)